मौसम

अधि. 17

न्यून. 06


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





11 अल्काराज ने खेला अपना 100वां ग्रैंड स्लैम मौटेट को हराकर की चौथे राउंड में एंट्री












## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक में गडकरी ने दी जानकारी

# सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए वाहन से वाहन संचार के लिए 30 गीगाहट्र्ज़ रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की गई। इस बैठक में सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और अजय टम्टा भी मौजूद रहे। गडकरी ने समिति को बताया कि दूरसंचार विभाग द्वारा वाहन-से-वाहन संचार प्रणालियों के विकास के लिए 30 गीगाहट्र्ज़ रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटित की गई है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और मौतों में कमी आएगी।

बैठक का मुख्य विषय 'सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में कमी लाने के उपाय' रहा, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जान बचाने के लिए बहु-आयामी एवं समन्वित दृष्टिकोण पर बल दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा बढ़ाने और दुर्घटनाएं कम करने के लिए मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी समिति को दी। इसके बाद अवर सचिव (परिवहन) द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें सड़क सुरक्षा के चार स्तंभों- इंजीनियरिंग, प्रवर्तन ▶▶ शेष पेज 5 पर

» सदस्यों ने सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए बहुआयामी उपायों पर जोर दिया




### राज्य एआई आधारित सड़क सुरक्षा प्रयोग साझा करें

गडकरी ने आगे कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप देते समय सड़क सुरक्षा के पहलुओं को समुचित रूप से शामिल किया जा रहा है। उन्होंने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारियों और परियोजना निदेशकों को नियमित रूप से संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति (एमपीआरएससी) बैठकों में भाग लेने और चालू परियोजनाओं में उपयुक्त सड़क सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि एआई-आधारित सड़क सुरक्षा अनुप्रयोग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किए जाएंगे तथा सदस्यों से अपनी चिंताओं और सुझावों पर विस्तृत नोट प्रस्तुत करने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान मंत्री ने सड़क सुरक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### रुपया 91.93 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** डॉलर के मुकाबले रुपया 23 जनवरी को रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।



कंपनियों और आयातकों की तरफ से डॉलर की स्ट्रॉन्ग डिमांड का असर रुपए पर पड़ा। इससे यह गिरकर 91.93 के स्तर पर आ गया। 21 जनवरी को भी रुपए में बड़ी गिरावट दिखी थी। यह 0.2 फीसदी गिरकर 91.74 के लेवल पर आ गया था। 23 जनवरी को डॉलर के मुकाबले 91.43 के लेवल पर खुला। लेकिन, डॉलर की ज्यादा मांग से यह दबाव में आ गया।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तबीयत बिगड़ी

**प्रयागराज।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की तबीयत बिगड़ गई। बताया जा रहा



है कि लगातार ठंड में खुले स्थान पर बैठने के कारण उनकी सेहत पर असर पड़ा है, जिसके चलते वे बीमार हो गए हैं। तबीयत बिगड़ने के बावजूद अब तक किसी चिकित्सक द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण नहीं किया गया है। अनुयायियों और समर्थकों में भी नाराजगी देखी जा रही है। उन्हें डॉक्टर की देखरेख की जरूरत है।

### भोजशाला में सरस्वती की पूजा और नमाज भी

**धार।** मप्र के धार जिले के भोजशाला में शुक्रवार को पड़ी बसंत पंचमी शांति से संपन्न हो



गई। कड़ी सुरक्षा के बीच भोजशाला में मां सरस्वती की पूजा और नमाज कराई गई। इस दौरान किसी भी तरह से विवाद को स्थिति निर्मित नहीं हो पाई। तय संख्या में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने नमाज पढ़ी और भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां सरस्वती की पूजा और हवन जारी रहा। पूर्णाहूति के बाद हवन पूर्ण हुआ और धारवासियों ने चैन की सांस ली। न पत्थर चले न आंसू गैस।

## केरल और तमिलनाडु में गरजे प्रधानमंत्री, राज्यों सरकारों पर साधा निशाना

# एलडीएफ-यूडीएफ ने केरल को भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और तुष्टिकरण की राजनीति के दुष्चक्र में धकेला



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केरल और तमिलनाडु का सघन दौरा कर भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के चुनावी अभियान का बिगुल फूंका। दक्षिण में कमल खिलाने के लिए लंबे समय से कोशिश कर भाजपा एनडीए के अपने सहयोगी दलों के साथ इन दोनों राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करना चाहती है। केरल में हालिया नगर निगम चुनावों में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन और तिरुवनंतपुरम के मेयर पद पर काबिज होने की वजह से पार्टी कार्यकर्ताओं में विधानसभा चुनाव को लेकर जोश से भरे हुए हैं। केरल में प्रधानमंत्री ने मोदी ने एक कार्यक्रम में रेल परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई और कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने इसके उपरांत पार्टी की एक जनसभा में केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास और सुशासन के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर

» *विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने एनडीए के अपने सहयोगियों के साथ कसी कमर*

» *मोदी ने द्रमुक पर परिवारवाद, भ्रष्टाचार, और तमिल संस्कृति को कमजोर करने के लगाए आरोप*




### मुस्लिम लीग-कांग्रेस कट्टरपंथियों को बढ़ावा दे रहे

प्रधानमंत्री मोदी ने केरल में सत्तारुढ़ वाम मोर्चे पर निशाना साधते हुए शबरीमला में सोना गायब होने का मुद्दा तो उठाया ही साथ ही उन्होंने मुस्लिम लीग के साथ कांग्रेस के संबंधों को लेकर उस पर भी हमला बोला और आरोप लगाया कि वह राज्य में कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा दे रही है। इस दौरान उन्होंने कहा, एलडीएफ और यूडीएफ ने अलग-अलग तरीकों से केरल को भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और तुष्टिकरण की राजनीति के दुष्चक्र में धकेल दिया है। भले ही उनके झंडे और प्रतीक अलग हों, लेकिन उनकी राजनीति और एजेंडा लगभग एक जैसे हैं- बेलगाम भ्रष्टाचार, जवाबदेही की कमी और विभाजनकारी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देना। दोनों दल जानते हैं कि हर पांच साल में उन्हें शासन का मौका मिलता है। लेकिन बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं।

### द्रमुक ने तमिल संस्कृति को कमजोर किया, महिला का अपमान किया

तमिलनाडु में एनडीए की रैली में उन्होंने सत्तारुढ़ द्रविड मुनेत्र कझगम यानि द्रमुक पर परिवारवाद, भ्रष्टाचार, महिला अपमान और तमिल संस्कृति को कमजोर करने के आरोप लगाए। मोदी ने कहा कि सत्ता की यह राह राज्य के मूल्यों और विकास को नुकसान पहुंचा रही है। इसके उलट एनडीए को उन्होंने ईमानदारी, महिला सम्मान और सांस्कृतिक गौरव पर आधारित विकल्प बताया।

### *तमिलनाडु भारतीय सभ्यता की रीढ़*

*प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में तमिलनाडु की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का विस्तार से उल्लेख किया। संगम साहित्य, प्राचीन वैज्ञानिक परंपराएं, भव्य मंदिर और आधुनिक तकनीकी योगदान को उन्होंने भारत की सभ्यता की रीढ़ बताया। चेन्नई के निकट चेंगलपट्टू और मदुरांतकम की सभाओं में मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य में तमिलनाडु की भूमिका निर्णायक होगी। केंद्र सरकार द्वारा पिछले ग्यारह वर्षों में राज्य के लिए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व की यूपीए सरकारों ने तमिलनाडु को अपेक्षित संसाधन नहीं दिए। मोदी ने पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के शासन की सराहना करते हुए कानून व्यवस्था को मजबूत करने का श्रेय दिया और वर्तमान दौर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। पोंगल के उत्सव और एमजी रामचंद्रन की जयंती का स्मरण कर उन्होंने स्थानीय भावनाओं से जुड़ने की कोशिश की। हर मंच से उनका संदेश साफ था कि तमिलनाडु बदलाव के लिए तैयार है।*

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एनकाउंटर

# जैश-ए-मोहम्मद का पाकिस्तानी आतंकी ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ हुई



स्पेशल ऑपरेशन के दौरान का दृश्य

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के बिलावर इलाके में शुक्रवार शाम सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के जॉइंट ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकी मारा गया।

इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था, तभी आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई, जिसमें एक आतंकी ढेर हो गया। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और सुरक्षा बल सतर्क हैं। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी की पहचान उस्मान नामक पाकिस्तानी नागरिक के रूप में हुई। यह अभियान बिलवार के इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक टीम ने सेना और सीआरपीएफ के साथ कोऑर्डिनेशन में चलाया। सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आतंकी को ढेर कर दिया। फिलहाल इलाके में तलाशी अभियान जारी है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र माने जाने वाले बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख का ऐलान कर दिया गया है।



टिहरी जिले के नरेंद्र नगर स्थित राजदरबार में शास्त्रों और पंचांग गणना के बाद यह फैसला लिया गया कि बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जाएंगे। राजदरबार में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान महाराजा मनु जयेंद्र शाह ने स्वयं कपाट खुलने की तिथि की घोषणा की। इस मौके पर राजपुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने पंचांग, ग्रह-नक्षत्र और शुभ योगों का अध्ययन कर बताया कि 23 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 15 मिनट का समय कपाट खोलने के लिए शुभ है।

## मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र को दी 31 लाख रुपए की अनुदान राशि

# दीनबंधु चौधरी छोटूराम ने किसान का भाग्य और मजदूर की तकदीर बदली: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दीनबंधु चौधरी छोटूराम के संघर्ष के चलते धरती पुत्र किसान का भाग्य बदला और मजदूर की तकदीर भी बदली। कृषि भूमि की रक्षा, किसान की गरिमा और मेहनतकश की इज्जत ही दीनबंधु चौधरी छोटूराम के जीवन के मूल मंत्र थे। इन्हीं मूल मंत्रों को आधार मानकर डबल इंजन सरकार किसानों का सम्मान और सशक्तिकरण कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ▶▶ शेष पेज 5 पर








## दावोस में भारत की ग्रोथ और टेक्नोलॉजी की महत्वाकांक्षाओं पर ग्लोबल विश्वास

# एप्लिकेशन, मॉडल, चिप, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा से भारत में एआई ग्लोबल की रखी नींव

एजेंसी ▶▶| दावोस (स्विटजरलैंड)

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि, दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक में भारत की ग्रोथ और टेक्नोलॉजी की महत्वाकांक्षाओं पर ग्लोबल विश्वास साफ तौर पर दिखा। उन्होंने लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर ▶▶ शेष पेज 5 पर



### हम सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम बना रहे

सेमीकंडक्टर पर मंत्री ने कहा कि, भारत चिप डिजाइन, फैब्रिकेशन, पैकेजिंग, मटीरियल, गैस और उपकरण को कवर करते हुए एक पूरा सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम बना रहा है। उन्होंने कहा कि इस एकीकृत दृष्टिकोण ने भारत को ग्लोबल सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में एक तेजी से भरोसेमंद पार्टनर के रूप में स्थापित किया है। वैष्णव ने एक्स पर कहा कि ग्लोबल टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल भारत के एआई ईकोसिस्टम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है, जिसमें विशाखापत्तनम (विजाग) में 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एआई डेटा सेंटर प्रोजेक्ट और भारतीय स्टार्टअप्स के साथ पार्टनरशिप का विस्तार शामिल है।

## हाई-प्रोफाइल इलाकों की कर रही थी रेकी

# विदेशी दूतावास की जाली नंबर प्लेट वाली कार में घूमने वाली महिला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्राचं ने एक महिला को दिल्ली में एक विदेशी दूतावास की जाली नंबर प्लेट वाली इनोवा कार में घूमते हुए गिरफ्तार किया है। वह नई दिल्ली के विभिन्न दूतावासों और उच्च सुरक्षा वाले इलाकों का दौरा कर रही थी। गणतंत्र दिवस समारोह से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से उसकी गिरफ्तारी बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार एक गुप्त सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल (एईकेसी) टीम ने महिला को तब पकड़ा जब वह वसंत विहार इलाके में एक विदेशी दूतावास की जाली नंबर प्लेट वाली इनोवा कार चला रही थी। उसकी कार की तलाशी लेने पर उसमें से एक और विदेशी दूतावास की नंबर प्लेट बरामद हुई। जब महिला से गाड़ी के मालिकाना हक के दस्तावेजों के बारे में पूछा गया, तो उसने बताया कि यह एक डिप्लोमैटिक गाड़ी है, लेकिन वह मालिकाना हक के दस्तावेज पेश नहीं कर पाई। शुरुआत में उसने खुद को एक विदेशी दूतावास का प्रतिनिधि बताया, लेकिन उस दूतावास का नाम नहीं बताया। इसलिए उसे गाड़ी के साथ क्राइम ब्रांच के सनलाइट कॉलोनी दफ्तर में विस्तृत पूछताछ के लिए ले जाया गया। विस्तृत पूछताछ के बाद उसने कबूल किया कि वह उस गाड़ी पर एक विदेशी दूतावास की जाली नंबर प्लेट इस्तेमाल कर रही थी। उसने यह भी बताया कि उसने नवंबर 2024 में एक विदेशी दूतावास से वह इनोवा कार खरीदी थी। उसने यह भी बताया कि दूतावास ने उसके खिलाफ चाणक्यपुरी में गाड़ी को अपने नाम पर रजिस्टर न करवाने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। इसलिए उसने उस दूतावास की नंबर प्लेट हटा दीं और रजिस्ट्रेशन नंबर 144 सीडी 54 की जाली नंबर प्लेट बनवाई, जो दूतावास की नंबर प्लेट जैसी दिखती थीं, ताकि वह अलग-अलग जगहों पर पुलिस कर्मियों द्वारा की जा रही चेकिंग से बच सके। अलग-अलग दूतावासों में आसानी से जा सके और डिप्लोमैटिक इलाके में बिना रोक-टोक के घूम सके। गाड़ी की जांच करने पर नंबर प्लेट भी उसी गाड़ी में रखी हुई मिलीं। चूंकि उसने खुद को एक दूतावास का प्रतिनिधि बताया और सरकारी एजेंसियों को धोखा देने और कुछ अन्य गलत इरादों से गाड़ी पर जाली नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया। पुलिस को शक है कि महिला अन्य लोगों के साथ राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल हो सकती है, जिसके लिए मामले की गहन जांच की जा रही है। फिलहाल महिला के खिलाफ 318/319/337/336/340/61(2) बीएनएस 2023 के तहत एक मामला दर्ज किया गया और जांच की जा रही है।

### पुलिस पूछताछ में दूतावास में एक साल काम करने की बात कही

अभी तक की पूछताछ में महिला ने पुलिस को बताया कि वह असम की स्थायी निवासी है और गुवाहाटी में रहती है। वह ग्रेजुएट है। वह पिछले 4 सालों से खुद को एक राजनीतिक पार्टी की अखिल भारतीय सचिव बता रही है। वह यह भी दावा कर रही है कि उसने 2023-24 में एक साल तक विदेशी दूतावास में कंसल्टेंट के तौर पर काम किया और उसे 1.5 लाख रुपये प्रति माह मिलते थे। उसने यह भी दावा किया कि वह यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय में स्पोर्ट्स गाइड के तौर पर काम करती है, जिसके लिए उसे पैसे मिलते थे। अब वह विदेशी छात्रों, खासकर अफ्रीकी नागरिकों को इस यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के लिए कंसल्टेंसी दे रही है और हर स्टूडेंट के एडमिशन पर फीस ले रही है। 15 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद उसे 6 दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेजा गया है। उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है और डिटेल्स का एनालिसिस किया गया है। मामले में उससे विस्तार से पूछताछ की गई है।

## डीएम ऑफिस से पत्रकार की बाइक चोरी

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय परिसर से दिनदहाड़े हिंदी अखबार में कार्यरत पत्रकार की बाइक चोरी कर ली गई। उन्होंने पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस द्वारा उनकी शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है, लेकिन घटना के दो दिन बीतने के बाद भी पुलिस चोर तक नहीं पहुंच पाई है।

पत्रकार भूपेंद्र पांचाल ने बताया कि 21 जनवरी की दोपहर वह डीएम कार्यालय गये थे। मुख्य गेट से एंट्री के बाद उन्होंने अपनी बाइक पार्किंग में खड़ी की थी। इसके बाद वह काम के सिलसिले में कार्यालय के अंदर चले गये। कुछ समय बाद जब वापस आये तो बाइक नजर नहीं आई। परिसर में इधर उधर तलाशने पर भी बाइक का कुछ पता नहीं चल सका। पीसीआर कॉल कर सूचना पुलिस को दी। नंद नगरी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यालय में लगे कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में एक अज्ञात शख्स बाइक ले जाता दिखाई दिया है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पांचाल का कहना है कि इस कार्यालय से पहले भी बाइक व अन्य सामान चोरी होने के कई केस सामने आ चुके हैं।

## अशांति पैदा करने की धमकी देने के लिए पन्नू के खिलाफ एफआईआर दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकवादी घोषित गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ गणतंत्र दिवस से पहले राजधानी में अशांति फैलाने की धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास स्थान, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना और सद्भाव के विरुद्ध हानिकारक कार्य करना), 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक आरोप और दावे), 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्य) और 61 (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पन्नू द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी करने के बाद शुरू की गई थी, जिसमें उसने कथित तौर पर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह से पहले दिल्ली में शांति और कानून व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ने की धमकी दी थी। वीडियो में पन्नू ने दावा किया कि उसके स्लीपर सेल ने अशांति भड़काने की एक बड़ी साजिश के तहत उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के डाबड़ी सहित शहर के कुछ हिस्सों में खालिस्तान समर्थक पोस्टर चिपकाए थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वीडियो सोशल मीडिया मंच पर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया था और इसका उद्देश्य जनता में भय फैलाना और असामंजस्य पैदा करना था। वीडियो की सामग्री उत्तेजक प्रकृति की है और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करती है, खासकर 26 जनवरी से पहले किए गए सुरक्षा उपायों को देखते हुए। वीडियो में किए गए दावों के बाद स्पेशल सेल और स्थानीय पुलिस इकाइयों की कई टीम ने उल्लिखित क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, सत्यापन अभियान के दौरान कोई भी खालिस्तान समर्थक पोस्टर या संबंधित सामग्री नहीं मिली। रोहिणी और डाबड़ी में पोस्टर लगाए जाने के संबंध में पन्नू द्वारा किए गए दावों की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। व्यापक जांच और स्थानीय पुलिस स्टेशनों के साथ समन्वय के बावजूद ऐसे कोई पोस्टर बरामद नहीं हुए हैं। स्पेशल सेल ने कहा कि वीडियो के उद्देश्य, पहुंच और संभावित प्रभाव का आकलन करने के लिए आगे की जांच की जा रही है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर अतिरिक्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों ने राजधानी में निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस का कहना है कि शांति भंग करने के किसी भी प्रयास से कानून के तहत सख्ती से निपटा जाएगा।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 08/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: इज्जतनगर मंडल में वमइं/मुख्या. के अधिकार क्षेत्र में एन.एस.जी.-3 से एन.एस.जी.-6 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिये सुविधाओं का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 2,09,08,525.53, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,54,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 16-02-2026 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),
मुजाधि/डब्लू-428 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


## शाहबाद डेयरी में 150 वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस) के अवसर पर राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं सुगम्य सहायक योजना के तहत शाहबाद डेयरी के ए-ब्लॉक स्थित बारात घर में एक निशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 150 लाभार्थियों को सहायक उपकरणों के सही उपयोग एवं रखरखाव की पूरी विधि विस्तार से समझाई गई तथा मौके पर ही संबंधित अंगों के अनुसार उपकरण फिट किए गए। इस बात की जानकारी समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने दी है। लाभार्थियों ने बताया कि पहले इस प्रकार के कैंप या तो आयोजित नहीं होते थे या उनकी जानकारी समय पर नहीं मिल पाती थी। उन्होंने इस जनकल्याणकारी पहल के लिए मंत्री इंद्राज का आभार जताया। इस अवसर पर मंत्री इंद्राज ने कहा कि यह पहला ऐसा कैंप नहीं है, बल्कि दिल्ली सरकार द्वारा लगातार इस तरह के कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें वरिष्ठ नागरिकों को विशेषज्ञों की सहायता से सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं तथा उनके उपयोग की संपूर्ण जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैंप में बड़ी संख्या में बुजुर्ग लाभार्थी भाग लेते हैं, जो सरकार की इस योजना पर विश्वास को दर्शाता है। इंद्राज ने बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत पात्र एवं जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है, जिससे वे सम्मानजनक, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। कैंप के दौरान लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार व्हीलचेयर, वॉकर, व्हील बेयर कमोड चेयर, श्रवण यंत्र (कान की मशीन), चश्मे, सिलिकॉन फोम तकिया, स्पाइनल सपोर्ट बेल्ट, नी प्रेस, सर्वाइकल कॉलर सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंत्योदय संकल्प तथा माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशों के अनुरूप दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी वरिष्ठ नागरिक आवश्यक सहायक उपकरणों से वंचित न रहे। इसके लिए निरंतर असेसमेंट एवं वितरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मंत्री इंद्राज ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के कैंप आयोजित कर शाहबाद डेयरी सहित आसपास के क्षेत्रों के बुजुर्गों को राष्ट्रीय वयोश्री योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## मुठभेड़ के बाद हिमांशु भाऊ गिरोह के दो बदमाश अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने हिमांशु भाऊ गिरोह के दो बदमाशों को यूईआर-2 पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम विक्की उर्फ मोगली और चंद्रभान बताये गये हैं। दोनों को गुरुवार देर रात हिरण कुदना-दिचाऊं कलां गांव जाने के रास्ते में कार में यात्रा करते समय रोका गया था। इसी दौरान विक्की ने पुलिसकर्मियों पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में पुलिस की गोली लगी। इसके बाद बदमाश को पहले राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में रेफर किया गया है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार हरियाणा के बहादुरगढ़ निवासी विक्की उर्फ मोगली (37) पर हरियाणा पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। रोहतक जिले के महम थाने में दर्ज दोहरे हत्याकांड और सांपला थाने में दर्ज एक अन्य हत्याकांड के मामले में विक्की वांछित है। इसके अलावा, हथियार संबंधी अपराधों और मारपीट सहित कई अन्य आपराधिक मामलों में भी उसका नाम दर्ज है। पुलिस ने बताया कि विक्की हिमांशु भाऊ गिरोह से जुड़े प्रमुख सदस्यों का करीबी सहयोगी है और गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने बताया कि उसके साथी रोहिणी निवासी चंद्र भान (39) को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। विक्की के पास से .32 बोर की पिस्तौल और 12 कारतूस बरामद किए गए, जबकि दूसरे अपराधी से छह कारतूसों के साथ एक देसी कट्टा जब्त किया गया।

## एनयूजे इंडिया ने जर्नलिस्ट्स प्रोटेक्शन फोरम का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




■ 54वें स्थापना दिवस पर मीडिया से संबंधित चुनौतियों पर गोष्ठी की

दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की ओर से नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के 54वें स्थापना दिवस पर 7, जंतर मंतर रोड, नई दिल्ली पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वसंत पचंमी के अवसर पर कार्यालय में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मीडिया से संबंधित चुनौतियों पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबंद्ध एनयूजे (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने 'जर्नलिस्ट्स प्रोटेक्शन फोरम के गठन की घोषणा की। यह फोरम एनयूजे (इंडिया) के दिशा निर्देशन में जर्नलिस्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में देश भर के पत्रकारों के हितों और अधिकारों की रक्षा हेतु कार्य करेगा। एनयूजे अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने बहुत सी नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे में एक पत्रकार के हितों के संरक्षण के लिए कोई विशेष कानून नहीं हैं, जिसकी वजह से देशभर में पत्रकारों के खिलाफ होने वाली घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में 'जर्नलिस्ट्स प्रोटेक्शन फोरम' पत्रकारों के सम्मुख आने वाली चुनौतियों की समीक्षा करते हुए उनके निदान को खोजने का प्रयास करेगा। संगोष्ठी की अध्यक्षता दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश थपलियाल ने की। पत्रकार दधिबल यादव, मनोहर सिंह, अमलेश राजू, प्रतिभा शुक्ल, प्रियरंजन आदि ने संगोष्ठी को संबोधित किया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सिकंदर अली उर्फ साजिद खान** पुत्र हैदर अली, निवासी फ्लैट नं. 806, बी–4 ब्लॉक, जे.पी. ग्रीन्स क्लासिक, सेक्टर–135, नोएडा (उ.प्र.), सेक्टर–39, गाजियाबाद (उ.प्र.) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट. सं. 785/2022 धारा 419/420/411/34 भा.द.स., थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सिकंदर अली उर्फ साजिद खान** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सिकंदर अली उर्फ साजिद खान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट. सं. 785/2022 धारा 419/420/411/34 भा.द.स., थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सिकंदर अली उर्फ साजिद खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **26.02.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: श्री राहुल कटारे,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06 (दक्षिण–पश्चिम)**
**कोर्ट नं. 514,**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/992/DW/2026


## डीडीए की टावरिंग हाईट योजना के लिए आज से एफसीएफएस के तहत शुरू हुए रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की बहुप्रतीक्षित टावरिंग हाइट्स हाउसिंग स्कीम 2026 कड़कड़डूमा के तहत फ्लैट्स की बुकिंग शुक्रवार 23 जनवरी 2026 बसंत पंचमी से पहले आओ पहले पाओ (एफसीएफएस) के आधार पर शुरू हो गई है। हालांकि इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 8 जनवरी 2026 से ही शुरू हो चुकी है, जबकि योजना 31 मार्च 2026 को बंद होगी। डीडीए की पहली सबसे ऊंची इमारत के रूप में टावरिंग हाइट्स हाउसिंग स्कीम 2026 एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा इलाके में ईस्ट दिल्ली हब के तहत आवास बनाए है। जिसमें 741 तैयार यानी रेडी टू मूव इन 2 बीएचके फ्लैट्स शामिल किए है। जिसमें 2 बीएचके फ्लैट्स की कीमत लगभग 1.78 करोड़ से 2.35 करोड़ रुपये के बीच है। फ्लैट बुकिंग के रूप में 4 लाख रुपये ऑनलाइन जमा करने होंगे। जबकि नए आवेदक को रजिस्ट्रेशन शुल्क के लिए 2,500 रुपये अलग से चुकाने होंगे। डीडीए के अनुसार सफल आवेदकों को सभी प्रक्रिया पूरी करते हुए जुलाई 2026 तक फ्लैट का कब्जा देने की पूरी तैयारी है।

## 10 दिन से लापता बच्चे का शव जैतपुर इलाके के नाले से बरामद

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्व जिले के कालिंदी कुंज थाना इलाके से लापता तीन साल के बच्चे का शव शुक्रवार को जैतपुर इलाके के नाले से बरामद हुआ। बच्चा 13 जनवरी से लापता था। पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा केस की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अुनसार 13 जनवरी को राजू नामक शख्स से उनके 3 साल और 4 महीने के बेटे के लापता होने की शिकायत मिली थी। बच्चा खड्डा कॉलोनी, जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट-2 में अपने घर से लापता हो गया था। परिवार द्वारा रिपोर्ट करने में देरी के कारण लापता होने का सही समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच का माना गया। तुरंत एपुआईआर दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने दावा किया कि तुरंत 16 कर्मियों की एक विशेष टीम बनाई गई थी। आस-पास की सड़कों पर लगे 100 से ज्यादा कैमरों का विश्लेषण किया गया। घटना के समय इलाके से गुजरने वाले 80 से ज्यादा ऑटो ड्राइवरों का वेरिफिकेशन किया। घर-घर जाकर पूछताछ भी की गई। इसके साथ ही पड़ोसी थानों (जैतपुर, बदरपुर और पल्ला) के साथ तालमेल बैठाते हुये बस अड्डों पर भी टीम भेजी गई। संगठित अपहरण गिरोहों की संभावना को खत्म करने के लिए दक्षिण-पूर्वी जिला ऑपरेशन टीम को लगाया गया। लेकिन शुक्रवार दोपहर लगभग 2:30 बजे लापता बच्चे का शव उसके घर के पास जैतपुर में एक नाले में मिला। शव पानी में फूला हुआ लग रहा था, जिससे पता चलता है कि वह काफी समय से पानी में डूबा हुआ था। क्राइम टीम और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने भी मौके पर पहुंच निरीक्षण किया है। मेडिकल कार्यवाही हेतु शव को मौत के सही कारण का पता लगाने और किसी भी गलत काम की संभावना को खत्म करने के लिए पोस्टमार्टम के लिए एम्स मुर्दाघर भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की जांच व कार्रवाई की जाएगी।

## अपराधियों के लिए जाली पासपोर्ट बनवाने में शामिल व्यक्ति दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ कोर्ट ने इसी महीने किया था भगोड़ा घोषित

दिल्ली पुलिस ने जेल में बंद कुख्यात अपराधी सलीम पिस्टल समेत संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के लिए जाली पासपोर्ट और फर्जी दस्तावेज बनवाने में शामिल एक भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। इसी महीने की शुरुआत में नयी दिल्ली की एक अदालत ने आरोपी हरदेश उर्फ सोनू को भगोड़ा अपराधी भी घोषित किया था। हरदेश स्पेशल सेल द्वारा दर्ज एक अन्य मामले में भी वांछित था।

पुलिस के अनुसार आरोपी नंदू गिरोह और सलीम पिस्टल गिरोह समेत संगठित आपराधिक समूहों के सदस्यों के लिए जाली पासपोर्ट व फर्जी पहचान पत्र बनवाने में सक्रिय रूप से शामिल था। लगातार तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर हरदेश को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। वह आर्म्स एक्ट, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और पासपोर्ट अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज एक मामले में वांछित था। पूर्व में गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति ने खुलासा किया था कि हरदेश ने उसके और अन्य साथियों के लिए जाली पासपोर्ट बनवाए थे। जांच में पता चला कि हरदेश ने गैंगस्टर सलीम पिस्टल के लिए भी जाली पासपोर्ट बनवाया था और उसके गिरोह को धन मुहैया कराया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी फर्जी दस्तावेज, पहचान पत्र और पासपोर्ट तैयार करता था ताकि गिरोह के सदस्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बच सकें व विभिन्न क्षेत्रों में अवैध आवाजाही सहित अपनी आपराधिक गतिविधियों को जारी रख सकें। हरदेश आनंद विहार के जागृति एन्क्लेव का रहने वाला है और आजकल गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार में रह रहा था। हरदेश की गिरफ्तारी से जाली पासपोर्ट रैकेट, संगठित आपराधिक नेटवर्क और उनके अंतरराज्यीय संबंधों के बारे में खुलासे होने की उम्मीद है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अरुण उर्फ तरूण पुत्र** राजू, **पता:** मकान नं. ए–18 सावन पार्क अशोक विहार फेज–2, **दिल्ली E- FIR No. 18781/2023, U/S: 279/411/201/34 IPC, पुलिस थाना: मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरुण उर्फ तरूण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरुण उर्फ तरूण** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अरुण उर्फ तरूण E- FIR No. 18781/2023, U/S: 279/411/201/34 IPC, पुलिस थाना: मॉडल टाउन, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**हिमांशु सेहलॉथ**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**उत्तर, कोर्ट नंबर 213**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/980/NW/2026
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितिन कुमार, पुत्र श्री मनोहर लाल, निवासी मकान नं. सी–1/301, सी–ब्लॉक, नंद नगरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 256/2020 भा.द.सं. की धारा 356/379/34 के तहत, थाना शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन कुमार** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 256/2020 भा.द.सं. की धारा 356/379/34 के तहत, थाना शकरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नितिन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.04.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पी. भार्गव राव**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, पूर्वी जिला कोर्ट नं.03**
**दूसरी मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/952/ED/2026


### बुद्ध विहार में मुख्यमंत्री ने किया आधुनिक अस्पताल का उद्घाटन

# सरकार और निजी भागीदारी से मजबूत होगी दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सरकार और निजी भागीदारी से दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुद्ध विहार फेज-1 में नोवा नियो अस्पताल के शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकारी प्रयासों के साथ-साथ पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के माध्यम से भी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है, ताकि इसके सकारात्मक और प्रभावी परिणाम सामने आ सकें। सरकार का लक्ष्य है कि दिल्लीवासियों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े और उन्हें अपने ही शहर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने नए अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते हुए विभिन्न वार्डों, जांच विभागों और विशेष चिकित्सा इकाइयों का अवलोकन किया। उन्होंने डॉक्टरों और चिकित्सा स्टाफ से अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नोवा नियो अस्पताल सेवा, संवेदनशीलता और उत्कृष्ट चिकित्सा का नया मानक स्थापित करेगा। साथ ही, दिल्लीवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में सशक्त योगदान देगा। इस अस्पताल की विशेषता नवजात शिशुओं की बीमारी व देखभाल करना है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार राजधानी को मेडिकल हब के रूप में विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए नए और आधुनिक अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है, मौजूदा अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। सरकार का उद्देश्य है कि दिल्ली के हर नागरिक को समय पर, बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। इस अवसर पर उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेंद्र चांदोलिया, रिठाला के विधायक कुलवंत राणा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# दिल्ली में रह-रहकर हुई बारिश प्रदूषित हवा से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इस साल की सर्दियों की पहली बारिश शुक्रवार को दर्ज हुई। सुबह से ही रह रहकर रात तक होने वाली बारिश से जगह जगह हुए जलभराव ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया। वहीं वसंत पंचमी के चलते अधिक संख्या हुए शादी समारोह में भी लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी। जहां एक तरफ बारिश से वायु प्रदूषण में गिरावट हुई, वहीं दूसरी तरफ ठंड एक बार फिर वापसी कर सकती है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बारिश को लेकर चेतावनी जारी की थी जो सही साबित हुई। गुरुवार देर रात से ही दिल्ली में तेज हवाएं ने दस्तक दे दी थी। जबकि गुरूवार- शुक्रवार की देर रात को दिल्ली में इस साल की पहली बारिश ने दस्तक दी। आंधी और तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने दिल्ली में उच्च प्रदूषण स्तर से कुछ समय के लिए राहत दिलाता है। आईएमडी के अनुसार यह बदलाव इस साल के पहले तीव्र पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक सुबह साढ़े आठ बजे तक सफदरजंग में 1.3 मिमी बारिश और पालम में भी 1.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। जबकि रिज में 1.8 मिमी,आया नगर में 1.7 मिमी, लोदी रोड पर 1.6 मिमी, जनकपुरी में 1.5 मिलीमीटर और मयूर विहार में 1.0 मिमी बारिश दर्ज हुई है। आईएमडी के दिन के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली में सुबह से दोपहर से पहले तक एक या दो दौर की बारिश होगी और दोपहर और शाम के बीच एक बार फिर बहुत हल्की से हल्की बारिश का अनुमान है।



बारिश के कारण जाम में फंसे रहे लोग...

वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के पर्यावरण संबंधित समीर ऐप के अनुसार दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 293 रहा जो खराब श्रेणी में आता है। जबकि ठीक एक दिन पहले यानी गुरुवार शाम चार बजे 313 एक्यूआई दर्ज किया गया था। जानकारी अनुसार 23 निगरानी केंद्रों में एक्यूआई अत्यंत खराब, 15 केंद्रों में खराब श्रेणी में और एक में वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में दर्ज हुई। बारिश के बाद एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली है। आईएमडी के अनुसार सफदरजंग वेधशाला ने न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो बीते दिन की तुलना में करीब सात डिग्री सेल्सियस अधिक है। गुरुवार का दिल्ली का न्यूनतम तापमान महज 6.3 डिग्री था जो सामान्य से 1.2 डिग्री नीचे था। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 6.8 डिग्री अधिक है।

## किराड़ी : शर्मा कॉलोनी को जलभराव से मुक्त कराना हमारा संकल्पः चंदोलिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात इलाके में किराड़ी विधानसभा की शर्मा कॉलोनी जलभराव और अन्य शिकायतों के चलते इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। यहां शुक्रवार को क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही शिकायतों को लेकर जमीनी सच्चाई जानने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की शिकायतें व सुझाव सुने और जरूरी सुविधाओं को जनता को साल भर में देने का दावा किया। वहीं, सांसद के निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय विधायक अनिल झा भी अपने समर्थकों के साथ निरीक्षण में पहुंचे और सांसद चांदोलिया को यहां की शिकायतों की जानकारी दी। विधायक अनिल झा ने अपने समर्थकों के साथ 'सांसद जी काम कराओ, डीडीए का नाला पूरा करो, सांसद जी का स्वागत है, डीडीए का नाला पूरा करो। दिल्ली जल बोर्ड की लाइन पूरी करो।' जैसे नारों से सांसद का स्वागत किया और सांसद से डीडीए की भूमि को ठीक कराने और एक इंटरसेक्शन संबंधी कार्य की फाइल को पूरी कराने की बात कही।

सांसद चांदोलिया ने कहा कि हम हंगामे की राजनीति नहीं करते, हम काम की राजनीति करते हैं। किराड़ी के लोग अब भाषण नहीं, समाधान चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार नई है, सोच नई है और अब विकास भी नज़र आएगा। शर्मा कॉलोनी को जलभराव से मुक्त कराना हमारा संकल्प है। निरीक्षण के दौरान जलनिकासी व्यवस्था, सीवर की स्थिति और स्थानीय लोगों की समस्याओं को करीब से देखा गया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शिविर में पहुंच रक्तदाताओं का बढ़ाया उत्साह

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर त्यागराज स्टेडियम में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में सहभागिता कर रक्तदान करने आए लोगों का हौसला बढ़ाया और उनकी सेवा भावना की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने नेता जी को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन हमें देश प्रेम और त्याग की प्रेरणा देता है। उनकी याद में रक्तदान करना मानवता की सेवा का सबसे बेहतरीन तरीका है। कार्यक्रम में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, बड़ी संख्या में आम नागरिक, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस महा रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जहां 1 हजार से अधिक नागरिकों ने अपना पंजीकरण कराया और कुल 900 यूनिट रक्त जमा किया गया। इस नेक काम के लिए मुख्यमंत्री ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और उन्हें सम्मान के तौर पर डोनर किट भेंट की। इस किट में जूट का बैग, कॉफी मग, टी-शर्ट, टोपी और डोनर बैज जैसी चीजें शामिल थीं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर उनकी इस सेवा भावना की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित इस शिविर में लोगों ने बहुत उत्साह दिखाया है। सरकार की छोटी-सी अपील पर ही हजारों लोग रक्तदान के लिए आगे आए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मौसम खराब और बारिश होने के बावजूद लोग इतनी बड़ी संख्या में रक्तदान करने यहां पहुंचे।



## दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में अब होगा जीन थेरेपी से इलाज : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं में एक ऐतिहासिक अध्याय जोड़ते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) और लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में मेडिकल जेनेटिक्स विभाग की स्थापना और डीएम (मेडिकल जेनेटिक्स) की दो सुपर-स्पेशियलिटी सीटों के लिए मंजूरी दे दी है। इस पहल से दिल्ली अब देश के उन चुनिंदा सरकारी केंद्रों में शामिल हो गई है,जहां जेनेटिक्स की एडवांस ट्रेनिंग और टर्शियरी सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह विभाग न केवल आधुनिक चिकित्सा को पब्लिक हेल्थ सिस्टम से जोड़ेगा, बल्कि जन्म से पहले (भ्रूण अवस्था) से लेकर वृद्धावस्था तक के जेनेटिक विकारों का समाधान करेगा। डॉ. पंकज ने कहा कि हमारा लक्ष्य सरकारी अस्पतालों के माध्यम से दिल्ली के हर नागरिक को वर्ल्ड-क्लास स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। जेनेटिक साइंस हमें बीमारियों का जल्दी पता लगाने और उनके सटीक इलाज में मदद करेगा। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि इस पहल से जेनेटिक स्पेशलिस्ट की स्किल्ड वर्कफोर्स की नई पीढ़ी तैयार करने में भी मदद मिलेगी, साथ ही जटिल और दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के लिए एडवांस केयर की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। डॉ. पंकज ने कहा कि मेडिकल जेनेटिक्स डिपार्टमेंट की स्थापना दिल्ली के हेल्थ केयर सिस्टम के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। एडवांस्ड डायग्नोस्टिक्स, जीन-आधारित थेरेपी और स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग के साथ हम सटीक और निवारक चिकित्सा की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं, जो शुरुआती स्टेज में ही लोगों की जिदगी बदल सकती है।

## गणतंत्र दिवस पर सुबह तीन बजे से चलेगी मेट्रो

**नई दिल्ली।** आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 सोमवार को दिल्ली मेट्रो रेल सेवाएं प्रात 3 बजे से प्रारंभ होंगी। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली मेट्रो सेवाएं प्रात 3 बजे से प्रारंभ होंगी। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर जब पूरा राष्ट्र, पूर्ण उत्साह के साथ आयोजनों में शामिल होगा। वहीं दिल्ली मेट्रो 26 जनवरी 2026 सोमवार को अपनी सभी लाइनों पर सुबह 3 बजे से अपनी सेवाएं शुरू कर देगी। दयाल ने बताया कि यह विशेष व्यवस्था कर्तव्य पथ तक लोगों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने तथा उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह देखने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। दयाल ने बताया कि इस अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए, सुबह 6 बजे तक ट्रेनों का संचालन हर 15 मिनट के अंतराल पर किया जाएगा।

## दिल्ली में जल संकट के बीच मुनक नहर को बंद करना भाजपा सरकार की बड़ी गलती : सौरभ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ने से दिल्ली में गहराते जल संकट के लिए भाजपा सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार बताया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में भीषण जल संकट होने के बावजूद मरम्मत के लिए मुनक नहर को बंद करना बहुत बड़ी गलती है। भाजपा सरकार का कहना है कि 4 फरवरी तक दिल्ली की 60 फीसद आबादी को जल संकट से जूझना पड़ेगा। क्योंकि हरियाणा के इंडस्ट्रियल इकाइयों से यमुना में ज्यादा अमोनिया आ रहा है। इसके चलते वजीराबाद व चंद्रावल प्लांट बंद करने पड़े हैं। वहीं, मुनक नहर बंद करने से 326 एमजीडी पानी का और नुकसान हुआ है। यही दिल्ली में जल संकट बढ़ने का बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि जब 'आप' सरकार यही बात कहती थी, तब एलजी और भाजपा अपनी हरियाणा सरकार का बचाव करने लगते थे और कहते थे कि आम आदमी पार्टी राजनीति कर रही है। सौरभ ने कहा कि दिल्ली में एक बड़ा जल संकट खड़ा हो गया है। दिल्ली की करीब 50 से 60 फीसदी आबादी के लिए आने वाली 4 फरवरी तक जल संकट बना रहेगा।



**खबर संक्षेप**

## बेटी की हत्या के मामले में पिता गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** गांव झाड़सेंतली में अपनी साढ़े चार साल की बेटी की हत्या करने के मामले में पिता कृष्णा जैसवाल निवासी गांव खेरटीया जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश हाल किराएदार गांव झाड़सेंतली को क्राईम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अनुसार गांव झाडसेंतली निवासी एक महिला ने थाना सेक्टर 58 में दी अपनी शिकायत में बताया कि 21 जनवरी को उसके पति कृष्णा जैसवाल ने उसकी साढ़े चार वर्षीय बेटी की पीटकर हत्या कर दी।

## मारपीट करने के मामले में 3 आरोपी पकड़ाएं



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने पेट्रोल पम्प के मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भगवान सिंह निवासी गांव मंझावली ने थाना छांयसा में दी अपनी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को वह अपने दोस्त के साथ इंडियन आयल पेट्रोल पंप नजदीक घरोडा पहुंचे तो रास्ते में धीरेन्द्र व उसके 10-12 अन्य साथियों ने उनकी मोटरसाईकिल रुकवाकर और उसके साथ मा की।

## गाजियाबाद में हादसा भाई-बहन नाले में गिरे



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर में शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर जैसा मामला प्रकाश में आया है। यहां स्कूटी से जा रहे भाई बहन अचानक दिल्ली मेरठ रोड पर दोनों हाइवे के बीच में बने नाले में जा गिरे, जिन्हें स्थानीय लोगो ने नाले से निकलकर अस्पताल में भर्ती कराया है। जिसमें भाई मामूली रूप से घायल है और उसकी बहन की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों हाइवे के नीचे से नाला बहता है और हाइवे में गैप है उसकी गैप में गिरे है। नगर की सुदामापुरी कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय युवक अजय सक्सेना गुरुवार रात अपनी छोटी बहन साक्षी के साथ स्कूटी से मोदी मंदिर के पास एक रेस्टोरेंट में डिनर करने गए थे। रात करीब 10 बजे वह लौट रहे थे।

# जीडीए की नीलामी में 11 प्रॉपर्टियों की लगी बोली, 429 करोड़ रुपये की होगी अनुमानित आय

### आवासीय, व्यावसायिक, स्कूल एवं ग्रुप हाउसिंग भूखंडों पर बोलीदाताओं की रही विशेष रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की नीलामी में 11 प्रॉपर्टियों की नीलामी की गई। जिससे जीडीए को 429 करोड़ की अनुमानित आय होगी। नीलामी प्राधिकरण के सभागार कक्ष में विभिन्न योजनाओं के रिक्त आवासीय, व्यावसायिक, स्कूल एवं ग्रुप हाउसिंग भूखंडों की नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

यह नीलामी जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें बोलीदाताओं ने अत्यंत उत्साह एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ भाग लिया। नीलामी के माध्यम से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को लगभग 234.11 करोड़ की आय होने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 08 जनवरी, 2026 को आयोजित नीलामी में 11 संपत्तियों के माध्यम से लगभग 194 करोड़ की आय प्राप्त हुई थी। इस प्रकार जनवरी माह में आयोजित दोनों नीलामियों से जीडीए को कुल मिलाकर लगभग 429 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय आय होने की संभावना है।



आज आयोजित नीलामी में आवासीय, व्यावसायिक, स्कूल तथा ग्रुप हाउसिंग श्रेणी के भूखंड शामिल रहे। विशेष रूप से शास्त्री नगर योजना के आवासीय भूखंडों पर निवेशकों ने असाधारण रुचि दिखाई। शास्त्री नगर योजना की बागवाली कॉलोनी में स्थित दो आवासीय भूखंड, जिनका रिज़र्व प्राइस 60हजार प्रति वर्गमीटर निर्धारित था, वे क्रमशः 2लाख 20,000 एवं 2लाख 60,हजार प्रति वर्गमीटर की उच्च दरों पर विक्रय हुए।

इसी प्रकार कोशांबी योजना के आवासीय भूखंड, जिनका रिज़र्व प्राइस 93,000 प्रति वर्गमीटर था, वे 1,61,000 एवं 1,95,000 प्रति वर्गमीटर की दर से बिके। वैशाली योजना में स्थित 4000 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले स्कूल भूखंड का रिज़र्व प्राइस 92,000 प्रति वर्गमीटर निर्धारित था, जो 95,500 प्रति वर्गमीटर की दर से लगभग 3.82 करोड़ में नीलाम हुआ। नीलामी का प्रमुख आकर्षण कोयल एन्क्लेव योजना के दो ग्रुप हाउसिंग भूखंड रहे, जिनका रिज़र्व प्राइस 60,000 प्रति वर्गमीटर था। ये भूखंड क्रमशः 60,400 एवं 60,450 प्रति वर्गमीटर की दर से बिके, जिससे प्राधिकरण को लगभग 158.03 करोड़ की आय प्राप्त हुई।

इसके अतिरिक्त इन्द्रप्रस्थ योजना, पॉकेट-डी में स्थित 4353 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले ग्रुप हाउसिंग भूखंड का रिज़र्व प्राइस 43,500 प्रति वर्गमीटर था, जो 56,500 प्रति वर्गमीटर की दर से लगभग 24.59 करोड़ में विक्रय हुआ। वहीं इसी योजना के पॉकेट-ई में स्थित 195-195 वर्गमीटर के दो व्यावसायिक भूखंड 62,000 प्रति वर्गमीटर की दर से लगभग 1.20 करोड़ प्रति भूखंड में नीलाम किए गए। यह नीलामी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की पारदर्शी कार्यप्रणाली, सुव्यवस्थित नीतियों एवं योजनाओं के प्रति निवेशकों के बढ़ते विश्वास को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

नीलामी के माध्यम से प्राधिकरण को अपेक्षा से अधिक प्रतिफल प्राप्त हुआ है, जो भविष्य की नीलामियों के लिए अत्यंत सकारात्मक संकेत है।

### होटल, धर्मशाला, बस स्टैंड इत्यादि प्रमुख स्थानों पर भी की गई कांबिंग

# गणतंत्र दिवस के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस सतर्क सुरक्षा के दृष्टिगत थाना स्तर पर की गई सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आगामी गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से फरीदाबाद पुलिस द्वारा जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस आयुक्त फरीदाबाद के निर्देशानुसार 23 जनवरी को अल सुबह जिले में थाना स्तर पर कांबिंग की गई साथ ही होटल, धर्मशाला, बस स्टैंड व अन्य प्रमुख स्थानों पर जांच की गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना स्तर पर गठित पुलिस टीमों द्वारा संवेदनशील स्थानों, बस स्टैंड, कॉलोनियों, औद्योगिक क्षेत्रों ढाबों, होटलों, धर्मशाला तथा सार्वजनिक स्थलों पर गहन जांच की गई।

जिसका मुख्य उद्देश्य अपराधियोंए संदिग्ध व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है। इस दौरान पुलिस टीमों ने किरायेदारों एवं घरेलू सहायकों का सत्यापन, होटल धर्मशाला में ठहरे हुए व्यक्तियों का सत्यापन, वाहनों की जांच तथा सार्वजनिक स्थानों पर जांच की। होटलए धर्मशाला, गेस्ट हाउस संचालकों को निर्देशित किया गया है कि होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस में ठहरने वाले व्यक्तियों के संपूर्ण दस्तावेज प्राप्त किया जाए तथा रजिस्टर में इंद्राज किया जाए। फरीदाबाद पुलिस आमजन से अपील करती है।

**खास बातें**
- पुलिस टीम ने बस स्टैंड, होटलो, धर्मशाला तथा सार्वजनिक स्थलों पर गहन जांच की गई
- गेस्ट हाउस संचालकों को निर्देशित किया



### गणतंत्र दिवस पर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त होंगे नमो भारत स्टेशनों पर

**गाजियाबाद।** 77वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर नमो भारत ट्रेन स्टेशनों पर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त रहेंगे। इस अवसर पर अशोक नगर एवं आनंद विहार नमो भारत स्टेशनों पर पार्किंग सुविधाएँ 25 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे से 26 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे तक बंद रहेंगी। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ कॉरिडोर के सभी नमो भारत अशोक नगर एवं आनंद विहार नमो भारत स्टेशनों पर पार्किंग सुविधाएँटेशनों पर सुरक्षा जांच को और कड़ा किया गया है। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी अनुसार बनाएं तथा स्टेशनों और पार्किंग क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा जांच को ध्यान में रखते हुए यात्रा के लिए अतिरिक्त समय अवश्य रखें।

### मृतक युवक मेहताब के परिजनों ने सिटी थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई

# अप्राकृतिक कृत्य करने से इनकार करने पर दोस्त की हत्या कर शव दिल्ली में फेंका, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में एक ऐसा मामला प्रकाश में आया जिससे हर कोई सन्न रह गया। यहां दो दोस्तों ने अप्राकृतिक कृत्य करने से इनकार करने पर अपने ही दोस्त की हत्या कर शव को दिल्ली इलाके में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों आरोपी दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के नाम हर्षित पटेल व नीरज है। नीरज एलेक्ट्रीशन है जबकि हर्षित पटेल ऑटो चालक है।

मामला पूजा कालोनी का है। मृतक युवक मेहताब के परिजनों ने मामले में ट्रॉनिका सिटी थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के पूजा कॉलोनी में रहने वाला ऑटो चालक घर से लापता हो गया था। कुछ समय बाद ऑटो चालक का शव दिल्ली में मिला था। सब मिलने के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या होना सामने आया था।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक ऑटो चालक को वह ऑटो में बिठाकर ले गए थे। ऑटो में दोनों दोस्तों ने मृतक से अप्राकृतिक कृत्य करने के लिए बोला। ऐसा न करने पर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी।

### 11 जनवरी को जयपुर के स्टूडियो में ग्रैंड फिनाले का आयोजन हुआ था

# मिसेज इंडिया द गॉडेस सीजन-3 के ग्रैंड फिनाले में ग्रेटर फरीदाबाद की मनीषा अग्रवाल ने मिसेज फेयरलेस फ्लेम 2026 का खिताब अपने नाम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जयपुर के भव्य अनंत महल होटल में आयोजित मिसेज इंडिया द गॉडेस सीजन-3 के ग्रैंड फिनाले में ग्रेटर फरीदाबाद की मनीषा अग्रवाल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उन्होंने फाइनलिस्ट सूची में स्थान बनाते हुए मिसेज़ फेयरलेस फ्लेम 2026 का खिताब अपने नाम किया। यह सफलता नारी शक्ति, आत्म विश्वास और गरिमा का सशक्त परिचय है। मधुकमल मोशन पिक्चर्स द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ने यह



सिद्ध किया कि आधुनिक भारतीय नारी केवल सौंदर्य की प्रतीक ही नहीं, बल्कि आत्मबल, बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता का सशक्त स्वरूप भी है।

प्रतियोगिता के अंतर्गत 7 से 10 जनवरी तक चार दिवसीय कठोर एवं अनुशासित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें देशभर से चयनित 40 प्रतिभाशाली महिलाओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि पूरे देश में लगभग 600 ऑडिशन के बाद इन 40 प्रतिभागियों का चयन किया गया। 11 जनवरी को जयपुर स्थित जी स्टूडियो में ग्रैंड फिनाले का आयोजन हुआ। अंतरराष्ट्रीय ज्यूरी पैनल में मिस वल्ड बुल्गारिया 2025 थियोडोरा मिल्टेनोवा और मिस ग्रैंड इंटरनेशनल मिलेशा लिन शामिल रहीं। फिनाले के दौरान मनीषा अग्रवाल ने अपने गरिमामय व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को विशेष रूप से प्रभावित किया। वे 600 प्रतिभागियों में से गोल्ड श्रेणी की फाइनलिस्ट रहीं और प्रतिभा दौर में मिसेज फेयरलेस फ्लेम के सम्मान से नवाजी गईं।

### सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर पुष्पांजलि अर्पित की

# आरडब्ल्यूए प्रोग्रेसिव ने महान नायक क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आरडब्ल्यूए प्रोग्रेसिव सेक्टर-2 फरीदाबाद ने शुक्रवार को आजादी के महान नायक क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बनाई। उन्होंने उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनरल सेक्रेटरी वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि आज का दिन ऐतिहासिक है। आज के दिन ही 23 जनवरी 1897 को स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस का जन्म उड़ीसा के कटक जिले में हुआ था। इनके पिताजी का नाम जानकी नाथ बोस था। माताजी का नाम प्रभावती देवी था। इनके पिताजी कटक शहर के मशहूर वकील थे। सुभाष चंद्र बोस ने 1920 में भारतीय सिविल सर्विस सेवा पास की यह परीक्षा उस समय इंग्लैंड में आयोजित होती थी। इस परीक्षा में उन्हें चौथा रैंक प्राप्त हुआ। उसके बाद इन्होंने भारत में सिविल सेवा ज्वाइन की। लेकिन देश की आजादी के आंदोलन में भाग लेने के लिए इन्होंने 21 अप्रैल 1921 में इस सेवा से इस्तीफा दे दिया और देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया।

### प्रथम कैरिओके सिंगर्स डाइरेक्टरी को मिली मान्यता

# पवन शर्मा बने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अचीवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

लेखक एवं कैरिओके सिंगर पवन शर्मा को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने प्रथम कैरिओके सिंगर्स डाइरेक्टरी स्वर संग्रह के लिए आईबीआर अचीवर की उपाधि से सम्मानित किया है। आईबीआर ने स्वर संग्रह डायरेक्ट्री को अपनी रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया है, जो कि देश के सभी कैरिओके सिंगर्स एवं संगीत-प्रेमियों के लिए गौरव की बात है। पवन शर्मा को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अचीवर' के रूप में सम्मान स्वरूप सर्टिफिकेट, मेडल और आइडेंटिटी-कार्ड प्रदान किया गया है।



आई.बी.आर. भारत में असाधारण और उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है जो कला, शिक्षा, खेल, साहसिक कार्य और अन्य क्षेत्रों में मानवीय उत्कृष्टता को दर्ज करता है, ताकि उनकी प्रतिभा को दुनिया के सामने लाया जा सके। यह एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से संबद्ध है, जिससे रिकॉर्ड धारकों को एशियाई स्तर पर भी पहचान मिलती है। गुरुग्राम के आर्टिमिस ऑडिटोरियम में इस डाइरेक्टरी का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में दिल्ली एनसीआर के जाने-माने सिंगर्स, ऑर्गेनाइज़र्स एवं संगीत प्रेमियों के अलावा प्रतिष्ठित हस्तियां भी शामिल हुई थीं जिन्होंने इस अभूतपूर्व प्रकाशन की मुक्त कंठ से सराहना की थी। लेखक ने अपनी इस संकल्पना का स्वयं ही संकलन, संपादन एवं प्रकाशन भी किया है, जिसमें दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाज़ियाबाद एवं फरीदाबाद क्षेत्र के कैरिओके सिंगर्स, ऑर्गेनाइज़र्स, ऑडिटोरियम और स्टूडियो के उपयोगी विवरण के अलावा अनेक महत्वपूर्ण लेखों एवं जानकारियों का भी समावेश किया है। पवन शर्मा ने कहा कि गायकी हमारी कला एवं संस्कृति का अभिन्न अंग होने के साथ-साथ देश एवं दुनिया की एक उभरती हुई हॉबी भी है, जिसका कोई नकारात्मक पक्ष नहीं है।

### कार्यक्रम की अध्यक्षता सैयद फ़रज़ान रिज़वी करेंगे

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुबई कवि सम्मेलन में शिरकत करेंगी डॉ. रमा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुबई एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक उत्सव का केंद्र बनने जा रहा है। शनिवार, 31 जनवरी 2026 को प्रतिष्ठित मोवनपिक ग्रैंड अल बुस्टान, दुबई में 24वां भारतीय गणतंत्र दिवस कवि सम्मेलन एवं मुशायरा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश-विदेश की जानी-मानी साहित्यिक हस्तियां सहभागिता करेंगी।

पिछले चौबीस वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह सम्मेलन भारत के बाहर हिंदी-उर्दू कविता का एक विश्वसनीय और सम्मानित मंच बन चुका है। यह आयोजन भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक परंपराओं और भाषाई सौहार्द का उत्सव है, जो विश्व के विभिन्न कोनों में बसे साहित्य प्रेमियों को एक सूत्र में पिरोता है। इस अंतरराष्ट्रीय काव्य संध्या की विशेष बात यह है कि प्रख्यात कवयित्री डॉ. रमा सिंह दुबई कवि सम्मेलन में प्रमुख रूप से शिरकत करेंगी। उनकी सशक्त रचनात्मक उपस्थिति से यह आयोजन और भी गरिमामय तथा यादगार बनने की उम्मीद है।



साहित्य जगत में उनकी विशिष्ट पहचान और संवेदनशील काव्य दृष्टि श्रोताओं के लिए विशेष आकर्षण होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सैयद फ़रज़ान रिज़वी करेंगे, जबकि कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का कुशल और सशक्त संचालन प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. डॉ. नय्यर जलालपुरी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित कवि और शायर अपनी रचनाओं के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक आत्मा को स्वर देंगे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज चौधरी, पुत्रः** स्व. हजारी चौधरी, **पताः** डी–382, शहीद सुखदेव नगर, डब्ल्यूपीआईए, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 545/2022 U/s 27 NDPS ACT, थानाः अशोक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज चौधरी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज चौधरी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 545/2022 U/s 27 NDPS ACT, थानाः अशोक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पंकज चौधरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उपासना सतीजा
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी
कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/997/NW/2026
(Court Matter)

### 3 टीमें 36 घंटे तक बच्चों की तलाश करती रहीं

# ट्यूशन के बजाए प्रयागराज माघ मेला घूमने निकले बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

5 छात्रों को माघ मेला घूमने का ऐसा शौक चढ़ा की सभी ट्यूशन छोड़कर प्रयागराज चल दिए।

21 जनवरी की शाम को घर से ट्यूशन के लिए निकले ये बच्चे रात तक वापस नहीं लौटे, जिसके बाद उनके माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

फरीदाबाद पुलिस की 3 टीमें 36 घंटे तक बच्चों की तलाश करती रहीं। पुलिस के साथ बच्चों के माता-पिता भी हाथ में फोटो लिए दिल्ली से मथुरा, वृंदावन तक उन्हें खोजते रहे। हालांकि, बच्चे खुद ही गुरुवार शाम को अपने घर लौट गए। पुलिस का कहना है कि बच्चे प्रयागराज जाने के बजाय कानपुर तक ही गए थे, जिसके बाद ट्रेन से वापस फरीदाबाद आ गए। पांचों बच्चों की उम्र 12 से 16 साल के बीच है। पल्ला थाना इलाके के हनुमंत नगर के 5 बच्चे 21 जनवरी की शाम करीब 5 बजे अपन-अपने घर से ट्यूशन के लिए निकले थे, लेकिन सभी फरीदाबाद से प्रयागराज की ट्रेन में बैठ गए।

### एक लाख रुपए नहीं लौटाने पर भाई ने बनाया दबाव

# थाने में व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ निगला, पत्नी बोली, पिटाई से डरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एक व्यक्ति ने ओल्ड फरीदाबाद थाने में पूछताछ के दौरान जेब से चूहे मारने की दवा निकालकर खा ली। तबीयत बिगड़ने के बाद व्यक्ति को बादशाह खान सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया।

व्यक्ति की पत्नी का आरोप है कि पति ने अपने भाई से 2 लाख रुपए का कर्ज लिया था। एक लाख रुपए लौटा दिए थे, बाकी रुपए लौटाने का वह दबाव बना रहे थे। उन्होंने पति के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। पहले भी थाने में पति के साथ मारपीट हुई थी। इसी डर से उन्होंने जहर खा लिया।

क्या कहते है एसीपी एसीपी संजीव का कहना है कि पंकज पर उसके भाई की पत्नी ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का केस दर्ज कराया था। इसी केस में उसे पूछताछ के लिए पहली बार थाने बुलाया गया था। पैसे के लेनदेन की कोई बात सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भूड़ कालोनी में किराए के मकान में रहने वाले महिला ने बताया कि पति पंकज शर्मा ने करीब डेढ़ साल पहले अपने भाई रामबाबू ज्ञानेंद्र से 2 लाख रुपए का कर्ज लिया था। उसके पति एक प्राईवेट कपंनी में काम करते हैं। 2 लाख में से एक लाख रुपए वापस लौटा चुके है, लेकिन पिछले कई महीनों से उसके पति को बकाया एक लाख रुपए के लिए बहुत ज्यादा परेशान किया जा रहा था। पत्नी का आरोप है कि रामबाबू ज्ञानेंद्र और उसकी पत्नी मंजू पैसे की मांग को लेकर पंकज को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इसी को लेकर उन्होंने ओल्ड फरीदाबाद थाने में शिकायत दी थी। जिसके बाद पंकज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। महिला का यह भी आरोप है कि इससे पहले जब वे थाने गए थे, तब एक पुलिसकर्मी ने पंकज के साथ मारपीट की थी। महिला ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस के बुलाने पर पंकज, अपनी मां और उसके साथ थाने गए थे। पंकज को डर था कि पुलिस आज भी उसके साथ मारपीट करेगी। इसके डर से उसने थाने के अंदर ही जहर निगल लिया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जोकिन थॉमस उर्फ जोकिन, पुत्रः जॉन थॉमस, निवासीः मकान नंबर–के–112, गली नंबर–10, तीसरी मंजिल, किशन कुंज, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092** ने **FIR No.: 261/2022, U/s: 25 Arms Act, पुलिस थाना शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जोकिन थॉमस उर्फ जोकिन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जोकिन थॉमस उर्फ जोकिन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना शकरपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **जोकिन थॉमस उर्फ जोकिन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.04.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
जेएमएफसी–05, पूर्वी जिला,
कमरा नंबर 03, दूसरी मंजिल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/961/ED/2026

खबर संक्षेप

## यूपी में पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी शुरू

**लखनऊ।** यूपी पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी शुरू हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव से




कार्यक्रमों को अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के 75 जिलों में करीब 60 करोड़ मतपत्र पहुंचने लगे हैं। निर्वाचन आयोग मतदाता पुनरीक्षण की पहली सूची जारी कर चुका है। दावे-आपत्तियों का निस्तारण किया जा रहा है। 28 मार्च को अंतिम सूची के बाद आयोग बैठक में तारीखों पर फैसला लिया जाएगा।

## जम्मू हादसे में बिहार के लाल हरे राम कुंवर शहीद

**आरा।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में ड्यूटी के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में बिहार के भोजपुर के वीर सपूत



हरे राम कुंवर देश सेवा करते हुए शहीद हो गए। उनकी शहादत की खबर मिलते ही भोजपुर में शोक की लहर दौड़ गई। गांव से लेकर शहर तक हर कोई गमगीन है और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। शहीद हरे राम कुंवर भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नथमलपुर गांव के निवासी थे।

## रांची में सरस्वती पूजा पर 1000 जवान तैनात

**रांची।** सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर रहे। सरस्वती पूजा की सुरक्षा को लेकर जिले में एक हजार अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई। जवानों की तैनाती विसर्जन तक के लिए किया गया है। इसमें महिला पुलिस बल भी शामिल है। खासकर छेड़खानी की वारदातों को रोकने के लिए शक्ति कमांडो को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया है।

# ओडिशा में आयुष्मान भारत पर योगी सरकार के डिजिटल नवाचारों की गूंज

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को आयुष्मान भारत योजना में डिजिटल नवाचारों के लिए भुवनेश्वर में आयोजित चिंतन शिविर में सराहा गया। 'आयुष्मान सारथी' ऐप, 'आयुष एआई चैटबॉट' और 'आयुष्मान संपर्क' जैसे डिजिटल प्रयासों ने लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाना आसान किया है। 'आयुषमैन' कॉमिक्स से जागरूकता बढ़ी है, जिससे सेवाओं तक पहुंच और उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

आयुष्मान भारत योजना में उत्तर प्रदेश सरकार के डिजिटल नवाचारों की गूंज अब अन्य राज्यों में भी सुनाई दे रही है। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' में योगी सरकार की डिजिटल पहलों की जमकर सराहना की गई।

इस शिविर में आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा के साथ राज्यों के सफल मॉडल और बेस्ट प्रैक्टिस साझा किए गए। शिविर में 'आयुष्मान सारथी' मोबाइल ऐप, 'आयुष एआई चैटबॉट', 'आयुष्मान संपर्क' ओपीडी अपॉइंटमेंट सिस्टम और "आयुषमैन" सुपरहीरो कॉमिक्स जैसी पहलों को लाभार्थियों तक आसान और प्रभावी तरीके से सेवाएं पहुंचाने वाला बताया गया।

### 'आयुष्मान सारथी' ऐप ने अस्पताल खोजना आसान किया



### डिजिटल प्रयासों से लाभार्थियों का अनुभव बेहतर हुआ

इन नवाचारों से अस्पताल खोजने, जानकारी प्राप्त करने और ओपीडी अपॉइंटमेंट बुक करने की प्रक्रिया सरल हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस शिविर में बताया गया कि उत्तर प्रदेश के डिजिटल प्रयासों से लाभार्थियों का अनुभव बेहतर हुआ है। प्रतीक्षा समय घटा है और योजना के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इसे आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का सफल मॉडल माना गया। एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि डिजिटल नवाचार में 'आयुष्मान सारथी' मोबाइल एप्लिकेशन प्रमुख है, जो लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पताल खोजने की सुविधा देता है। ऐप के माध्यम से लोग अपने आसपास के पैनल अस्पतालों की जानकारी आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में लाभार्थियों के सवालों का त्वरित जवाब देने के लिए 'आयुष एआई चैटबॉट' भी अहम भूमिका निभा रहा है। इस चैटबॉट ने 15,000 से अधिक लाभार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर हेल्पडेस्क या प्रत्यक्ष सहायता पर निर्भरता को काफी कम किया है। वहीं, ओपीडी सेवाओं को अधिक सहज बनाने के लिए 'आयुष्मान संपर्क' प्लेटफॉर्म को ओपीडी अपॉइंटमेंट बुकिंग सिस्टम के रूप में शुरू किया गया, जिसके जरिए 600 से अधिक अपॉइंटमेंट्स बुक किए जा चुके हैं। इससे बाह्य रोगी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है और अनावश्यक दौड़-भाग भी कम हुई है।

### यूपी में अचानक से ब्लैकआउट

## शाम 6 बजे 75 जिलों में काट दी गई बिजली, अंधेरा छाते ही बजा सायरन



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के सभी 75 जिलों में 23 जनवरी को ब्लैकआउट हो गया। जैसे ही शाम 6 बजे तो बिजली काट दी गई। जिससे प्रदेश में अंधेरा छा गया और सायरन बजने शुरू हो गए। दरअसल आतंकी हमलों को लेकर हमेशा तैयार रहने के लिए मॉक ड्रिल की गई है। 10 मिनट का ब्लैकआउट मेगा मॉक ड्रिल का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य आतंकी गतिविधियों व भविष्य में संभावित हवाई हमले जैसी आपात स्थितियों से निपटने सुरक्षा व्यवस्था को परखना था।

### सड़कों पर पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी

सायरन बजते ही सड़कों पर पुलिस की सायरन वाली गाड़ियां और प्रशासन की टीमें सक्रिय हो गईं। बरेली, मेरठ, लखनऊ, समेत प्रमुख शहरों में चौराहों पर पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा, एडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने समन्वय का प्रदर्शन किया। ब्लैकआउट व मॉकड्रिल को लेकर प्रशासन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यह केवल एक अभ्यास है, ताकि जनता में किसी प्रकार का भय न फैले। मॉक ड्रिल के दौरान अस्पतालों व रेलवे स्टेशनों जैसी आवश्यक सेवाओं को कटौती से बाहर रखने या वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे।

### सीएम ने भी मॉकड्रिल की तैयारियों की ली जानकारी

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर आयोजित इस अभ्यास की निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई। ब्लैकआउट और मॉकड्रिल को लेकर सीएम योगी ने तैयारियों की जानकारी ली। अफसरों की जानकारी के अनुसार यह ड्रिल पूरी तरह सफल रही और सभी जिलों में निर्धारित समय पर बिजली आपूर्ति रोकी गई और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

### प्रशिक्षण में महिलाओं को मिलेगी प्राथमिकता

# नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर व एससीवीटी के बीच समझौता, 28 सेक्टर होंगे प्रशिक्षित

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में जनपद गौतम बुद्ध नगर स्थित नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर (एनएईसी) और राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओयू प्रदेश में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमशीलता को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

इस एमओयू के तहत एनएईसी द्वारा पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 18 जनपदों के 128 विकास खंडों और 10,323 ग्रामों से जुड़े एक लाख अभ्यर्थियों को आगामी पांच वर्षों में 28 सेक्टरों में अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें से 70,000 अभ्यर्थियों को औद्योगिक इकाइयों में प्रशिक्षण के बाद रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

### एनएईसी बनेगा स्किल ट्रेनिंग का केंद्र



देश के प्रमुख अपैरल निर्यात क्लस्टर के रूप में एनएईसी की सबसे बड़ी विशेषता गारमेंट उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराना होगा। प्रशिक्षण से लेकर प्लेसमेंट तक की पूरी प्रक्रिया एनएईसी द्वारा अपने डिजिटल पोर्टल "कौशल गंगा" के माध्यम से प्रबंधित की जाएगी। इसके साथ ही "कौशल आजीविका" और "कौशल बाजार" पोर्टल भी प्रशिक्षणार्थियों को आजीविका और बाजार से जोड़ने में सहायक होंगे।

### एससीवीटी करेगा मूल्यांकन और प्रमाणन

इस सहभागिता में राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की अहम भूमिका होगी। एससीवीटी, जो भारत सरकार की राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद की मान्यता प्राप्त अवार्डिंग बॉडी है, सभी प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन और प्रमाणन का कार्य करेगी। एनएईसी द्वारा एससीवीटी को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी के लिए प्रमाणन शुल्क के रूप में 1200 दिए जाएंगे। एससीवीटी अपने स्तर से भी पाठ्यक्रम तैयार कर उन्हें राष्ट्रीय परिषद से अनुमोदित कराएगी।

### कौशल से आत्मनिर्भरता

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर युवा हुनरमंद बने और उसे रोजगार के लिए भटकना न पड़े। एनएईसी व एससीवीटी के बीच हुआ यह एमओयू उद्योग व शिक्षा के बीच मजबूत सेतु का कार्य करेगा। इससे न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश देश का स्किल हब बनकर उभरेगा। एमओयू हस्ताक्षरित किए जाने के अवसर पर प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता डॉ. हरिओम तथा विशेष सचिव एवं निदेशक एससीवीटी अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### सड़क दुर्घटनाओं को ...

शिक्षा और आपातकालीन देखभाल के तहत प्रमुख पहलों को रेखांकित किया गया। प्रस्तुति में अब तक की उपलब्धियों, मौजूदा चुनौतियों तथा वर्तमान उपायों को सुदृढ़ करने और नई सड़क सुरक्षा पहलों को शुरू करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सचिव ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से विकसित की जा रही एआई-सक्षम सड़क सुरक्षा तकनीकों की प्रगति से भी समिति को अवगत कराया। मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों की तारीफ करते हुए समिति के सदस्यों ने देशभर में सड़क दुर्घटनाओं और मौतों की लगातार बढ़ रही संख्या पर चिंता जताई। उन्होंने इंजीनियरिंग सुधारों, जन-जागरूकता बढ़ाने और प्रभावी प्रवर्तन तंत्र सहित एक समग्र रणनीति अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सदस्यों ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के सुधार, चुनिंदा राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के चौड़ीकरण, राजमार्गों पर ट्रॉमा केयर सुविधाओं की उपलब्धता, सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए मुआवजा बढ़ाने, सड़क रखरखाव और मरम्मत तथा राज्य राजमार्गों के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय जैसे प्रमुख मुद्दे उठाए। जिला स्तर पर सांसद सड़क सुरक्षा समिति (एमपीआरएससी) की बैठकों के अनियमित आयोजन, उचित सड़क चिन्हों की कमी तथा साइनबोर्ड और रिफ्लेक्टर की खराब गुणवत्ता पर भी चिंता जताई गई। यह भी सुझाव दिया गया कि भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की पहचान दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की तर्ज पर की जाए और वहां उपयुक्त सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। अन्य सुझावों में स्कूल पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा को शामिल करना, सड़क सुरक्षा के लिए एक केंद्र की स्थापना तथा प्रत्येक जिले में कम से कम एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करना शामिल रहा।

**सदस्य नियमित रूप से जिला बैठकें करें:** इन चिंताओं का जवाब देते हुए गडकरी ने समिति को बताया कि दूरसंचार विभाग द्वारा वाहन-से-वाहन संचार प्रणालियों के विकास के लिए 30 गीगाहर्ट्ज़ रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटित की गई है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और मौतों में कमी आएगी। उन्होंने सदस्यों से अपने-अपने जिलों में जिला कलेक्टर, पुलिस, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और अन्य संबंधित एजेंसियों की भागीदारी के साथ नियमित रूप से एमपीआरएससी बैठकों के आयोजन के महत्व पर राज्य अधिकारियों को जागरूक करने का आग्रह किया।

### राज्य एआई आधारित...

गीत (रोड सेफ्टी एंथम) भी प्रस्तुत किया, जिसका 22 क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया गया है। उन्होंने सांसदों से स्कूलों, सार्वजनिक आयोजनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में सड़क सुरक्षा गीत के प्रसारण को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सभी अधिकारियों को देश भर में सुरक्षित सड़क बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में समर्पित प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित किया और भारतीय सड़कों पर जान बचाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### एलडीएफ-यूडीएफ ने...

केरल को नई दिशा दी जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को सुशासन और भ्रष्टाचार-मुक्त केरल की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ पर दशकों तक शहर की उपेक्षा और कुप्रबंधन का आरोप लगाया और बदलाव का भरोसा दिलाया।

### दीनबंधु चौधरी ...

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हरियाणा के सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, सांसद सुभाष बराला ने दीनबंधु सर छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही नेता जी सुभाष चंद्र बोस को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला को 31 लाख रुपए तथा सांसद सुभाष बराला ने 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है।

**सर छोटूराम अपने आप में एक विचार थे:** मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी और दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीनबंधु सर छोटूराम का जीवन भी साहस के साथ संवेदना और संघर्ष के साथ सेवा के समन्वय का अद्भुत उदाहरण है। इस महान व्यक्तित्व ने धरती पुत्र किसान के साथ-साथ मजदूर का भाग्य और तकदीर भी बदली। दीनबंधु सर छोटूराम अपने आप में एक विचार थे, एक आंदोलन थे और एक संकल्प थे। जिन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। दीनबंधु चौधरी छोटूराम ने उस समय की अन्यायपूर्ण व्यवस्थाओं के विरुद्ध खड़े हुए जब सत्ता और संसाधन कुछ हाथों में सिमट कर रह गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आबियाने को जड़ से खत्म करके बकाया 133 करोड़ रुपए भी माफ किए, पिंजौर में एशिया की सबसे बड़ी आधुनिक सेब, फल एवं सब्जी मंडी शुरू की, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20 लाख 18 हजार पात्र किसान परिवारों को 6 हजार वार्षिक दर से 7 हजार 233 करोड़ रुपए दिए गए है। सरकार ने अब तक किसानों को बाजार भावांतर के रूप में 1 हजार 285 करोड़ रुपए की राशि दी है और फसल विविधीकरण और जल संरक्षण योजना के तहत किसानों को अब तक 167 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने मुख्यमंत्री सहित अन्य मेहमानों का बसंत पंचमी समारोह में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने ने विस्तार से संस्था द्वारा करवाए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

### एप्लिकेशन, मॉडल,...

में ग्लोबल कंपनियों और निवेशकों के साथ बढ़ते जुड़ाव पर ज़ोर दिया। दावोस से अपडेट शेयर करते हुए, मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि मल्टीनेशनल लॉजिस्टिक्स कंपनी मर्स्क शिपिंग, बंदरगाहों, रेलवे और सेमीकंडक्टर मटीरियल सहित लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए भारत के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत की बढ़ती भूमिका को दिखाता है। इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी फर्म हनीवेल रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए भारत के साथ साझेदारी कर रही है और उसने देश में अपने मैन्युफैक्चरिंग कारोबार को बढ़ाने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है।

निविदा संदर्भ सं. : एचआईएल/यूडीएल/आरईएल/2/2025-26, दि. 21.01.2026

**एचआईएल (इण्डिया) लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
स्कोप कॉम्पलैक्स, कोर-6, द्वितीय तल, 7 लोधी रोड
नई दिल्ली-110003, वेबसाइट - www.hil.gov.in

ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://hil.abcprocure.com/EPROC के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

| वर्णन | ईएमडी रु. |
|---|---|
| "रसायनी यूनिट को उद्योगमण्डल यूनिट से पैंडीमेथालिन प्लांट के डिकंटेमिनेशन, विखण्डन, पैकेजिंग, परिवहन और पुनर्स्थापना हेतु" के लिए निविदा, ईवेंट आईडी नं. 58686, सहित निविदा की निर्धारित तिथि 02.02.2026 को 14:00 बजे तक। उद्योग मण्डल यूनिट, केरल में पूर्व बोली बैठक 27.01.2026, 15.00 बजे। | रु. 5,00,000/- |

इच्छुक बोलीदाता हमारी वेबसाइट www.hil.gov.in और सीपीपी पोर्टल से विवरण डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा का आगे शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, उपरोक्त वेबसाइट्स में डाला जाएगा।

सीबीसी 02111/11/0005/2526

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक** उर्फ़ **सुमित** पुत्र श्री रमेश निवासी मकान सं. 42, सरस्वती एन्क्लेव, गोपाल नगर, नजफगढ़, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 461/2020 धारा 186/353/307/411/34 भा.दं.सं. तथा 25/27 शस्त्र अधिनियम थाना नजफगढ़, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक** उर्फ़ **सुमित** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक** उर्फ़ **सुमित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 461/2020 धारा 186/353/307/411/34 भा.दं.सं. तथा 25/27 शस्त्र अधिनियम थाना नजफगढ़, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दीपक** उर्फ़ **सुमित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **26.02.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री गुरमोहिना कौर,**
**अतिरिक्त सत्र दंडाधिकारी -05,**
**कमरा नं. -511,**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली।**

DP/1040/DW/2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.PC.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **जय किशन उर्फ अक्षय, पुत्रः** स्व. श्री अशोक कुमार, **पताः** मकान न.- एबी-48, अमर पुरी, राम नगर, नबी करीम, सैन्ट्रल दिल्ली, दिल्ली, ने **FIR No.: 322/2024, दिनांक: 02.02.2024, U/s: 379/411 IPC, थानाः करोल बाग, जिला केन्द्रीय, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **जय किशन उर्फ अक्षय,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **जय किशन उर्फ अक्षय,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 322/2024, दिनांक: 02.02.2024, U/s: 379/411 IPC, थानाः करोल बाग, जिला केन्द्रीय, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **जय किशन उर्फ अक्षय,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री निशात बांगड़, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-01
जिला केन्द्रीय, कोर्ट न. 180
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/1022/CD/2026
(Court Matter)

☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜

**महत्वपूर्ण सूचना**

दिनांक 26.01.2026 (सोमवार) को गणतंत्र दिवस परेड के दौरान तिलक ब्रिज से रेलगाड़ियों का आवागमन अस्थाई तौर पर स्थगित रहेगा। इस दौरान निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस/पैसेंजर रेलगाड़ियां निम्नानुसार निरस्त/परिवर्तित मार्ग से अथवा कुछ समय के लिए रोककर चलाई जाएंगी:-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | निरस्त करने की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 64430 नई दिल्ली – गाजियाबाद ईएमयू | 26.01.2026 |
| 64076/77 नई दिल्ली – पलवल – नई दिल्ली ईएमयू | 26.01.2026 |
| 64411 साहिबाबाद – दिल्ली जं. ईएमयू | 26.01.2026 |
| 64491/92 पलवल – नई दिल्ली – पलवल महिला ईएमयू | 26.01.2026 |
| 64423/64430 गाजियाबाद – नई दिल्ली – गाजियाबाद ईएमयू | 26.01.2026 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | मार्ग परिवर्तन तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 64426 नई दिल्ली – गाजियाबाद ईएमयू | वाया नई दिल्ली – दिल्ली जं. –दिल्ली शाहदरा – साहिबाबाद (नई दिल्ली – तिलक ब्रिज – साहिबाबाद के बीच निरस्त रहेगी) | 26.01.2026 |
| 64434 दिल्ली जं. – गाजियाबाद ईएमयू | वाया दिल्ली जं. – दिल्ली शाहदरा – साहिबाबाद (दिल्ली जं. – नई दिल्ली के बीच निरस्त रहेगी) | 26.01.2026 |
| 64012 शकूरबस्ती – पलवल ईएमयू | वाया पटेल नगर – दिल्ली सफदरजंग से हज़रत निज़ामुद्दीन तथा पलवल को वापिस जाएगी। | 26.01.2026 |
| 64055 पलवल – गाजियाबाद ईएमयू | वाया नई दिल्ली – दिल्ली जं.– साहिबाबाद | 26.01.2026 |
| 12423 डिब्रुगढ़ – नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस | वाया साहिबाबाद – दिल्ली शाहदरा – दिल्ली जं. – नई दिल्ली, यदि आवश्यकता हो। | 26.01.2026 |
| 12313 सियालदह–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस | वाया साहिबाबाद – दिल्ली शाहदरा – दिल्ली जं. – नई दिल्ली, यदि आवश्यकता हो। | 26.01.2026 |
| 12259 सियालदह–बीकानेर जं. दूरन्तो एक्सप्रेस | वाया साहिबाबाद – दिल्ली शाहदरा – दिल्ली जं. – नई दिल्ली, यदि आवश्यकता हो। | 26.01.2026 |
| 12056 देहरादून – नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस | वाया साहिबाबाद – दिल्ली शाहदरा – दिल्ली जं. – नई दिल्ली, यदि आवश्यकता हो। | 26.01.2026 |
| 12453 राँची – नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस | वाया साहिबाबाद – दिल्ली शाहदरा – दिल्ली जं. – नई दिल्ली, यदि आवश्यकता हो। | 26.01.2026 |

**दिनांक 26.01.2026 को रोककर चलाई जाने वाली रेलगाड़ियां**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ियाँ रोककर चलाई जाएंगी |
|---|---|
| 14086 सिरसा – तिलक ब्रिज हरियाणा एक्सप्रेस | आवश्यकतानुसार रेलगाड़ी को परेड के समाप्त होने तक नई दिल्ली स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा। |
| 22126 अमृतसर जं. – नागपुर वाता. एक्सप्रेस | आवश्यकतानुसार रेलगाड़ी को परेड के समाप्त होने तक नई दिल्ली स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा। |
| 20504 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | आवश्यकतानुसार रेलगाड़ी को परेड के समाप्त होने तक नई दिल्ली स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा। |
| 11078 जम्मू तवी – पुणे झेलम एक्सप्रेस | आवश्यकतानुसार रेलगाड़ी को परेड के समाप्त होने तक नई दिल्ली स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा। |
| 15128 नई दिल्ली – बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | आवश्यकतानुसार रेलगाड़ी को परेड के समाप्त होने तक नई दिल्ली स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा। |
| 02570 नई दिल्ली – दरभंगा क्लोन स्पेशल | आवश्यकतानुसार रेलगाड़ी को परेड के समाप्त होने तक नई दिल्ली स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा। |
| 12925 बांद्रा टर्मिनस – अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस | आवश्यकतानुसार रेलगाड़ी को परेड के समाप्त होने तक हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा। |
| 12033 कानपुर सेंट्रल – नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस | आवश्यकतानुसार रेलगाड़ी को साहिबाबाद स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा। |
| 22685 यशवंतपुर जं. – चंडीगढ़ एक्सप्रेस | आवश्यकतानुसार रेलगाड़ी को परेड के समाप्त होने तक हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा। |
| 20801 इसलामपुर – नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस | आवश्यकतानुसार रेलगाड़ी को साहिबाबाद स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा। |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
255/2026



# मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि'का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।

## लाइफ Style



# मेधा

## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।

## हॉलीवुड मसाला



# वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

**लॉस एंजिल्स।** लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।



# सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।



# काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

**मुंबई।** करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'



# बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

## टीवी मसाला

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

**नई दिल्ली।** कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मजाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर'कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।



## लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

**नई दिल्ली।** कुंकिग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है।



'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शकों का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।



# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।

# बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम



**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।

## गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस

# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

### गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल'में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।







### परमाणु: द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी'साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370

*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थीं।*

# दावोस में नजर आया मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास की गति का सकारात्मक प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पिछले 2 वर्ष में जितनी तीव्र गति से औद्योगिक विकास हुआ है, उसका सकारात्मक प्रभाव दावोस में दिखाई दिया है। दावोस में विभिन्न क्षेत्रों के बड़े उद्योगपतियों और व्यापार प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें और चर्चा हुई हैं। डॉ. यादव ने दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में विभिन्न इंटरनेशनल कम्पनियों के साथ हुई बैठकों के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में भारत का सबसे बड़ा दल पहुंचा है। बदलाव के इस दौर में मप्र में सोलर एनर्जी, आईटी, टूरिज्म सहित सभी सेक्टर्स में विकास की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं।

मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश का पावर हब बन चुका है। प्रदेश में पंप स्टोरेज, सोलर एनर्जी और विंड एनर्जी उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि देश में नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से उत्पादित सबसे सस्ती बिजली मध्यप्रदेश उपलब्ध करवा रहा है। प्रदेश के इस मॉडल को समझने और अध्ययन करने के लिए लोग काफी उत्साहित हैं।

### मप्र सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों से दावोस बैठक बनी महत्वपूर्णःसीएम

### नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र देश का बन चुका है पावर हब

### मालदीव के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार प्रदेश सरकारः डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दावोस इकोनॉमिक फोरम में मालदीव के मंत्री और अर्थशास्त्री डॉ. मोहम्मद सईद के साथ अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई। उद्योग क्षेत्र में साझेदारी के लिए डॉ. सईद ने बताया कि उनके देश में टूरिज्म के अलावा मत्स्य पालन, आईटी, हेल्थ जैसे अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति ने पूर्व में काफी ठोस निर्णय लिए हैं। प्रदेश सरकार मालदीव के साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। डॉ. यादव ने बताया कि आगामी समय में वे स्वयं मालदीव की यात्रा करेंगे और वहां विकास के लिए परस्पर साझेदारी की संभावनाओं को तलाशेंगे। मालदीव भी भारत के साथ मिलकर आगे बढ़ने में रुचि रखता है। मालदीव के स्थानीय लोगों और वहां रहने वाले भारतवंशियों के परस्पर बेहतर सांस्कृतिक संबंध हैं।

### मध्यप्रदेश में एग्रीकल्चर पॉल्ट्री के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं, पर्याप्त बिजली, भूमि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में एग्रीकल्चर पॉल्ट्री के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं हैं। भविष्य में इस दिशा में भी अन्य राज्यों के साथ व्यापार को आगे बढ़ाएंगे। मध्यप्रदेश के पास पर्याप्त लैंड बैंक है, पर्याप्त बिजली है। ट्रांसपोर्टेशन के मामले में भी हमारा राज्य, भारत के मध्य में स्थित होने के कारण अनुकूल है। अब कई क्षेत्रों के निवेशक मध्यप्रदेश का रुख कर रहे हैं। उद्योग एवं व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है। मध्यप्रदेश सबसे तेज गति से औद्योगिक विकास करने वाला राज्य बना है। देश के 3 प्रमुख राज्यों ने औद्योगिक गति को बढ़ाया है, उनमें मध्यप्रदेश सबसे युवा राज्य है। बीते 2 वर्ष में राज्य सरकार के इन प्रयासों से प्रदेश में बेरोजगारी दर एक प्रतिशत के आसपास आ गई है। प्रदेश के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हो रहे प्रयासों के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भोपाल-देवास स्टेट हाईवे पर वैक्यूम से होगी सफाई

**भोपाल।** देवास स्टेट हाईवे पर वैक्यूम मशीन के जरिए सफाई होगी। इसके लिए मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बीच एमओयू हुआ है, ताकि सड़क की कचरा नहीं दिखें, न ही धूल जमा हो। स्टेट हाईवे पर कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव एवं विकास आयुक्त दीपाली रस्तोगी की उपस्थिति में एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक भरत यादव और ग्रामीण विकास विभाग के संचालक छोटे सिंह ने संपादित किया। इस समझौते का उद्देश्य भोपाल-देवास स्टेट हाईवे के अंतर्गत आने वाले शहरी निकायों एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों में फुली मैकेनाइज्ड वाहन-माउंटेड रोड वैक्यूम लिटर कलेक्शन मशीन के माध्यम से सड़क की नियमित सफाई, रख-रखाव और अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना है।

### आयुष यूजी स्ट्रे वेकेंसी राउंड-4: 33 सीटें ही भरी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल, शिवपुरी, छतरपुर, ग्वालियर, इंदौर, रतलाम, जबलपुर समेत प्रदेशभर के 63 में से 29 खाली सीटों वाले आयुर्वेद, होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों में सत्र 2025-26 में निर्धारित समय के अनुसार शाम सात बजे तक सिर्फ 33 सीटें ही भर पाई। जबकि गुरुवार 22 जनवरी स्ट्रे वेकेंसी राउंड 4 में प्रवेश का अंतिम दिन था। इन 33 सीटों में से 26 आयुर्वेद बीएएमएस की तथा 7 होम्योपैथी की सीटें हैं। ज्ञात रहे कि इस स्ट्रेवेकेंसी राउण्ड चार के पूर्व 1043 सीटें खाली थीं। कितने छात्रों ने प्रवेश निरस्त कराया वो आंकड़ा प्राप्त नहीं हो सका है।

### अब 21 फरवरी तक नहीं जुड़ेंगे नए नाम, 14 फरवरी तक होगी नो मैपिंग सुनवाई

# वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने 56 हजार नए आवेदन, चार लाख 38 हजार नाम काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दूसरा चरण भी गुरुवार को पूरा हो गया है। जिसके तहत पिछले एक महीने से नए नाम जोड़ना, काटना और नाम में संशोधन कराने का काम चल रहा था। जिसके तहत जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में 56 हजार 103 मतदाताओं ने नए नाम जोड़ने का आवेदन पेश किया है, जबकि 5 हजार 484 मतदाताओं ने वोटर लिस्ट से नाम कटवाने फार्म-7 भरा है। ऐसे में जिले की मतदाता सूची का अब फ्रीज कर दिया जाएगा। अगर कोई मतदाता नाम जुड़वाने से छूट गया है तो उसे 21 फरवरी के बाद ही वोटर लिस्ट में शामिल किया जाएगा।

जिले में 22 साल बाद हुए एसआईआर की वजह से विधानसभाओं की तस्वीर बदल गई है। सात विस से मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और मृत मतदाताओं की जांच में 4 लाख 38 हजार 317 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जिससे जिले के मतदाताओं की तादाद 21 लाख 25 हजार 908 से कम होकर 16 लाख 87 हजार 33 रह गई है। इसमें नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाता शामिल हैं, जिनकी सुनवाई 14 फरवरी तक जारी रहेगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि नए आवेदन ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे, लेकिन उन्हें एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी करने के बाद ही शामिल किया जाएगा।

### नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाता



वार्ड 9 में एसआईआर में चल रही मतदाताओं की सुनवाई।

### गोविंदपुरा, नरेला से आए सबसे ज्यादा आवेदन

एसआईआर के दौरान सबसे ज्यादा नाम गोविंदपुरा और नरेला से ही काटे गए हैं। जिसको देखते हुए एक महीने से चल रहे नाम जोड़ने के काम के दौरान गोविंदपुरा विस से 13 हजार 419 फार्म मिले हैं, जबकि नरेला विस में 11 हजार 893 फार्म जमा किए गए हैं। इधर बैरसिया में सबसे कम 3 हजार 260 आवेदन मिले हैं।

### संशोधन और पता बदलवाने 37 हजार आवेदन

एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट में मैपिंग कराने के साथ जिले की सातों विस में नाम में संशोधन, पता बदलवाना, विधानसभा चेंज कराने के 37 हजार से अधिक फार्म मिले हैं। इन मतदाताओं को नए इपिक कार्ड भी दिए जाएंगे। इसके साथ नए नाम जुड़वाने वाले मतदाताओं को भी तीन माह में नए वोटर कार्ड स्पीड पोस्ट से घर भेजे जाएंगे।

### एसआईआर प्रक्रिया पर कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल

## 10 दिन में 11 लाख वोटर्स को हटाने का दावाः कांग्रेस का आरोप, पहले से छपे फार्म में आवेदकों के नाम नहीं

कांग्रेस एसआईआर की पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए भाजपा पर सुनियोजित तरीके से वोटर लिस्ट से नाम कटवाने की साजिश का आरोप लगाया है। कांग्रेस का दावा है कि सिर्फ 10 दिनों में करीब 11 लाख वोटरों के नाम काटने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर्स को बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 उपलब्ध कराए गए हैं। आरोप है कि इन फॉर्मों का इस्तेमाल विशेष रूप से एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक को मतदाता सूची से बाहर करने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि यह न सिर्फ चुनाव आयोग की प्रक्रिया का उल्लंघन है, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों पर सीधा हमला है।




शिकायत पत्र देते कांग्रेस पदाधिकारी।

### कांग्रेस ने कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जिन फॉर्म-7 के जरिए वोटर के नाम हटाने की प्रक्रिया चल रही है, वे प्री-प्रिंटेड (पहले से भरे हुए) हैं। इन फॉर्मों में विधानसभा क्रमांक, विधानसभा का नाम, जिस मतदाता का नाम हटाना है, उसका नाम और विवरण पहले से दर्ज है। चौंकाने वाली बात यह है कि आवेदन देने वाले व्यक्ति का नाम नहीं है, किसी भी आवेदक के हस्ताक्षर नहीं हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस पूरे मामले को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव हारने के डर से अब मैदान में नहीं, बल्कि वोटर लिस्ट में खेल कर रही है। निर्वाचन आयोग पहुंचकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी को कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में विधायक आरिफ मसूद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, जेपी धनोपिया आदि शामिल रहे।

### वन विकास निगम करेगा पौधरोपण

## राजधानी के अयोध्या बायपास पर रौपे जाएंगे 81 हजार से अधिक पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक संक्रमण के दौर में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने छिंदवाड़ा और सिवनी जिलों में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे बड़े पैमाने पर पौधरोपण और उनके रख-रखाव का काम मप्र वन विकास निगम को सौंपा है। इसका उद्देश्य सड़क के किनारे हरियाली बढ़ाना, प्रदूषण कम करना और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। इस कार्य के लिए निगम को अनुमानित 7-8 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा, जो निगम के लिए संजीवनी का काम करेगी।

वन विकास निगम के प्रबंध संचालक एचयू खान ने बताया कि एनएचएआई ने सड़क किनारे, मीडियन (सड़क के बीच की जगह) और खाली पड़ी भोपाल में अयोध्या बायपास के चौड़ीकरण के दौरान काटे जाने वाले पेड़ों की क्षतिपूर्ति के लिए सड़क किनारे पौधरोपण का काम मध्य प्रदेश वन विकास निगम को सौंपा है। एनएचएआई की भूमि पर अयोध्या बायपास के दोनों ओर पौधे रोपे जाएंगे।



### 15 साल तक देखरेख का जिम्मा एनएचएआई को

योजना के अनुसार अयोध्या बायपास के दोनों ओर 10,000 और आसपास कुल 81,000 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, जिनकी पंद्रह सालों तक देखरेख का जिम्मा एनएचएआई उठाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 347 के मुलताई, छिंदवाड़ा खंड एवं राजमार्ग क्रमांक 547 के सावनेर छिंदवाड़ा एवं छिंदवाड़ा रिंग रोड एवं छिंदवाड़ा - नरसिंहपुर खंड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 के सिवनी के आसपास तथा बालाघाट-गोंदिया, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543 के अंतर्गत आने वाले टोल प्लाजा एवं रोटरी पर पौधरोपण कार्य किया जाएगा। यानी एनएचएआई की ओर से कुल 12 किमी से अधिक मार्ग पर पौधरोपण और उसकी देख-रेख किया जाएगा।

## राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड गठित भाजपा, कांग्रेस के नेता बने सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड का गठन किया है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता वाले इस बोर्ड में विधायक प्रियंका मीणा, मंजू राजेन्द्र दादू और गौरव सिंह पारधी को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं कल्याण के लिये बोर्ड में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त विशेषज्ञों एवं प्रतिनिधियों को नियुक्त किया गया है, जिनमें रविन्द्र कोपरगांबकर, राजेश शुक्ला, विश्वजीत सरमंडल, प्रीति तांबे, जगदीश अरोड़ा, आशीष कट्टी, मिताली बनर्जी, गीता ढ़ीगरा, दीपक गोयल, डॉ. आकाश सेठ, पूजा गर्ग, डॉ. सचिन श्रीवास्वत, डॉ. मनीष कुमार, मिनी अग्रवाल, मुकुल गुप्ता, प्रीति सोनी, सुषमा पटेल, दुर्गा येवले, दीपक शर्मा, निरंजन गुजर, अशोक परियानी, अमित जैन और प्रवीण कक्कड़ शामिल हैं।

## बस्तर में 40 साल बाद आजाद हुआ गणतंत्र, माओवादी फरमानों को पछाड़ पहली बार 40 गांवों में लहराएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

यह गणतंत्र दिवस बस्तर के इतिहास में सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि चार दशक लंबे अंधेरे के बाद उगता लोकतांत्रिक सूरज होगा। बस्तर संभाग के 40 ऐसे गांव, जहां अब तक राष्ट्रीय पर्व माओवादी फरमानों के आगे दबे रहते थे, वहां इस 26 जनवरी को पहली बार तिरंगा लहराएगा। यह ध्वजारोहण सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि संविधान और भरोसे की वापसी का प्रतीक होगा।

बीते एक साल में माओवादियों के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाकों में सुरक्षा बलों ने 58 नए कैंप स्थापित किए हैं। इनमें से 53 कैंप ऐसे हैं, जहां पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा और 40 कैंप ऐसे हैं, जहां पहली बार कोई राष्ट्रीय पर्व मनाया जाएगा। इन्हीं कैंपों की मजबूत मौजूदगी ने ग्रामीणों के भीतर वर्षों से जमी चुप्पी और डर को तोड़ा है। जिन गांवों में कभी 26 जनवरी को घरों के दरवाजे बंद रहते थे, वहां अब खुलकर गणतंत्र दिवस की तैयारी हो रही है।

### ग्रामीणों ने साझा किया अपना अनुभव

*बीजापुर जिले के उल्लूर गांव के ग्रामीण सुखमन कहते हैं कि हमने 26 जनवरी हमेशा डर के साथ देखी। उस दिन गांव में सन्नाटा रहता था। अब जवान हमारे साथ हैं, पहली बार तिरंगा हमारे गांव में खुलेआम लहराएगा। अबूझमाड़ के कुड़मेल गांव के रामा कहते हैं कि पहले काले झंडे लगाने को मजबूर किया जाता था। अब हम खुद तिरंगा लगाएंगे। कैंप खुलने के बाद पहली बार लगा कि सरकार सच में यहां पहुंची है। बस्तर में माओवाद के विरुद्ध यह संघर्ष कोई तात्कालिक अभियान नहीं, बल्कि चार दशक से अधिक समय से चली आ रही लोकतांत्रिक लड़ाई है। 2001 से 21 दिसंबर 2025 तक 3414 मुठभेड़ों में 1573 माओवादी मारे गए, 1318 जवानों ने बलिदान दिया और 1821 निर्दोष नागरिक हिंसा के शिकार बने। ताड़मेटला, बुर्कापाल और रानीबोदली जैसी घटनाओं ने बस्तर की स्मृति पर गहरे घाव छोड़े।*

### बस्तर संभाग में 135 नए सुरक्षा कैंप स्थापित

यह सिर्फ सुरक्षाबलों की सफलता नहीं है। यह ग्रामीणों के भरोसे की जीत है। जिन इलाकों में कभी राष्ट्रीय पर्व मनाना असंभव था, वहां आज लोग खुद आगे बढ़कर तिरंगा फहरा रहे हैं।

**इन गांवों में पहली बार ध्वजारोहण**

बीजापुरः उल्लूर, चिलमसका, पेद्दाकोमरा, कोमागुड़ा (पीड़िया), बेलनार, ताड़पाल, कोंडापाली
दंतेवाड़ाः पिल्लूर, डोडीसुमार, कमालूर
नारायणपुर–ओरछा क्षेत्रः पलवाया, एड्रूम, ईदवाया, कुकड़मेल
सोनपुर–ओरछा बेल्टः सिरसम, टोके, पाकेटा, काकूर, बाटलेड़ा
कोर एरिया गांवः कोडनार, अंजागार, मंडेला, जदूर, बायपेटा
सुकमा–चिंतनार क्षेत्रः तुस्मालमेटी, बीरागोड़ा, पालागुड़ा, नागाराम
अन्य गांवः वंजलवाही, गोरगुड़ा, पेद्दाबोटेकल, उसरासाल

### भारी मात्रा में हथियार बरामद

## धमतरी में 47 लाख के इनामी 9 खूंखार माओवादियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासन द्वारा प्रतिबंधित संगठन ओड़िसा राज्य कमेटी के धमतरी, गरियाबंद, नुआपाड़ा डिवीजन के नगरी एरिया कमेटी, सीतानदी एरिया कमेटी तथा मैनपुर एलजीएस के नौ माओवादियों ने हथियार के साथ आत्म समर्पण किया है।

इन माओवादियों ने बड़ी संख्या में हथियार भी समर्पण किया है। एसपी सूरज सिंह परिहार से मिली जानकारी के अनुसार समर्पित माओवादियों में ज्योति उर्फ जैनी उर्फ रेखा डीव्हीसीएम सीतानदी एरिया कमेटी सचिव है। इस पर आठ लाख रुपए का इनाम था। इनके पास से इंसास राइफल बरामद किया गया है।



### यह इनामी नक्सली थे वांटेड

इसी तरह उषा उर्फ बालव्गा डीव्हीसीएम टेक्निकल (डीजीएन) है। इस पर भी आठ लाख रुपए का इनाम था, इंसास हथियार जब्त किया गया है। रामदास मरकाम उर्फ आयता उर्फ हिमांशु, पूर्व गोबरा एलोएस कमांडर है, जो वर्तमान में नगरी एसीएम है। इस पर पांच लाख का इनाम है। इसी तरह रोनी उर्फ उमा सीतानदी एरिया कमेटी कमाडर है। इस पर भी पांच लाख का इनाम है।

### लोकभवन की ऐतिहासिकता और प्रदर्शनी का कर सकेंगे अवलोकन

## गणतंत्र दिवस पर 25 जनवरी से आमजनों के लिए खुलेगा लोकभवन, लघु फिल्में दिखाएंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

- सांस्कृतिक दल विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 25 जनवरी से लोकभवन आमजनों के लिए खोला जा रहा है। नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी तक निर्धारित समयावधि में लोकभवन का भ्रमण कर सकेंगे।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि लोकभवन 25 जनवरी एवं 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन, लोकभवन भ्रमण का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि लोकभवन भ्रमण के लिए आने वाले नागरिक कुशाभाऊ ठाकरे सभागार परिसर में वाहन पार्किंग कर सकेंगे। लोकभवन में प्रवेश गेट क्रमांक-1 से होगा और निकास गेट क्रमांक- 4 से होगा। भ्रमण के समस्त रूट में आमजन लोकभवन की ऐतिहासिकता, सजावट और प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 'वीबी-जी रामजी योजना तथा वंदे भारत थीम' पर आधारित विशेष आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तीनों दिन केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सांस्कृतिक दलों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसी प्रकार जनसंपर्क विभाग द्वारा 'राजभवन से लोकभवन' विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोकभवन की ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक और प्रशासनिक यात्रा को रोचक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### सीएस जैन-डीजीपी मकवाणा ने किया नए क्रिमिनल कानूनों पर मंथन

# प्रदेश में कानून की स्थिति का असर और जागरुकता पर विमर्श तकनीकी संसाधनों के उपयोग, विभागों में समन्वय पर भी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

न्यू क्रिमिनल लॉ बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए के प्रभावी क्रियान्वयन और उसकी जमीनी प्रगति की समीक्षा बैठक मंत्रालय में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ली। जिसमें डीजीपी कैलाश मकवाना, गृह विभाग के आला अफसर सहित आधा दर्जन विभागों के अफसर शामिल रहे। बैठक में जेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फॉरेसिंक, अभियोजन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी बुलाया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नए आपराधिक कानूनों को लेकर प्रदेश में कितनी जागरुकता आई है, इसकी समीक्षा करना रहा। इसके साथ ही कानून के तहत लागू की गई नई प्रक्रियाओं की वास्तविक स्थिति पर भी इसमें चर्चा की गई।



### जहां सुधार की जरूरत, वहां पर फोकस

बताया जाता है कि बैठक में विशेष रूप से ऑनलाइन एमएलसी रिपोर्ट, फॉरेसिंक रिपोर्ट की समयबद्ध उपलब्धता, जांच प्रक्रिया में तकनीकी संसाधनों के उपयोग और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की स्थिति पर चर्चा हुई है। नए कानूनों के तहत पुलिस, अभियोजन, जेल और स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर कितना पालन किया जा रहा है और कहां-कहां पर सुधार की अभी जरुरत है, इस पर फोकस किया जा रहा है। बैठक को लेकर पुलिस मुख्यालय के अफसर पिछले दो दिनों से तैयारी कर रहे हैं। डीजीपी ने इस संबंध में दो दिन पहले अपने चैंबर में सीआईडी और एससीआरबी के अफसरों के साथ बैठक की थी। वहीं बुधवार की शाम को सीआईडी शाखा में इस संबंध में बैठक हुई। बैठक में पुलिस अफसर नए लॉ को लेकर डेटा और अपडेट के साथ पहुंचे। इस संबंध में पुलिस ने इससे जुड़ी सभी शाखाओं से रिकॉर्ड तलब कर पूरी रिपोर्ट तैयार की है।

चिंतन

# मित्रों को ही भारी पड़ रहा है ट्रंप का अस्थिर रवैया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी दुनिया के लिए भस्मासुर की भूमिका में हैं। वह किसी के भी सिर पर हाथ रखकर उसे भस्म करना चाहते हैं। शुरुआत में जब उन्होंने पूरी दुनिया को टैरिफ की आग में धकेलने की कोशिश की तो इसे अनेक देशों ने कुछ हद तक तार्किक समझा और इस मसले को वार्ता के जरिए सुलझाने के लिए व्यापार समझौतों की पेशकश की। हालांकि इनमें अधिकांश समझौते एकतरफा रहे और ट्रंप ने टैरिफ का डर दिखाकर अपनी मर्जी ही चलाई। भारत ने भी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की कोशिश की और दोनों देशों के बीच एक साल से इस पर वार्ता के बावजूद सहमति नहीं बन सकी है। हालांकि इस अवधि में अमेरिका ने भारत पर दुनिया में सर्वाधिक 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। ट्रंप की इस हरकत ने दोनों देशों के संबंधों को निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। देखा जाए तो ट्रंप का यह कार्यकाल उनके मित्रों पर ही ज्यादा भारी पड़ रहा है। ग्रीनलैंड पर उनके रुख ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो के भविष्य पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया था। एक बार तो ऐसा लगने लगा था कि अमेरिका और यूरोप की सेनाएं आमने-सामने आ सकती हैं। हालांकि ट्रंप के दावोस में दिए भाषण से संकेत मिला है कि फिलहाल नाटो बच गया है। इसके बावजूद ट्रंप के अस्थिर रवैये को देखते हुए इस बात की गारंटी नहीं दी जा सकती कि आने वाले समय में नाटो का क्या होगा। नाटो की स्थापना 1949 में सोवियत विस्तार और साम्यवाद के खिलाफ एक ढाल के रूप में की गई थी। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, आइसलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे और पुर्तगाल इसके 12 संस्थापक सदस्य थे। 1989 में सोवियत संघ के पतन के बाद नाटो का विस्तार हुआ। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद फिनलैंड (2023) और स्वीडन (2024) इसके नवीनतम सदस्य बने। नाटो की स्थापना करने वाली वॉशिंगटन संधि में कहा गया है कि एक या अधिक सदस्यों पर सशस्त्र हमला, सभी पर हमला माना जाएगा। 9/11 के हमलों के बाद इस प्रावधान को लागू किया गया था। ट्रंप लंबे समय से बहुपक्षवाद के प्रति असहमति जताते रहे हैं। हालांकि, नाटो को लेकर उनकी मुख्य शिकायत वित्तीय है। उनका आरोप है कि यूरोप की सुरक्षा का अधिकांश खर्च अमेरिका उठाता है, जबकि अन्य सदस्य अपेक्षाकृत कम योगदान देते हैं। डेनमार्क से ग्रीनलैंड को खरीदने का ट्रंप का विचार एक तरह से नाटो पर वर्षों से हो रहे अमेरिकी खर्च की एक प्रतीकात्मक भरपाई के रूप में सामने आया है। दावोस में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि वे ग्रीनलैंड का बलपूर्वक विलय नहीं करेंगे और उन्होंने उस 10% टैरिफ का उल्लेख भी नहीं किया, जिनकी उन्होंने आठ यूरोपीय देशों को धमकी दी थी। फिर भी उनकी चेतावनी स्पष्ट थी 'आप हां कह सकते हैं और हम बहुत आभारी होंगे या आप ना कह सकते हैं और हम याद रखेंगे।' बाद में उन्होंने यह भी कहा कि वे वार्ता चाहते हैं। ग्रीनलैंड में कोई भी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई प्रभावी रूप से नाटो को समाप्त कर देगी। यूरोप आर्थिक रूप से शक्तिशाली होने के बावजूद अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिकी परमाणु छतरी पर निर्भर है भले ही ब्रिटेन और फ्रांस स्वयं परमाणु-सशस्त्र देश हैं। यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस की परमाणु धमकी का मुकाबला करने में भी अमेरिका ने निर्णायक भूमिका निभाई है, लेकिन ट्रंप की अप्रत्याशित नीतियों के चलते भविष्य के नाटो संकटों में वॉशिंगटन के सहयोग की कोई गारंटी नहीं है।



बोर्ड ऑफ पीस
डॉ. एन. के. सोमानी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक संघर्षों को रोकने और दुनिया में शांति व स्थिरता स्थापित करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान किया है। बोर्ड में शामिल होने के लिए ट्रंप प्रशासन ने तकरीबन 60 देशों के मुखियाओं को निमंत्रण भेजा है। 35 से अधिक देश इस विश्व संगठन का हिस्सा बनने के लिए राजी हो गए हैं। ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, भारत, रूस और चीन ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। वैश्विक संगठनों के प्रति आदर का भाव रखने वाला भारत क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा बनना चाहेगा, जो पिछले आठ दशकों से वैश्विक शांति की गारंटी के रूप में काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने के मनसूबे पाल रहा है।

# ट्रंप की शांति योजना पर उठते सवाल

ग्रीनलैंड पर अमेरिकी स्वामित्व के दावों के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक संघर्षों को रोकने और दुनिया में शांति व स्थिरता स्थापित करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान किया है। बोर्ड में शामिल होने के लिए ट्रंप प्रशासन ने तकरीबन 60 देशों के मुखियाओं को निमंत्रण भेजा है। कहा जा रहा है कि 35 से अधिक देश इस विश्व संगठन का हिस्सा बनने के लिए राजी हो गए हैं। इनमें मध्यपूर्व के सहयोगी देश इजरायल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, जॉर्डन, कतर और मिस्र शामिल हैं। नाटो सदस्य तुर्की और हंगरी के अलावा मोरक्को, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, कोसोवो, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, पैराग्वे, आर्मेनिया, अजरबैजान और वियतनाम भी बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा होने के लिए सहमत हो गए हैं।

ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, भारत, रूस और चीन ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। हालांकि, व्यक्तिगत रूप से ट्रंप के पुतिन के साथ संबंध बेहतर है, व्यापार समझौते के बाद चीन-अमेरिकी संबंधों में तल्खी कुछ कम हुई है, लेकिन जिस तरह से बोर्ड ऑफ पीस के चार्टर में वीटो का एक मात्र अधिकार केवल अमेरिका (राष्ट्रपति ट्रंप ) को दिए जाने की बात कही गई है, उसे देखते हुए दोनों साम्यवादी देश शायद इस संशय में हैं कि अमेरिकी पहल का हिस्सा बनने से उनकी स्थिति कमजोर हो सकती है। कमोबेश यही स्थिति ब्रिटेन की है। तीनों का आशंकित होना स्वाभाविक है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में वीटो के मामले में अमेरिका, रूस, चीन और ब्रिटेन की शक्ति बराबर है। पांचवें स्थायी सदस्य फ्रांस ने ट्रंप की योजना का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। फ्रांस पर दबाव बनाने के लिए ट्रंप ने फ्रांसीसी वाइन और शैंपेन पर 200 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। दिलचस्प बात यह है कि बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। कनाडा भी पूरी तरह से तैयार था लेकिन दावोस में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा अमेरिका की टैरिफ नीति की निंदा किए जाने के कारण अब ट्रंप ने कनाडा से निमंत्रण को वापस ले लिया है। दरअसल ट्रंप ने 29 सितंबर 2025 को गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा की थी। इसका अरब समुदाय सहित इजरायल और यूरोप के कई देशों ने समर्थन किया। 17 नवबंर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इसका स्वागत करते हुए भारी बहुमत से प्रस्ताव संख्या 2803 पारित किया। ट्रंप का कहना है कि अब समय आ गया है, जब प्रस्ताव के लक्ष्यों को अमली जामा पहनाया जाए। पूरी योजना का केन्द्र शांति बोर्ड है। चार्टर के अनुसार बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल तीन साल रखा गया है। यदि कोई सदस्य बोर्ड में स्थायी रूप से बने रहना चाहते हैं तो इसके लिए उन्हें 1 अरब डॉलर का योगदान करना होगा। बोर्ड के कार्यकारी मंडल में ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, विदेशमंत्री मार्को रूबियो, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर शामिल हैं। बोर्ड की अध्यक्षता ट्रंप ने स्वयं अपने पास रखी है। अध्यक्ष के कार्यकाल की कोई सीमा नहीं है अर्थात कार्यकाल अनिश्चित रखा हुआ है।

जहां तक ट्रंप को बोर्ड से हटाए जाने का सवाल है तो वह स्वेच्छा से त्यागपत्र दे सकते हैं या कार्यकारी परिषद्



के सर्वसम्मत मत द्वारा निर्धारित अक्षमता के आधार पर पद से हटाया जा सकता है। ऐसे में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में थोड़ी भी रुचि रखने वाला कोई भी देश इसमें शामिल होगा, इसमें संदेह है। ट्रंप प्रशासन का अनुमान है कि बोर्ड में तकरीबन 60 से अधिक देश शामिल होंगे और 60 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त होगा, जिसका उपयोग गाजा के पुनर्निर्माण में किया जाएगा। हालांकि वाशिंगटन शांति बोर्ड को गाजा के पुनर्निर्माण और समृद्धि के लिए एक रोडमैप के रूप में पेश कर रहा है, लेकिन बोर्ड से फिलिस्तीनियों को बाहर रखना अपने आप में आश्चर्यजनक है।

कोई दो राय नहीं कि ट्रंप के शांति बोर्ड का उद्देष्य गाजा में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना है, लेकिन जिस तरह से इसे एक नए अंतरराष्ट्रीय संगठन और शांति व्यवस्था स्थापित करने वाले निकाय के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, उसे देखते हुए सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या ट्रंप का शांति बोर्ड आने वाले समय में संयुक्त राष्ट्र संघ की जगह लेता हुआ दिखाई देगा। यह सवाल इसलिए भी प्रासंगिक हो जाता है क्योंकि ट्रंप लगातार इस विश्व संस्था की आलोचना करते रहे हैं। ट्रंप खुद भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं। प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि उनका बोर्ड अंतरराष्ट्रीय निकाय की जगह ले सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं संयुक्त राष्ट्र क्षमताओं का प्रशंसक हूं लेकिन इस संस्था ने कभी अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों का निपटारा कर देना चाहिए था, जिनका मैंने निपटारा किया। जिस तरह से पिछले दिनों अमेरिका की डेल्टाफोर्स ने वैनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा किया उससे डोनाल्ड ट्रंप और उनकी 'शांति की पहल' पर सवाल उठ रहे हैं। रूस और पाकिस्तान को निमंत्रण भेजे जाने पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

रूस यूक्रेन युद्ध का एक पक्षकार है। एक संप्रभु राष्ट्र पर हमला करने और आतंकवाद को पालने, बढ़ाने और उसका वित्तपोषण करने वाले देश को शांति स्थापना के प्रयासों का हिस्सा बनाना क्या अपने आप में हास्यास्पद नहीं है।इसके अलावा जिस तरह से पाकिस्तान को गाजा में शांति और सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में शामिल किया जा रहा है, उससे इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की परेशानी बढ़ सकती है। सवाल तो चार्टर के विभिन्न प्रावधानों पर भी उठ रहे हैं। सदस्यता के लिए इच्छुक देशों के दायित्व क्या होंगे, बोर्ड किन सिद्धांतों के आधार पर आगे बढ़ेगा, इसका कोई पैमाना चार्टर में नहीं है। ऐसे में क्या स्थायी सीट हर वक्त बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। 1 अरब डॉलर की राशि क्या तमाम योग्यताओं का निर्धारक बिन्दू होगी।

ऐसे में आशंका इस बात की भी है कि शांति स्थापित करने के उद्देश्य से निर्मित यह मंच कहीं सौदेबाजी का अखाड़ा तो बनकर नहीं रह जाएगा। चार्टर में जिस तरह से बोर्ड ऑफ पीस को ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में दिखाने की कोशिश की गई है, जो संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में स्थिरता को बढ़ावा देने, विश्वसनीय और वैध शासन को बहाल करने और स्थायी शांति सुनिश्चित करने का प्रयास करता है, उसमें आशंका इस बात की भी है कि बोर्ड का व्यापक चार्टर संयुक्त राष्ट्र के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर सकता है। हालांकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है, लेकिन बड़ा सवाल भारत के स्टैंड को लेकर भी है। नियम आधारित व्यवस्था और वैश्विक संगठनों के प्रति आदर का भाव रखने वाला भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा बनना चाहेगा, जो पिछले आठ दशकों से वैश्विक शांति की गारंटी के रूप में काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने के मनसूबे पाल रहा है।

(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
राजेश माहेश्वरी



# बजट सत्र में जी राम जी पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

संसद के आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल पर भारी हंगामा होने की संभावना है। यह मुद्दा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा जोर-शोर से उठाया जा रहा है। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लाया गया है और शीतकालीन सत्र में ही संसद के दोनों सदनों से पास हो चुका है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस नए बिल को मनरेगा को 'खत्म करने की साजिश' बता रहे हैं। उनका आरोप है कि नए कानून में कई ऐसे बदलाव किए गए हैं, जिनसे गरीबों के रोजगार की गारंटी प्रभावित होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता राहुल गांधी ने घोषणा की है कि वे इस मुद्दे को बजट सत्र के दौरान संसद में उठाएंगे। संसद का बजट सत्र आगामी 28 जनवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। विपक्ष के अनुसार, मनरेगा में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित था, जबकि नए कानून में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर आशंकाएं हैं। साथ ही, खर्च का प्रतिशत भी राज्यों को अधिक उठाना पड़ेगा। विपक्षी दलों की बयानबाजी से इस बात के प्रमाण मिल रहे हैं कि आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल विपक्ष के लिए सरकार को घेरने का एक प्रमुख मुद्दा होगा, जिससे सदन में हंगामेदार स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बीती 22 जनवरी को दिल्ली में 'मनरेगा बचाओ मोर्चा' के राष्ट्रीय सम्मेलन में राहुल गांधी ने कानून का नाम सुनकर व्यंग्य किया और कहा कि उन्हें इसका नाम भी नहीं पता। उन्होंने इसे गरीबों के अधिकार छीनने की साजिश बताया और मोदी सरकार को खुली चेतावनी दी कि अगर गरीब एकजुट हो जाएंगे तो सरकार पीछे हट जाएगी। राहुल गांधी ने कहा, ये नया कानून क्या है, मुझे पता ही नहीं। जिसमें काम की गारंटी थी और पंचायती राज के माध्यम से चलती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी इसे खत्म करना चाहते हैं और केंद्र को काम व फंड का पूरा नियंत्रण देना चाहते हैं, जिसमें भाजपा शासित राज्यों को प्राथमिकता मिलेगी। वहीं, बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस की तरफ से इस बिल का विरोध करने को लेकर फटकार लगाई है। बीजेपी का कहना है कि राहुल गांधी की आलोचनाओं ने कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस गलत जानकारी फैला रही है। सरकार का पक्ष है कि इस कानून का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिन के रोजगार की गारंटी देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप तैयार करना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मनरेगा के स्थान पर लागू होने वाला वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 अभी तक औपचारिक रूप से अधिसूचित और लागू नहीं हुआ है, इसलिए केंद्र सरकार आगामी बजट में इस योजना को निर्बाध समर्थन सुनिश्चित करने के लिए दोहरी बजटीय आवंटन पर विचार कर रही है। नए कानून के तहत नियम अभी तैयार किए जा रहे हैं, इसलिए सरकार संक्रमणकालीन चरण में मनरेगा और वीबी-जी राम जी योजना दोनों के लिए एक साथ निधि उपलब्ध करा सकती है। नियमों के अधिसूचित होने के बाद ही नया कानून लागू होगा। बजट में भारी बढ़ोतरी का संकेत देते हुए, सरकार ने पहले घोषणा की थी कि वीबी-जी आरएएम जी के लिए 1,51,282 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार अपने बजट घोषणा में इस आवंटन को और बढ़ा सकती है। एमजीएनआरईजीए के लिए वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 दोनों में 86,000 करोड़ रुपये का अपरिवर्तित आवंटन किया गया था। नए अधिनियम के तहत, अनुमानित केंद्रीय निधि का हिस्सा 95,692.31 करोड़ रुपये है, शेष राशि राज्यों द्वारा वहन की जाएगी। नए अधिनियम में केंद्र और राज्यों के बीच 60:40 का लागत-साझाकरण अनुपात अनिवार्य किया गया है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्यों को निधि आवंटन के प्रस्तावित मानदंडों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले 22 जनवरी की सुबह जी राम जी बिल को लेकर कर्नाटक विधानसभा में हंगामा देखने को मिला। जहां राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राज्य सरकार की तरफ से तैयार भाषण पढ़ने से इनकार कर दिया। इसमें जी राम जी बिल को लेकर आलोचना शामिल था। जी राम जी बिल पास होने के वक्त विपक्ष ने संसद के शीतकालीन सत्र में खूब हंगामा किया था। विपक्ष ने संसद से बाहर भी इसका विरोध किया था। विपक्षी नेताओं की ताजा बयानबाजी से साफ है बजट सत्र में जी राम जी की गूंज जोर-शोर से सुनाई देगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित
प्रेरणा

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तुझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

अंतर्मन




आज की पाती

### रेवड़ियां बांटना कितना उचित?

सभी राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए सरकारी खजाने से मुफ्त धन व अन्य वस्तुएं बांटने की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार करने का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने देश पर बढ़ते कर्ज और चुनावी लोकलुभावन घोषणाओं के बीच के खतरनाक संबंध को गंभीरता से लेते हुए जनहित याचिका की सुनवाई के लिए तत्परता दिखाई है, क्योंकि यह मुद्दा केवल चुनावी नैतिकता तक सीमित नहीं, बल्कि देश की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता से जुड़ा है। पिछले एक दशक में राज्यों का सार्वजनिक ऋण तेजी से बढ़ा है और रिज़र्व बैंक की विभिन्न रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि कई राज्य अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में खर्च कर रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और सुरक्षा जैसे जरूरी क्षेत्रों के लिए संसाधन सीमित हो रहे हैं।

*– प्रदीप सक्सेना, बिलासपुर*

ट्रेंड

### मछुआरों के लिए काम



पिछले एक दशक में, एनडीए सरकार ने मछुआरों के लिए व्यापक रूप से काम किया है। हमारा जोर उनके लिए बेहतर बाजार और प्रौद्योगिकी सुनिश्चित करने पर रहा है। आने वाले समय में यह कार्य और भी अधिक जोश के साथ जारी रहेगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मुखर्जी के विचार



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बंगाल से निकलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। आज उनके विचार को भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में जन-जन के बीच पहुंचा रही है।

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कपड़ा निर्यातकों को नुकसान



अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ और अनिश्चितता से भारत के कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है। पीएम मोदी ने कोई राहत नहीं दी है और न ही टैरिफ के बारे में बात की है, जबकि 45 करोड़ से अधिक नौकरियां और व्यवसाय खतरे में हैं।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### निष्ठाएं बिक रहीं




आज निष्ठाएं आसानी से बिक जाती हैं। सिद्धांतों को यूं ही त्याग दिया जाता है और राजनीति पूरी तरह अवसरवादी हो गई है। आज की राजनीति में सफलता इस बात से नहीं आंकी जाती कि कौन से मुद्दे सामने लाए गए या क्षेत्रीय और भाषाई अस्मिता को कितनी मजबूती से जीवित रखा गया।

**- राज ठाकरे, मनसे प्रमुख**

करंट अफेयर

## ट्रंप का जेपी मॉर्गन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैंकिंग क्षेत्र की दिग्गज जेपीमॉर्गन चेस और उसके सीईओ जेमी डिमॉन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया है। ट्रंप का आरोप है कि जनवरी 2021 में उनके पद छोड़ने के बाद जेपीमॉर्गन ने राजनीतिक कारणों से उन्हें और उनके व्यवसायों को बैंकिंग सेवाएं देना बंद कर दिया था।



फ्लोरिडा के मियामी–डेड काउंटी कोर्ट में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि जेपीमॉर्गन ने फरवरी 2021 में बिना किसी स्पष्टीकरण के मात्र 60 दिन के नोटिस पर कई खाते अचानक बंद कर दिए। ट्रंप का दावा है कि जेपीमॉर्गन और डिमोन के ऐसा करने से राष्ट्रपति और उनके व्यवसायों को लाखों डॉलर का नुकसान हुआ, उनके कामकाज में बाधा आई और ट्रंप तथा व्यवसायों को मजबूरन अन्य बैंकों में तत्काल खाते खोलने पड़े। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि 'जेपीएमसी ने (ट्रंप और उनके व्यवसायों को) बैंकिंग सेवाओं से बाहर कर दिया क्योंकि उसका मानना था कि उस समय की राजनीतिक लहर ऐसा करने के पक्ष में थी।' मुकदमे में ट्रंप ने आरोप लगाया कि बैंक ने जब उनके खाते बंद करना शुरू कर दिया तो उन्होंने व्यक्तिगत रूप से डिमोन के साथ इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की और डिमोन ने ट्रंप को आश्वासन दिया था कि वह पता लगाएंगे कि क्या हो रहा है।

ऑफ बीट


## कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि



पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे–छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



## यूएस टैरिफ और इकोनॉमी पर राहुल ने केंद्र सरकार को घेरा

# 45 करोड़ से ज्यादा नौकरियां और लाखों व्यवसाय पर खतरा मंडरा रहा

### ट्रंप की टैरिफ नीतियों का जिक्र कर भारत पर हो रहे कथित दुष्प्रभावों को रेखांकित किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने फिर सरकार को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया है। उन्होंने एक्स पर वीडियो क्लिप साझा की है। राहुल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों का जिक्र करते हुए भारत पर हो रहे कथित दुष्प्रभावों को रेखांकित किया है। राहुल ने कहा है कि टैरिफ के कारण देश में करोड़ों नौकरियों के अलावा लाखों व्यवसायी भी खतरे में हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि लोगों को राहत दिलाने के लिए केंद्र ने प्रभावी फैसले नहीं लिए। प्रधानमंत्री पर राहत के लिए प्रभावी कदम न उठाने के आरोप लगाते हुए राहुल ने कहा, पीएम मोदी ने न तो कोई राहत दी और न ही टैरिफ के बारे में आज तक कोई बयान दिया है। 45 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों व्यवसाय खतरे में हैं। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं।


राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे

#### 'दुर्दशा' के लिए प्रधानमंत्री जवाबदेह

राहुल ने हैशटैगका भी इस्तेमाल किया है। राहुल की इस टिप्पणी को तमिलनाडु में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। राहुल ने कहा, अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी टैरिफ की मार का उल्लेख करते हुए लिखा, अमेरिका ने जो 50प्रतिशत टैरिफ लगाया है इससे अनिश्चितता के माहौल में भारत के कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है। कारखाने बंद हो रहे हैं, नौकरियां छिन रही हैं। ऑर्डरों में कमी हमारी 'बेहाल अर्थव्यवस्था' की हकीकत बन चुकी है।

#### सरकार को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया

कांग्रेस के कई नेता पीएम मोदी की आर्थिक नीतियों को लेकर आलोचनात्मक टिप्पणियां करते रहे हैं। इससे पहले जब राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, उस समय उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन जैसी हस्तियों के साथ भी देश और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर सरकार के फैसलों को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया गया था।

जयराम ने भी आरोप लगाए

### प्रधानमंत्री इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने में सबसे माहिर

कांग्रेस संचार प्रभारी और महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने में सबसे माहिर हैं। राष्ट्रगान के इतिहास से भी छेड़छाड़ की कोशिश की गई और संसद में वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान रवींद्रनाथ टैगोर का भी अपमान करने का प्रयास किया गया। रमेश ने एक पोस्ट में आरोप लगाया कि पीएम मोदी व्यवस्थागत तरीके से महात्मा गांधी की यादों और विरासत को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं।



कांग्रेस-थरूर में फिर छिड़ी रार

### अहम बैठक में फिर नहीं पहुंचे दीक्षित बोले- कोई फर्क नहीं पड़ेगा

केरल चुनाव को लेकर एक अहम बैठक में तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर नहीं पहुंचे। जब इसे लेकर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जो भी बड़े नेता थे, वो सभी बैठक में शामिल हुए। थरूर और कांग्रेस के बीच इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। अब ये नाराजगी सतह पर आ गई है। केरल में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और कांग्रेस पार्टी चुनाव की तैयारियों में जुटी है।हालांकि पूरे चुनावी परिदृश्य से थरूर नदारद हैं और वे पार्टी की अहम बैठकों से भी दूरी बना रहे हैं। इस पर दीक्षित कहा कि थरूर के आने या न आने से कोई फर्क नहीं पड़ता।



## खबर संक्षेप

### पुणे में कार ने बच्चे को कुचला, मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे स्थित लोनी काल्भोर में शुक्रवार को एक रिहायशी सोसाइटी में कार ने साइकल चला रहे 5 साल के बच्चे को कुचल दिया। इसमें बच्चे की मौत हो गई। ये पूरी घटना सोसाइटी में लगे कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में दिखता है बच्चा साइकल चला रहा था तभी एक कार आई और बच्चे को कुचलते हुए निकल गई। कार सवार दोस्त को छोड़ने आया था।




### घर से नोटों का पहाड़ 61 किलो चांदी जब्त

**कानपुर।** यहां कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अवैध आर्थिक गतिविधियों पर लगाम कसने की दिशा में पुलिस कमिश्नरेट ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच की टीम नेधनकुट्टी इलाके के एक घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित मकान पर छापेमारी की। करीब 2 करोड़ नकद और करीब 61 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है। नेपाली मुद्रा भी मिली है।



### क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक

**जयपुर।** जयपुर हाईकोर्ट से दुष्कर्म के आरोपों का सामना कर रहे क्रिकेटर यश दयाल को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने इस मामले में यश दयाल की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह आदेश हाईकोर्ट के जस्टिस गणेशराम मीणा की सिंगल बेंच ने दिया। कोर्ट ने जांच में पूरा सहयोग करने और जांच एजेंसियों के समक्ष उपस्थित होने को कहा है।



### कटक में उपराष्ट्रपति ने नेताजी को किया नमन

**कटक।** पराक्रम दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को ओडिशा की अपनी पहली यात्रा पर कटक पहुंचे। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मस्थान पर समारोह में भाग लिया और कहा कि नेताजी की पुकार आज भी भारतीयों में साहस और संकल्प की प्रेरणा देती है। समारोह में प्रसिद्ध मार्चिंग गीत 'कदम कदम बढ़ाए जा' की जोशभरी धुन गूंजी।



### कफ सिरप मामले में 28 करोड़ की संपत्ति जब्त

**वाराणसी।** कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के खिलाफ सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तस्करी के मुख्य सरगना बताए जा रहे शुभम जायसवाल के पिता भोला की 28.50 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा रही है। वाराणसी के रामकटोरा में शुभम जयसवाल की पत्नी वैशाली और मां शारदा देवी के नाम से सम्पति जब्त की है।



## इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वकील को लगाई फटकार

# बेतुकी याचिकाएं दायर करने से बचें कोर्ट का बहुमूल्य समय बर्बाद न करें

### अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किल का मुखपत्र नहीं होता...

एजेंसी ▶▶| इलाहाबाद

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने अधिवक्ताओं को सलाह दी है। कोर्ट ने कहा कि वे वकील ऐसी याचिकाओं को दायर करने या अपने मुवक्किल से ऐसे केस लेने से बचें, जिनका कोई मतलब नहीं है। अदालत ने कहा कि ऐसी याचिकाओं से कोर्ट का बहुमूल्य समय बर्बाद होता है। जिसका उपयोग अन्य मामलों के निपटारे के लिए किया जा सकता है।

न्यायालय ने यह भी कहा कि अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किल का मुखपत्र नहीं होता, क्योंकि वह न्यायालय के समक्ष मुवक्किल का प्रतिनिधित्व कर रहा होता है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे एक वकील को योग्यताहीन याचिका दायर करने के लिए फटकार लगाई और उसे मेरिट पर ही खारिज कर दिया।अधिवक्ताओं को सलाह देते हुए न्यायालय ने कहा कि यदि कोई मुवक्किल किसी तुच्छ याचिका को दाखिल करने या कोई निराधार दलील पेश करने पर जोर देता है, तो अधिवक्ता को उसे ऐसा न करने की सलाह देनी चाहिए और ऐसी तुच्छ दलीलों को स्वीकार करने से बचना चाहिए।

#### वकील को बताया अदालत का जिम्मेदार अधिकारी



अदालत ने कहा कि अपने मुवक्किल के प्रतिनिधि होने के अलावा एक वकील अदालत का एक जिम्मेदार अधिकारी होता है और उसे प्रासंगिक कानूनों, जिनमें क़ानून, नियम और न्यायिक मिसालें शामिल हैं, उसकी सहायता से अपने सटीक और संक्षिप्त तर्कों के साथ अदालत की सहायता करनी चाहिए।बार और पीठ एक ही रथ के पहिए हैं। रथ के तेज और सुचारू रूप से चलने के लिए यह आवश्यक है कि सभी पहिए एक ही गति से आगे बढ़ें और पहियों का एक समूह रथ के पहियों के दूसरे समूह पर ब्रेक लगाने की कोशिश न करे।

#### यह था मामला?

अदालत लखनऊ के ऋण वसूली न्यायाधिकरण के रजिस्ट्रार द्वारा जारी 11 नवंबर, 2025 की एक नोटिस को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता ने डीआरटी (ऋण वसूली न्यायाधिकरण) के समक्ष एक प्रतिभूतिकरण आवेदन (एसए) दायर किया था। याचिकाकर्ता ने निवेदन किया कि रजिस्ट्रार के पास विपक्षी पक्षों को यह बताने के लिए अपने समक्ष उपस्थित होने का आदेश देने का अधिकार नहीं है कि एसए को क्यों स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

#### गुजरात में उच्च न्यायालय ने पुजारी को दिया जवाब

## सिर्फ वर्षों पूजा करने से आप मंदिर के मालिक नहीं हो सकते

गुजरात हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में साफ किया है कि किसी भी मंदिर का पुजारी ज़मीन का मालिक नहीं होता, बल्कि वह केवल देवता का सेवक होता है। अदालत ने एक ऐसे पुजारी की अपील खारिज कर दी, जो सार्वजनिक रास्ते पर बने गणेश मंदिर की ज़मीन पर अपना मालिकाना हक जताना चाहता था। जस्टिस जेसी दोशी की पीठ ने ये फैसला सुनाते हुए कहा कि सिर्फ वर्षों तक पूजा-पाठ करने से किसी पुजारी को मंदिर की ज़मीन पर अधिकार नहीं मिल जाता और न ही वह मंदिर को तोड़े जाने से रोक सकता है।



#### पुजारी केवल देवता का सेवक

हाई कोर्ट ने कहा कि पुजारी भूमिस्वामी नहीं होता, वह केवल देवता का सेवक होता है। सेवक होने के नाते वह यह दावा नहीं कर सकता कि उसकी मौजूदगी मालिक की तरफ से थी और वह 'अतिक्रमण द्वारा स्वामित्व' में बदल गई।

#### क्या है पूरा मामला?

एक महिला ज़मीन मालिक ने अपनी संपत्ति के पास सार्वजनिक रास्ते पर बने गणेश मंदिर पर आपत्ति जताई और सिविल कोर्ट में मंदिर हटाने की मांग की। ट्रायल कोर्ट और पहली अपीलीय अदालत दोनों ने मंदिर को हटाने का आदेश दिया। इसके बाद पुजारी ने हाई कोर्ट में अपील दाखिल की। पुजारी का तर्क था कि वह कई वर्षों से वहां पूजा कर रहा है। उसे 'एडवर्स पजेशन' के तहत ज़मीन का मालिक माना जाना चाहिए।

# दावोस में महाराष्ट्र सरकार का 30 लाख करोड़ रुपए के निवेश का दावा केवल झूठ और फरेब : कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस ने दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान महाराष्ट्र सरकार द्वारा किए गए 30 लाख करोड़ के भारी-भरकम निवेश के दावों पर कड़े सवाल खड़े किए हैं। पार्टी ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा पिछले 3वर्षों में करीब 50 लाख करोड़ निवेश आने का दावा किया गया है, जो महाराष्ट्र की जीडीपी के बराबर है। पार्टी ने इन आंकड़ों को वास्तविकता से कोसों दूर बताते हुए कहा कि इतने अधिक निवेश का जमीनी स्तर पर कोई ठोस परिणाम दिखाई नहीं देता।

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर फर्जी आंकड़ों के जरिए जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार बताए कि असल में कितनी कंपनियों ने महाराष्ट्र की धरती पर उत्पादन का काम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन सालों में 50 लाख करोड़ के अलावा 2018 में भी 'मैग्नेटिक महाराष्ट्र' सम्मेलन में 16 लाख करोड़ का निवेश आने का दावा किया गया था। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि अगर सचमुच इतना निवेश हुआ है तो महाराष्ट्र का 10 लाख करोड़ का ऋण खत्म हो जाना चाहिए, किसानों का कर्ज माफ हो जाना चाहिए और 'लाडकी बहिन' योजना में महिलाओं को हर महीने 1,500 की जगह 2,100 रुपए मिलने चाहिए, लेकिन हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है।

पाटिल ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि उसके द्वारा साइन किए गए एमओयू में से कितने प्रोजेक्ट वास्तव में जमीन पर उतरे हैं। कितनी कंपनियों ने उत्पादन शुरू किया, कितने रोजगार पैदा हुए और कितनी कंपनियां वास्तव में रजिस्टर्ड व लिस्टेड हैं। उन्होंने दावा किया कि 70-80 प्रतिशत कंपनियां न तो लिस्टेड हैं और न ही उनकी आर्थिक क्षमता इतनी है कि वे समझौता ज्ञापन के अनुसार निवेश कर सकें। उन्होंने यह सवाल भी किया कि एमआईडीसी, सिडको और एमएमआरडीए के पास कितनी जमीन उपलब्ध है और महाराष्ट्र सरकार ने उद्योग लगाने के लिए कितनी कंपनियों को जमीन दी है।

पाटिल ने बताया कि कई कंपनियों की वास्तविक पूंजी बहुत कम है, लेकिन उन्होंने हजारों करोड़ के एमओयू किए हैं। उन्होंने कहा कि नमन बिल्डर्स (हर्ष शाह) ने लगभग 1,500 करोड़ का एमओयू किया, लेकिन उनकी इतनी आर्थिक क्षमता है ही नहीं। इसी तरह सौरभ बोरा की कंपनी की वैल्यू 4,500 करोड़ रुपए है, लेकिन एमओयू 45,000 करोड़ का किया गया। कोंकण के दीघी पोर्ट में 2,500 एकड़ की जमीन अब तक बेची नहीं जा सकी है और विदर्भ में 1,000 एकड़ के टेक्सटाइल पार्क का काम भी आगे नहीं बढ़ पाया है। उन्होंने नागपुर में 'स्मार्ट सिटी' प्रोजेक्ट का जिक्र करते हुए कहा कि 10 साल बीत जाने के बावजूद स्मार्ट सिटी कहीं नजर नहीं आती है। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में उद्योगों को देश की सबसे महंगी बिजली मिल रही है, जिससे निवेश और औद्योगिक विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन, निजी निवेश और औद्योगिक विकास के मोर्चे पर महाराष्ट्र सरकार पूरी तरह विफल रही है। आज हालात यह हैं कि पुणे जैसे औद्योगिक केंद्रों से उद्योग दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक का उदाहरण देते हुए पाटिल ने कह,इन राज्यों की सरकारों ने दावोस में स्पष्ट औद्योगिक नीतियां पेश कीं, जबकि महाराष्ट्र सरकार ने केवल निवेश के बड़े-बड़े आंकड़े गिनाए। उन्होंने कटाक्ष करते पूछा कि क्या फडणवीस खुद को इतना कुशल साबित कर प्रधानमंत्री पद की दावेदारी पेश करना चाहते हैं?

## हाईकोर्ट में जज के साथ कहासुनी मामले में वकील को फटकारा

# जज को आंख दिखाना चाहते हो तो दिखाओ, हम भी आप को 'देख' लेंगे

### सीजेआई से महेश को नाराजगी का सामना करना पड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाईकोर्ट में जज के साथ कहासुनी से जुड़े मामले में फंसे वकील को सुप्रीम कोर्ट से फटकार मिली है। वकील के खिलाफ आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी हुआ था, जिसके बाद उन्होंने शीर्ष न्यायालय का रुख किया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने अदालत में चेतावनी दी और कहा कि अगर वे आंख दिखाना चाहते हैं, तो हम भी देख लेंगे वह क्या कर लेंगे। मामला बीते साल 16 अक्टूबर, झारखंड हाईकोर्ट का है। सुनवाई के दौरान एडवोकेट महेश तिवारी ने जस्टिस राजेश कुमार को सीमा पार नहीं करने के लिए कह दिया था। उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी हुआ। इस पर वे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे, जहां उन्हें सीजेआई की नाराजगी का सामना भी करना पड़ा।

#### क्या बिगाड़ लिया मेरा... दिखा रहे वकील



सीजेआई ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट से आदेश सिर्फ यह दिखाने के लिए चाहते हैं कि क्या बिगाड़ लिया मेरा। उन्होंने एडवोकेट को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अगर वह माफी मांगना चाहते हैं, तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए...।

#### झारखंड हाईकोर्ट में यह हुआ

एडवोकेट तिवारी एक विधवा का केस लड़ रहे थे, जिनका 1 लाख 30 हजार से ज्यादा बकाया होने के कारण बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। जस्टिस कुमार ने राज्य के बार काउंसिल अध्यक्ष से वकील के काम करने के तरीके पर संज्ञान लेने के लिए कहा। तिवारी उठे और अंगुली दिखाते हुए जज से कहा कि मैं अपनी तरह से बहस कर सकता हूं।

#### सुप्रीम कोर्ट के गेट तक चलेगी मेट्रो! सीजेआई ने बताया प्लान

सुप्रीम कोर्ट की तस्वीर अब पूरी तरह बदलने वाली है। सीजेआई ने एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लान का खुलासा किया है। अब लोगों को गर्मी और मूसलाधार बारिश में परेशान होकर कोर्ट नहीं आना पड़ेगा। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट के लिए एक समर्पित मेट्रो लाइन का विचार पेश किया है। यह मेट्रो सीधे कोर्ट परिसर तक शानदार कनेक्टिविटी देगी।

## गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल



**बरसात में भी दिखा जवानों का जोश**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। सुबह से हो रही बरसात के बावजूद कर्तव्य पथ पर तीनों सेनाओं के जवानों ने कदम से कदम मिलाकर परेड की। कर्तव्य पथ पर पहली बार भारतीय सेना की भैरव बटालियन फुल ड्रेस रिहर्सल का हिस्सा बनी।

## शंकराचार्य विवाद की बहस में कूदे कथावाचक और धर्माचार्य

# किसी साधु का अपमान अनुचित, मतभेद भुला इसे सुलझाएं

### मेला प्रशासन ने पदवी पर ही उठाए सवाल, कानून का दिया हवाला

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

यहां माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन में टकराव के बाद यह विवाद शंकराचार्य की पदवी तक पहुंच गया। मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस जारी कर पूछा है कि खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया। अब इस बहस में कथावाचक और धर्माचार्य भी कूद पड़े हैं। गोवर्धनमठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद को अपना लाडला बताया। उन्होंने कहा कि साधु-संतों के साथ मारपीट और ब्रह्मचारियों की चोटियां पकड़कर उन्हें खींचना बिल्कुल गलत है। कोई भी हो, यह बात सभी पर लागू होती है।


स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



स्वामी निश्चलानंद

#### आदर करें, इसे तूल न दें

कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने अपने सामने धर्म संकट बताते हुए कहा कि दोनों अपने ही हैं। एक तरफ भगवान रूपी शंकराचार्य हैं। उन पर किसी तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है। सभी का आदर करें, सुलझाएं, तूल न दें।



#### किसी भी शंकराचार्य या साधु को विवाद नहीं करना चाहिए



बाबा रामदेव ने कहा कि तीर्थ स्थलों पर किसी भी शंकराचार्य या साधु को विवाद नहीं करना चाहिए। आपसी विवाद से सनातन का अपयश होता है। हमें आपस में नहीं लड़ना चाहिए, बल्कि सनातन की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए।

#### फलाहारी महाराज ने खून से लिखा पत्र

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने खून से मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिख कर कहा है कि शंकराचार्य हिंदुओं के भगवान हैं। प्रधानमंत्री भी इनके पैर छूते हैं। आप दोनों सनातनी संतों के जुबानी युद्ध का फायदा दूसरे राजनैतिक दल उठा रहे हैं।



भाजपा ने निकाय चुनाव के लिए नियुक्ति दी

# पंचकूला में मंत्री गोयल और अंबाला में गंगवा बने प्रभारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने नगर निकाय चुनाव के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की है। पंचकूला चुनाव के लिए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और पूर्व मंत्री कंवर पाल गुर्जर को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। अंबाला चुनाव के लिए मंत्री रणबीर गंगवा और प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता को प्रभारी नियुक्त किया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि सोनीपत नगर निकाय चुनाव के लिए बड़ौली ने मंत्री कृष्ण पंवार और जवाहर सैनी को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

रेवाड़ी नगर परिषद चुनाव में मंत्री गौरव गौतम और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया को प्रभारी बनाया है। वहीं उकलाना नगर पालिका चुनाव के लिए मंत्री कृष्ण बेदी और प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य को प्रभारी नियुक्त किया है। सांपला नगरपालिका चुनाव के लिए मंत्री अरविंद शर्मा और रोहतक के मेयर रामअवतार वाल्मिकी को प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। धारूहेड़ा नगर पालिका चुनाव के लिए मंत्री राजेश नागर तथा जिला प्रभारी कमल यादव को प्रभारी नियुक्त किया है।

# छंटनी के दौर में आईटी कंपनी इंफोसिस करने जा रही 20,000 ग्रेजुएट्स की भर्ती

## वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक में कंपनी के सीईओ ने की पुष्टि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में जहां दुनियाभर की कई बड़ी कंपनियां वर्कफोर्स में कटौती कर एआई में भारी निवेश की राह पर चल पड़ी हैं, वहीं आईटी सेक्टर से एक राहत देने वाली खबर सामने आई है। देश की प्रमुख आईटी कंपनी इन्फोसिस ने वित्त वर्ष 2027 में करीब 20,000 ग्रेजुएट्स की भर्ती करने की योजना बनाई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक के दौरान कंपनी के सीईओ सलिल पारेख ने इस बात की पुष्टि की है। इन्फोसिस का यह बड़ा भर्ती प्लान इस बात का संकेत है कि आने वाले वर्षों में एआई और डिजिटल टेक्नोलॉजी से जुड़ी सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ने वाली है। सीईओ सलिल पारेख के मुताबिक, कंपनी के क्लाइंट्स की मांग तेजी से बदल रही है और अब उनका झुकाव एआई और ऑटोमेशन की ओर ज्यादा है। इन्फोसिस को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, कस्टमर सर्विस और एप्लिकेशन मॉडर्नाइजेशन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर नजर आ रहे हैं, जहां एआई की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि पिछले साल टीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट समेत कई वैश्विक कंपनियों ने बड़े पैमाने पर छंटनी की थी, जिसके पीछे एआई में निवेश को प्रमुख वजह बताया गया।

### छंटनी के बीच बड़ी खुशखबरी

हालांकि पारंपरिक आईटी सर्विसेज में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं, लेकिन कंपनी आक्रामक तरीके से नेक्स्ट-जेनरेशन डिजिटल और एआई ट्रांसफॉर्मेशन पर फोकस बढ़ा रही है। यह विस्तार इन्फोसिस की दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाता है, जिसमें भविष्य की टेक्नोलॉजी को केंद्र में रखा गया है।




### वर्ष 2026 में 18 हजार कर्मियों की भर्ती कर चुकी

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 की पहली तीन तिमाहियों में इन्फोसिस पहले ही लगभग 18,000 ग्रेजुएट्स की भर्ती कर चुकी है। दिसंबर तिमाही में ही कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में करीब 5,000 का इजाफा हुआ है। उम्मीद जताई जा रही है कि पूरे वित्त वर्ष 2026 में फ्रेशर्स की हायरिंग का आंकड़ा 20,000 तक पहुंच सकता है।

## खबर संक्षेप

### इंडिया यामाहा ने तीन लाख से अधिक स्कूटर वापस मंगाए

**नई दिल्ली।** इंडिया यामाहा मोटर ने खराब ब्रेक पार्ट को ठीक करने के लिए अपने 'रे जेडआर 125 एफआई हाइब्रिड' और 'फसिनो 125 एफआई हाइब्रिड' स्कूटर मॉडल की तीन लाख से अधिक इकाइयां वापस मंगाने की घोषणा की है। इंडिया यामाहा मोटर ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने दो मई, 2024 से तीन सितंबर, 2025 के बीच विनिर्मित अपने 125 सीसी स्कूटर मॉडल की 3,06,635 इकाइयों को वापस मंगाने के लिए तत्काल प्रभाव से स्वैच्छिक अभियान शुरू किया है।

### आईआरबी इंफ्रा की कुछ हिस्सों पर टोल वसूली शुरू

**नई दिल्ली।** आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के लखनऊ–अयोध्या–गोरखपुर खंड और लखनऊ–वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग-731 के लखनऊ–सुल्तानपुर खंड पर टोल वसूली शुरू कर दी है। आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स (आईआरबी इन्फ्रा) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को 9,270 करोड़ रुपये की अग्रिम रियायत शुल्क राशि का भुगतान करने और वित्तीय समापन के बाद टोल वसूली शुरू की गई है।

### बालाजी वेफर्स में हिस्सेदारी खरीदेगी जनरल अटलांटिक

**नई दिल्ली।** वैश्विक निजी इक्विटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जनरल अटलांटिक गुजरात स्थित बालाजी वेफर्स में अल्पांश हिस्सेदारी खरीदने की योजना बना रही है। इस निवेश से कंपनी के प्रमुख कॉरपोरेट कार्यों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। उद्योग से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि यह वैश्विक निवेशक 'पैकेज्ड स्नैक्स' कंपनी बालाजी वेफर्स में करीब सात प्रतिशत हिस्सेदारी 2,000 करोड़ रुपये से अधिक में हासिल करेगा। इससे कंपनी का मूल्यांकन करीब 35,000 करोड़ रुपये बैठता है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## जोहो ने यह घोषणा तमिलनाडु के तंजावुर जिले के कुंभकोणम से की

# जोहो ने भारतीय उद्यमों के लिए पेश किया एआई से लैस स्वदेशी ईआरपी मंच

एजेंसी ▶▶| कुंभकोणम (तमिलनाडु)

घरेलू सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो ने शुक्रवार को भारतीय उद्यमों के लिए अपना नया स्वदेशी 'उद्यम संसाधन नियोजन' (ईआरपी) समाधान पेश किया। इसके जरिये कंपनी छोटे शहरों एवं कस्बों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के साथ वैश्विक कंपनियों को चुनौती भी देना चाहती है। ईआरपी एक सॉफ्टवेयर प्रणाली होती है जो किसी कंपनी या संगठन के सभी मुख्य कामकाज को एक जगह जोड़कर उसका प्रबंधन करने में मदद करती है। जोहो ने यह घोषणा तमिलनाडु के तंजावुर जिले के कुंभकोणम से की, जहां कंपनी अपनी मौजूदा करीब 200 कर्मचारियों की टीम को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 2,000 पेशेवरों की क्षमता वाले एक बड़े परिसर में बदलने की योजना बना रही है।

- कंपनी छोटे शहरों एवं कस्बों में अपनी मौजूदगी बढ़ाएगी

**खास बातें**

- जोहो वैश्विक कंपनियों को चुनौती भी देना चाह रही
- ईआरपी प्रणाली प्रबंधन करने में मदद करती है



### जोहो के स्वदेशी सॉफ्टवेयर का उपयोग

'स्वदेशी' सोच को बढ़ावा देते हुए पिछले साल केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की प्रस्तुति के लिए जोहो के स्वदेशी सॉफ्टवेयर 'जोहो शो' का इस्तेमाल किया था। जोहो का कहना है कि उसका नया ईआरपी समाधान तेजी से बढ़ते भारतीय कारोबार को ज्यादा लागत और जटिल ढांचे के बगैर विस्तार करने में मदद करेगा।

### एआई को अलग से जोड़ने की जगह मंच का हिस्सा बनाया

जोहो ईआरपी में कृत्रिम मेधा (एआई) को अलग से जोड़ने के बजाय मंच का ही हिस्सा बनाया गया है। इससे स्वचालन, भविष्य का अनुमान लगाने, गड़बड़ियों की पहचान और वित्त एवं संचालन से जुड़ी पूरी जानकारी एक ही जगह मिल सकेगी।

### वैश्विक ईआरपी प्रणाली का स्वदेशी विकल्प

जोहो कॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश दवे ने कहा कि यह नया समाधान वैश्विक ईआरपी प्रणालियों का एक मजबूत स्वदेशी विकल्प है। इस अवसर पर जोहो के संस्थापक और मुख्य वैज्ञानिक श्रीधर वेम्बू ने कहा कि तेजी से प्रौद्योगिकी पर निर्भर होती जा रही दुनिया में देशों के लिए प्रौद्योगिकी मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करना आवश्यक है।

### ईआरपी मंच पहले भारत में होगा उपलब्ध

वेम्बू ने बातचीत में कहा कि यह ईआरपी मंच पहले भारत में उपलब्ध होगा और फिर चरणबद्ध तरीके से इसे वैश्विक स्तर पर पेश किया जाएगा। अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की कोई योजना नहीं होने पर वेम्बु ने कहा कि निजी कंपनी बने रहने से जोहो को शोध और विकास में भारी निवेश करने का मौका मिलता है।

### ईआरपी विकसित करने में लगे पांच साल

वेम्बू ने कहा कि लगभग पांच साल में विकसित यह ईआरपी मंच जोहो के वित्तीय सॉफ्टवेयर के 15 साल के अनुभव पर आधारित है और कंपनी के लिए एक प्रमुख वृद्धि इंजन बनने की संभावना है।

## एसी उपकरणों के निर्माण के लिए पीएलआई योजना में पांच कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



एयर कंडीशनर उपकरणों के निर्माण के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत पांच लाभार्थी कंपनियों को चुना गया है। इनमें किर्लोस्कर न्यूमैटिक, इंडो एशिया कॉपर और गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी शामिल हैं। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। इसके तहत कुल 863 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह योजना आधार वर्ष और एक वर्ष की तैयारी की अवधि के बाद पांच वर्षों के लिए बढ़ती बिक्री पर घटते आधार पर 6 से 4 प्रतिशत तक का प्रोत्साहन देती है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि अन्य दो लाभार्थी क्रायोन टेक्नोलॉजी और प्रणव विकास (इंडिया) हैं, जिनका निवेश क्रमशः 175 करोड़ रुपये और 50 करोड़ रुपये है। मंत्रालय ने कहा, ''व्हाइट गुड्स (एसी और एलईडी लाइट) के लिए पीएलआई योजना के तहत चौथे दौर में मिले 13 आवेदनों के मूल्यांकन के बाद 863 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश वाले पांच आवेदकों को अस्थायी रूप से लाभार्थियों के रूप में चुना गया है।'' इन पांच कंपनियों का कुल उत्पादन 8,337.24 करोड़ रुपये का होगा और ये 2027-28 तक 1,799 व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार पैदा करेंगी। किर्लोस्कर न्यूमैटिक ने 320 करोड़ रुपये, इंडो एशिया कॉपर ने 258.97 करोड़ रुपये और गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ने 58.69 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया है।

- किर्लोस्कर, न्यूमैटिक, इंडो एशिया कॉपर व गोदरेज शामिल

### चौथे दौर के लिए विंडो खुली थी

बाकी आठ आवेदकों को जांच और सिफारिशों के लिए विशेषज्ञों की समिति (सीओई) के पास भेजा जा रहा है। चौथे दौर के लिए आवेदन विंडो 15 सितंबर से 10 नवंबर, 2025 तक खुली थी।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि 16 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.36 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 39.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 687.19 अरब डॉलर हो गया था।

## इंडिग्रिड ने संस्थागत नियोजन से जुटाए 1,500 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडीग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने संस्थागत निवेशकों की व्यापक भागीदारी के बीच संस्थागत नियोजन निर्गम के जरिये 1,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी के शुक्रवार को बयान में कहा कि 19 जनवरी को शुरू किए गए निर्गम को दो गुना से अधिक अभिदान मिला। इसमें मौजूदा और नए, दोनों तरह के निवेशकों ने हिस्सा लिया। इस निर्गम में 10 बीमा कंपनियों और छह म्यूचुअल फंड ने हिस्सा लिया जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों की 78 प्रतिशत और विदेशी संस्थागत निवेशकों की 12 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इससे पहले नवंबर 2025 में कंपनी ने तरजही निर्गम के जरिये 438 करोड़ रुपये जुटाए थे। संस्थागत नियोजन के पूरा होने के साथ ही इंडिग्रिड ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान इक्विटी पूंजी के रूप में कुल 1,938 करोड़ रुपये जुटाए हैं जो पूंजी जुटाने के एक सुविचारित एवं चरणबद्ध रणनीति को दर्शाता है।

### पीएसयू कंपनियों के कर्मियों के वेतन-पेंशन संशोधन को मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के कर्मचारियों के वेतन संशोधन को मंजूरी दे दी है। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और नाबार्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन संशोधन को भी स्वीकृति दी गई है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस वेतन संशोधन से कुल 46322 कर्मचारी, 23570 पेंशनधारक और 23260 पारिवारिक पेंशनधारक लाभान्वित होंगे। पीएसयू सामान्य बीमा कंपनियों के वेतन संशोधन के संबंध में मंत्रालय ने कहा कि यह एक अगस्त 2022 से प्रभावी होगा। इस पर कुल खर्च 8,170.30 करोड़ रुपये होगा जिसमें वेतन संशोधन के तहत बकाया मद में 5,822.68 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के लिए 250.15 करोड़ रुपये तथा पारिवारिक पेंशन के लिए 2097.47 करोड़ रुपये शामिल हैं। नाबार्ड के लिए वेतन संशोधन एक नवंबर 2022 से प्रभावी होगा।

### डिमापुर-कोहिमा रेल परियोजना का निर्माण कार्य प्रगति पर मालीगांव

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण डिमापुर (धनसिरी)–कोहिमा (ज़ुब्ज़ा) नई रेल लाइन परियोजना पर निरंतर कार्य कर रहा है। यह परियोजना पहली बार नागालैंड की राजधानी कोहिमा को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। यह परियोजना कुल 78.42 किलोमीटर लंबा है, जो असम के कार्बी आंगलंग जिला और नागालैंड के चुमुकेडिमा एवं कोहिमा जिलों को कवर करता है। इसमें आठ स्टेशन - धनसिरी, धनसिरीपार, शोखुवि, मॉलवॉम, फेरिमा, पिफेमा, मेंगुजुमा और ज़ुब्ज़ा शामिल हैं। धनसिरी, शोखुवि और मॉलवॉम स्टेशन बनकर तैयार है। इस भाग में जटिल इंजीनियरिंग का कार्य शामिल है, जिसमें 31,169 मीटर की कुल लंबाई में 20 सुरंगें और 27 बड़े पुलों सहित 149 छोटे पुल शामिल हैं और इन संरचनाओं का वास्तविक हिस्सा पहले ही पूरा हो चुका है। परियोजना के दो सेक्शन को चरणों में चालू किया गया था। अक्टूबर, 2021 में धनसिरी-शोखुवि सेक्शन (16.5 कि.मी.) और मार्च, 2025 में शोखुवि-मॉलवॉम सेक्शन (14.64 कि.मी.), फिलहाल, शोखुवि से नियमित ट्रेन सेवाएं चल रही हैं।

### जेपी विश्वविद्यालय सोलन में ड्रोबोटिक्स प्रयोगशाला का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** जेयूआईटी की ड्रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन 20 जनवरी 2026 को हुआ, जो विश्वविद्यालय में अनुभवात्मक और प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस लैब की स्थापना रोबोटिक्स, स्वचालन, एम्बेडेड सिस्टम और एआई-आधारित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में व्यावहारिक शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए की गई है। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ माननीय कुलपति प्रो. आर. के. शर्मा द्वारा रिबन काटने के समारोह के साथ सादगीपूर्ण और गरिमामय तरीके से हुआ। उनकी उपस्थिति और उत्साहवर्धक शब्दों ने छात्रों में नवाचार, रचनात्मकता और व्यावहारिक कौशल विकास को बढ़ावा देने के संस्थान के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित किया। प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में प्रदर्शित रोबोटिक कुत्ते ने कार्यक्रम में एक अनूठा और आकर्षक स्पर्श जोड़ा। इसकी इंटरैक्टिव गतिविधियों और प्रतिक्रियाओं ने तुरंत सबका ध्यान आकर्षित किया और छात्रों, संकाय सदस्यों और अतिथियों के बीच उत्साह का माहौल बना दिया। इसके बाद, ज्ञान, प्रगति और नई शुरुआत का प्रतीक एक पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह आयोजित किया गया।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद–विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। |
| वृष | मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। |
| मिथुन | मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। |
| सिंह | आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। |
| कन्या | नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा। |
| तुला | आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। |
| वृश्चिक | मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। |
| धनु | व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। |
| मकर | आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे। |
| कुंभ | आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है। |
| मीन | अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। |

### अदाणी समूह ने किया आईएएनएस का अधिग्रहण पूरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस में शेष 24 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदकर उस पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है। हालांकि सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज की मीडिया इकाई एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में बची हुई हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए शेयर खरीद समझौता किया है। हालांकि, लेनदेन से जुड़े वित्तीय विवरण साझा नहीं किए गए। समूह ने दिसंबर 2023 में आईएएनएस (इंडो-एशियन न्यूज सर्विस) में 50.50 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की थी जिससे यह समाचार एजेंसी अदाणी की मीडिया इकाई की अनुषंगी कंपनी बन गई थी। इसके बाद जनवरी 2024 में एएमजी मीडिया नेटवर्क्स ने आईएएनएस में मतदान अधिकार वाली हिस्सेदारी बढ़ाकर 76 प्रतिशत कर ली थी जबकि गैर-मतदान शेयर में भी उसकी हिस्सेदारी लगभग पूरी हो गई थी।



### बाइस हजार नेत्रहीनों को मिली नेत्र ज्योति



**मुंबई।** रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन श्रीमती नीता अंबानी ने नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के 75वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुईं। यह अवसर केवल एक संस्था की गौरवशाली यात्रा का उत्सव नहीं था, बल्कि एनबीए इंडिया और रिलायंस फाउंडेशन दृष्टि के बीच पिछले 22 वर्षों से चली आ रही मजबूत, संवेदनशील और प्रभावी साझेदारी के पूर्ण होने का भी प्रतीक बना। रिलायंस फाउंडेशन दृष्टि और एनबीए इंडिया की यह साझेदारी अब तक 22,000 से अधिक जरूरतमंद लोगों को नेत्र-ज्योति लौटाने में सफल रही है। इस पहल के अंतर्गत देश के विभिन्न हिस्सों में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, अत्याधुनिक तकनीक से युक्त नेत्र शल्य चिकित्सा, परामर्श सेवाएं, पुनर्वास कार्यक्रम तथा जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

### आरूष तिवारी ने कांस्य पदक जीता



**नई दिल्ली।** खेलों इंडिया विंटर गेमस को लेह में आयोजित इस प्रतियोगिता में आरूष तिवारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वह इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में सबसे छोटे प्रतिभागी थे। यह खेलों इण्डिया में इसकी पहली भागीदारी थी। उसने यह पदक दिल्ली टीम की ओर खेलते हुए पहला पदक प्राप्त किया। यह पदक खेलों इण्डिया 2026 में छठवां संस्करण में प्राप्त किया गया।

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–


| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09252493 | पी ओ एच किट फॉर के ई टू सी एस एल ए डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व विथ प्रेशर ट्रांसफार्मर | 5134 सेट | 16–02–26 |
| 02 | 08261506 | रिले, ए सी इम्यून, प्लग इन टाइप, स्टाइल क्यू एन ए 1 | 5144 नग | 23–02–26 |
| 03 | 07250207 | कंट्रोल आर्म असेंबली लेफ्ट कांसिसटिंग ऑफ आइटम्स टेबुलेटेड एस अंडर फॉर एल एच बी कोचेस | 961 नग | 23–03–26 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 82/2025–2026 दिनांकः–23.01.2026 259/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 6118



**बाएँ से दाएँ**


1.अशांति, उपद्रव–5
4.गुंडा, बदमाश–3
6.समान–2
7.वारंट, निर्गमपत्र–3
8.पत्र, पाती–2
10.आश्रय–3
11.भेंट, पुरस्कार–4
14.अनुमान, अंदाज–3
16.जो लायक न हो–4
17.एक खलनायक–2
18.जीव, जीवन–2
19.जांचना–परखना–4
21.ख्वाब, स्वप्न–3
22.बलशाली–4
24.रेखा, पंक्ति–3
25.प्यार (अंग्रेजी में–2)
27.भाग्य, किस्मत–3
28.पैंतरा, पारी–2
29.डांट–डपट, घुड़की–3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा–5

**ऊपर से नीचे**

1.समानता का विलोम–5
2.सीता के पति–2
3.रोना, विलाप करना–4
4.सोच–विचार–3
5.जूं का अंडा–2
7.चाहने का भाव–2
9.भारत–पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक–3
12.दशानन–3
13.मधुशाला–4
15.गुजर–बसर–3
16.नामांकित–4
17.मसविदा, रुप–रेखा–3
18.गंवार–3
20.मन को भाने वाला–5
21.आसान, सीधा–3
22.बारिश–4
23.पागल–3
24.होठ, अधर–2
26.हत्या–2
28.अन्न का एक कण–2

**शब्द पहेली- 6117 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| या | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |



# अल्काराज ने खेला अपना 100वां ग्रैंड स्लैम, मौटेट को हराकर की चौथे राउंड में एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

■ ऑस्ट्रेलियन ओपन

दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। अपने 100वें ग्रैंड स्लैम मुकाबले में अल्काराज ने फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को सीधे सेटों में 6-2, 6-4, 6-1 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त के बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम गंवा दिए, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 4-4 पर अहम ब्रेक हासिल किया और दो सेट की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में उन्होंने पूरी तरह दबदबा बनाते हुए डबल ब्रेक लिया और दो घंटे पांच मिनट में मैच समाप्त कर दिया। अल्काराज अब रविवार को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे।



### सबालेंका की संघर्षपूर्ण जीत

महिलाओं के एकल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने अनास्तासिया पोटापोवा को 7-6 (4), 7-6 (7) से हराया। सबालेंका चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं। सबालेंका ने 2023 और 2024 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता और एक साल पहले वह मैडिसन कीज से हारकर उपविजेता रही थीं। सबालेंका ने दो बार अमेरिकी ओपन भी जीता है। अब चौथे दौर में सबालेंका का सामना उभरती हुई स्टार विक्टोरिया म्बोको के खिलाफ होगा, जिन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टौसन को 7-6 (5), 5-7, 6-3 से हराया।

### अल्काराज का ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 87-13

22 साल के अल्काराज का इस जीत के साथ ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 87-13 हो गया है। उन्होंने 100 मैचों में सर्वश्रेष्ठ मेजर रिकॉर्ड के मामले में दिग्गज ब्योर्न बोर्ग की बराबरी कर ली। स्पेन के इस खिलाड़ी ने इससे पहले मेलबर्न में दो बार क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया है। इस बार वे खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं। छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने इस मामले में कई महान खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। राफेल नडाल और जॉन मैकेनरो ने अपने पहले 100 मेजर मैचों में 86-14 का रिकॉर्ड बनाया था, जबकि नोवाक जोकोविच 79-21 और रोजर फेडरर 80-20 के आंकड़े तक पहुंचे थे। अल्काराज के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी जैनिक सिनर ने पिछले साल विंबलडन में अपना 100वां मेजर मैच खेला था, जहां उनका रिकॉर्ड 81-19 रहा।



### मेदवेदेव ने मारोजसन को हराया, चौथे राउंड में प्रवेश

*डेनियल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। तीसरे राउंड के मुकाबले में दो सेट और एक ब्रेक से पीछे चल रहे मेदवेदेव ने जबरदस्त वापसी करते हुए दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी फैबियन मारोजसन को 6-7(5), 4-6, 7-5, 6-0, 6-3 से हराया। मेदवेदेव अपने करियर में 18वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में पहुंचे हैं। मैच के शुरुआती दो सेटों में मारोजसन ने बेहतरीन नियंत्रण दिखाया और मेदवेदेव को लगातार दबाव में रखा। सर्व की रफ्तार कम होने के बावजूद, हंगेरियन खिलाड़ी ने लंबी रैलियों में बढ़त बनाई। वहीं, मेदवेदेव हमेशा की तरह बेसलाइन से काफी पीछे खड़े रहकर खेलते रहे और लगभग चार घंटे तक चले मुकाबले में अपना धैर्य नहीं खोया।*

## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों का चोटिल होना दुर्भाग्यपूर्णः मौरिस


**जोहानिसबर्ग।** आगामी टी20 विश्व कप से पहले क्रिस मौरिस ने कहा कि इस प्रतिष्ठित आईसीसी प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों का चोटिल होना 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। दक्षिण अफ्रीकी टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी खेलेगी। उसे टी20 विश्व कप में अपना अभियान 9 फरवरी को कनाडा के खिलाफ शुरू करना है। दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप की अपनी 15 सदस्यीय टीम में दो बदलाव करने के लिए बाध्य होना पड़ा जब उसने चोटिल टोनी डि जॉर्जी और डोनोवन फरेरा की जगह रेयान रिकल्टन और ट्रिस्टन स्टब्स को टीम में शामिल किया। मौरिस ने कहा, 'मुझे लगता है कि सबूत सामने है। बदकिस्मती से हमारे कुछ खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं। कार्यक्रम काफी व्यक्त है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन यही तो खेल की प्रकृति है और खिलाड़ियों को पता था कि क्या हो सकता है।'

### अफरीदी की टीम में वापसी, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे सीरीज



**कराची।** पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को राष्ट्रीय टी20 टीम में शामिल किया। अफरीदी के घुटने की चोट से वापसी और बाबर आजम के बिग बैश लीग से लौटने के अलावा इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अफरीदी को ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए घुटने में चोट लग गई थी और वह लाहौर के 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' में उपचार के लिए घर लौट आए थे।

### पार्ल रॉयल्स की क्वालीफायर में एंट्री, जोबर्ग सुपरकिंग्स को आसानी से हराया



**जोहानिसबर्ग।** लुआन ड्रे प्रिटोरियस की अगुआई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद हार्डस विलजोएन की धारदार गेंदबाजी से पार्ल रॉयल्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में जोबर्ग सुपरकिंग्स को आसानी से 36 रन से हराकर प्रतियोगिता से बाहर करते हुए क्वालीफायर दो में जगह बनाई। वालीफायर दो में अब रॉयल्स की टीम की भिड़ंत वांडरर्स क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स ईस्टर्न केप से होगी और वह दो बार के पूर्व चैंपियन को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। सनराइजर्स की टीम अब तक तीनों सत्र में खिताबी मुकाबले में खेली है। रॉयल्स के 211 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी।

### दूसरा टी20: न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर बनाए 208 रन, भारत ने 15.2 ओवर में पाया लक्ष्य

# सूर्यकुमार, इशान की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी भारत ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

भाषा ▶▶| रायपुर

कप्तान सूर्यकुमार यादव (नाबाद 82) और इशान किशन (76) की आक्रामक पारियों के दम पर भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड को रिकॉर्ड 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया। बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियों में न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 208 रन पर रोकने के बाद भारत ने महज 15.2 ओवर में तीन विकेट पर रन के साथ श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली।

■ सीरीज में 2-0 से भारत आगे तीसरा मैच गुवाहाटी में खेला जाएगा

भारत ने 28 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की जो टी20 अंतरराष्ट्रीय में 200 से अधिक रन का पीछा करते हुए सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था जिसने पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ ही 24 गेंद शेष रहते 205 रन के लक्ष्य को हासिल किया था। टी20 विश्व कप से पहले लय हासिल करते हुए सूर्यकुमार ने 23 पारियों से चले आ रहे अर्धशतक के सूखे को खत्म किया। उन्होंने 37 गेंद की नाबाद पारी के दौरान नौ चौके और चार छक्के लगाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए इशान के साथ महज 49 गेंद में 122 और शिवम दुबे (नाबाद 36) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 81 रन की अटूट की साझेदारी के साथ टीम के आसानी से जीत दिला दी। भारत ने इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य का सफलता से सबसे बड़े स्कोर के पीछा करने के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। टीम ने इससे पहले 2023 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी लक्ष्य का पीछा करते हुए 209 रन बनाये थे। इशान ने 32 गेंद की पारी में 11 चौके और चार छक्के लगाये जबकि दुबे ने 18 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और एक चौका जड़ा। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, जैकब डफी और ईश सोढ़ी ने एक-एक विकेट लिये। इससे पहले कुलदीप यादव ने बीच के ओवरों में दो अहम विकेट लेकर शानदार वापसी की, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 208 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र (44 रन, 26 गेंद) और कप्तान मिचेल सैंटनर (नाबाद 47 रन, 27 गेंद) ने अलग-अलग चरणों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को 200 रन के पार पहुंचाया।





**न्यूजीलैंड-208/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डेवोन कोन्वे का पंड्या बो राणा | 19 |
| सिफर्ट का इशान बो चक्रवर्ती | 24 |
| रचिन का अर्शदीप बो कुलदीप | 44 |
| फिलिप्स का पंड्या बो कुलदीप | 19 |
| डेरिल मिचेल का पंड्या बो दुबे | 18 |
| चैपमैन का अभिषेक बो पंड्या | 10 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 47 |
| जैक फोक्स नाबाद | 15 |
| अतिरिक्त: | 12 |

**कुल योग:** 20 ओवर में छह विकेट पर 208 रन
**विकेट पतन:** 1-43, 2-43, 3-98, 4-125त्र 5-129, 6-161
**गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-53-, पंड्या 3-0-25-1, राणा 3-1-35-1, चक्रवर्ती 4-0-35-1, कुलदीप 4-0-35-2, अभिषेक 1-0-12-0, दुबे 1-0-7-1

**भारत-209/3 (15.2)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सैमसन का रवींद्र बो हेनरी | 06 |
| अभिषेक का कोन्वे बो डफी | 00 |
| किशन का हेनरी बो सोढ़ी | 76 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 82 |
| शिवम दुबे नाबाद | 36 |
| अतिरिक्त: | 09 |

**कुल योग:** 15.2 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन
**विकेट पतन:** 1-6, 2-6, 3-128,
**गेंदबाजी:** हेनरी 3-0-41-1, डफी 4-0-38-1, फोक्स 3-0-67-0, सैंटनर 2-0-27-0, सोढ़ी 3-0-34-1, मिचेल 0.2-0-2-0

# सरफराज का गरजा बल्ला 19 चौके 9 छक्के जड़कर बनाया दोहरा शतक

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के छठे राउंड के मुकाबले में सरफराज खान के दोहरे शतक की बदौलत मुंबई ने पहली पारी में 560 रन बनाकर मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से रोमांचित करने वाले सरफराज खान जब मुंबई के लिए उजले कपड़ों में उतरे तो उनकी बल्लेबाजी उनकी क्षमता के मुताबिक ही निखरकर सामने आई। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे सरफराज खान ने 219 गेंद पर 9 छक्कों और 19 चौकों की मदद से 227 रन की पारी खेली। उनकी इसी पारी के दम पर मुंबई पहली पारी में 560 रन बना सकी। सरफराज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट का यह पांचवां दोहरा शतक था। पारी के दौरान दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने 5,000 रन भी पूरे किए।



### चौथे विकेट के लिए सिद्धेश के साथ 249 रन की साझेदारी

सरफराज खान ने चौथे विकेट के लिए सिद्धेश लाड के साथ 249 रन की अहम साझेदारी की। इसके अलावा, सरफराज ने सुवेद परकर के साथ भी छठे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की। सिद्धेश लाड ने 179 गेंद पर 2 छक्कों और 10 चौकों की मदद से 104 रन बनाए। वहीं सुवेद ने 98 गेंद पर 1 छक्के और 11 चौकों की मदद से 75 रन की पारी खेली। इसके अलावा, मुंबई के लिए सलामी बल्लेबाजों अखिल हर्वाडिकर ने 27 और आकाश आनंद ने 35 रन की पारी खेली।

### ईश्वरन पानी पीने के चक्कर में रन आउट

क्रिकेट के मैदान में कई तरह के रन आउट देखने को मिलते हैं। कभी बल्लेबाज एक छोर से दूसरे छोर तक नहीं पहुंच पाते, तो कभी दोनों बल्लेबाज एक ही छोर पर आ जाते हैं। लेकिन इस बार क्रिकेट के मैदान में पानी पीने के चक्कर में एक बल्लेबाज रन आउट हो गया। ये बल्लेबाज कोई और नहीं बल्कि टेस्ट टीम इंडिया के अक्सर हिस्सा रहने वाले अभिमन्यु ईश्वरन हैं। रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान उनके साथ ऐसा धोखा हुआ कि वह ड्रिंक्स यानी पानी पीने के चक्कर में रन आउट होकर पवेलियन लौट गए, जिससे सभी हैरान रह गए। दरअसल, रणजी ट्रॉफी के जारी सीजन में बंगाल और सर्विसेस के बीच मुकाबला चल रहा था। इस मैच में अभिमन्यु ईश्वरन 81 रन बनाकर सेट नजर आ रहे थे। तभी पारी के 41वें ओवर में आदित्य कुमार की फुल लेंथ गेंद पर सुदीप ने गेंदबाज की तरफ शॉट खेला। नॉन-स्ट्राइक एंड पर खड़े अभिमन्यु ईश्वरन को लगा कि ओवर समाप्त हो गया है, और अंपायर ने ओवर समाप्त का इशारा कर दिया है।

# बांग्लादेश की अपील पर सुनवाई डीआरसी के अधिकार क्षेत्र में नहीं

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी की विवाद समाधान समिति (डीआरसी) को पत्र लिखकर राष्ट्रीय पुरुष टीम के टी20 विश्व कप मुकाबले भारत में कराने के संचालन परिषद के फैसले को पलटने की मांग की है, लेकिन यह अपील सुनी नहीं जाएगी क्योंकि यह मामला उप-समिति के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भले ही स्कॉटलैंड को 'स्टैंडबाय' पर रखा हो, लेकिन पूरी तरह घिर जाने के बाद अमीनुल इस्लाम बुलबुल के नेतृत्व वाला बीसीबी आखिरी विकल्प के तौर पर आईसीसी की डीआरसी के पास पहुंचा। इस समिति के अध्यक्ष इंग्लैंड के माइकल बेलॉफ (किंग्स काउंसिल) हैं। बीसीबी के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, "हां, बीसीबी ने डीआरसी का रुख किया है क्योंकि वह अपने सभी विकल्प आजमाना चाहता है। अगर डीआरसी बीसीबी के खिलाफ फैसला देती है तो फिर एकमात्र मंच स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट (सीएएस) ही बचेगा।" इससे पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और खेल मंत्रालय के सलाहकार व भारत विरोधी रुख के लिए जाने जाने वाले आसिफ नजरुल ने घोषणा की थी कि "सुरक्षा कारणों" से बांग्लादेश की टीम भारत यात्रा नहीं करेगी। यह बयान उस समय आया था जब अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के निर्देश पर कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से हटा दिया गया था। डीआरसी के 'कार्यक्षेत्र और अधिकार' को देखा जाए तो यह साफ हो जाता है कि उसके पास आईसीसी निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) के किसी फैसले के खिलाफ अपील सुनने का कोई अधिकार नहीं है।

■ भारत में मैच करवाने का फैसला पलटने की मांग

### डीआरसी के पास जा सकता है बांग्लादेश

आईसीसी निदेशक मंडल ने स्वतंत्र सुरक्षा आकलन के बाद 14-2 के भारी बहुमत से बांग्लादेश के मैच भारत में ही कराने के पक्ष में मतदान किया था। उस आकलन में सुरक्षा खतरे को "कम से मध्यम" बताया गया था। इसके बावजूद नजरुल का कहना था कि यह फैसला बीसीबी नहीं, बल्कि सरकार को लेना है। डीआरसी के 'कार्यक्षेत्र और अधिकार' के अनुच्छेद 1.3 के अनुसार, "समिति आईसीसी या उसके तहत गठित किसी भी निर्णय लेने वाली संस्था के फैसलों के खिलाफ अपीलीय निकाय के रूप में कार्य नहीं करेगी।" आईसीसी बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, "बांग्लादेश डीआरसी के पास जा सकता है लेकिन नियमों को देखें तो यह मामला सुना ही नहीं जा सकता क्योंकि समिति को निदेशक मंडल के फैसले के खिलाफ अपील सुनने का अधिकार नहीं है।" यह भी समझा जा रहा है कि आईसीसी अध्यक्ष जय शाह नामीबिया (अंडर-19 विश्व कप) से दुबई लौट आये हैं और बांग्लादेश के संभावित विकल्प को लेकर औपचारिक फैसला शनिवार तक घोषित कर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार आईसीसी बोर्ड के सदस्य अमीनुल इस्लाम बुलबुल से काफी नाराज हैं। इस नाराजगी की वजह आईसीसी को औपचारिक रूप से जानकारी देने से पहले बांग्लादेश सरकार की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी गई।

# न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम में शामिल हुए जैमीसन, मिल्ने बाहर

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च



न्यूजीलैंड ने एडम मिल्ने के चोटिल होने के कारण उनकी जगह तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को अपनी टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया है। मिल्ने बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण इस अहम टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मिल्ने को यह चोट पिछले रविवार को एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप और एमआई केप टाउन के बीच मैच के दौरान लगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि स्कैन में इस चोट की गंभीरता सामने आई। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'जैमीसन इस समय भारत दौरे पर टीम की सफेद गेंद की टीम के साथ हैं। उन्हें टी20 विश्व कप की टीम में जोड़ा गया है जबकि पहले उन्हें भारत और श्रीलंका में फरवरी-मार्च में होने वाले टूर्नामेंट के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया था।

### जैमीसन करेंगे अच्छा प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि मिल्ने भारत दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे क्योंकि वह टी20 विश्व कप के लिए तैयारी में जुटे थे। उन्होंने कहा, 'हम सभी को एडम के लिए बहुत दुख हो रहा है। उन्होंने टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार करने में कड़ी मेहनत की थी और ईस्टर्न केप सनराइजर्स के लिए अपने आठ मैच में वह अपनी पुरानी लय में लौटते हुए दिख रहे थे। 'वॉल्टर को उम्मीद है कि जैमीसन टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जिन्होंने भारत दौरे पर न्यूजीलैंड के कम अनुभवी तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है।

# डब्ल्यूपीएल : दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला अजेय आरसीबी से आज

एजेंसी ▶▶| वडोदरा



दिल्ली कैपिटल्स को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए शनिवार को शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर वापसी के संकेत दिए थे और वह चार अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई।

हालांकि इस चरण में अब तक अजेय रही आरसीबी को हराने के लिए दिल्ली को अपने खेल का स्तर और ऊंचा करना होगा। अब तक दिल्ली की बल्लेबाजी की अगुआई अनुभवी लिजेल ली (213 रन) ने की है जबकि लॉरा वोलवार्ट (123 रन) और शेफाली वर्मा (149 रन) ने बीच-बीच में उनका सहयोग किया है। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स की फॉर्म चिंता का विषय रही है।मुंबई के खिलाफ जीत में रोड्रिग्स ने नाबाद अर्धशतक लगाकर कुछ हद तक चिंताओं को दूर किया था और आरसीबी के खिलाफ भी उनसे एक और मजबूत पारी की उम्मीद होगी।

### टाटा स्टील मास्टर्सः गुकेश ने पांचवें दौर में गुयेन को हराया

# छठे दौर में गुकेश की अग्निपरीक्षा, अब्दुसत्तोरोव से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी

पिछले मुकाबले में जीत से आत्मविश्वास हासिल करने वाले भारत के युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में उज्बेकिस्तान के अनुभवी और संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से भिड़ेंगे।

गुकेश ने पांचवें दौर में काले मोहरों से चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराया था। उन्हें लगातार दूसरे मुकाबले में काले मोहरों से खेलना होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहरों का रंग उनके प्रदर्शन पर असर डालता नहीं दिख रहा है। गुकेश टूर्नामेंट की शुरुआत में कुछ मौकों पर अच्छी स्थिति का पूरा फायदा नहीं उठा सके। शुरुआती दौर में जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ बेहतर स्थिति होने के बावजूद जीत दर्ज करने में नाकाम रहे गुकेश ने इसके बाद जॉर्डन वैन फॉरेस्ट के खिलाफ पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की। चार ड्रॉ और एक जीत के साथ तीन अंक लेकर गुकेश फिलहाल संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर चल रहे अब्दुसत्तोरोव, सिंदारोव और अमेरिका के हंस नीमन से केवल आधा अंक पीछे हैं।

### केवल 1.5 अंक ही जुटा पाए

गत चैंपियन आर प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। वह केवल 1.5 अंक ही जुटा पाए हैं। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का टिकट पक्का करने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी के लिए जल्द लय पकड़ना बेहद जरूरी है, वरना टूर्नामेंट में आगे बढ़ना मुश्किल हो सकता है। अगले मुकाबले में उनका सामना फेडोसेएव से होगा।अरविंद चिदंबरम भी 1.5 अंकों के साथ प्रज्ञानानंदा के बराबर हैं और आने वाले दौर में बेहतर खेल दिखाने की कोशिश करेंगे।



### टाटा स्टील मास्टर्स का 88वां सत्र

टाटा स्टील मास्टर्स का यह 88वां सत्र है। इसमें 14 खिलाड़ियों के बीच 13 दौर की राउंड-रॉबिन प्रणाली में होने वाला यह टूर्नामेंट शतरंज की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में गिना जाता है। भारत के दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद इसे पांच बार जीत चुके हैं।

### अर्जुन सातवें स्थान पर खिसके

अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरिगैसी ने टूर्नामेंट की शुरुआत जीत से की थी और उसके बाद तीन ड्रॉ खेले। हालांकि, स्लोवेनिया का प्रतिनिधित्व कर रहे रूस के व्लादिमीर फेडोसेएव के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा। यह हार इसलिए भी चौंकाने वाली रही क्योंकि मुश्किल स्थितियों में खेलना अर्जुन की सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। वह पिछली बाजी में हार के बाद 2.5 अंकों के साथ अर्जुन संयुक्त सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। उनके पास छठे दौर में जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के खिलाफ वापसी करने का अच्छा मौका होगा।




12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

Dr. Juneja's EYE Mantra®
Ayurvedic Eye Relief Drops

• Eye Strain • Eye Dryness • Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

जम्मू और कश्मीर के पूंछ में 6 साल बाद तेज बर्फबारी हुई है और इससे स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है। श्रीनगर, पहलगाम, बारामूला, रियासी, गुलमर्ग और पूंछ में सुबह से ही लगातार बर्फबारी हो रही है। पर्यटकों को बर्फबारी का मजा लेते हुए भी देखा गया

### कड़कड़ाती सर्दी के बीच मौसम ने ली करवट

# उत्तर भारत के कई इलाकों में भारी बर्फबारी, पर्यटकों के चेहरे खिले

एजेंसी ⏭ श्रीनगर/ शिमला

कड़कड़ाती सर्दी के बीच उत्तर भारत में मौसम ने करवट ले ली है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में बदले मौसम का प्रभाव देखने को मिल रहा है। जम्मू और कश्मीर के कई इलाकों में सुबह से ही भारी बर्फबारी देखने को मिल रही है।

जम्मू और कश्मीर के पूंछ में 6 साल बाद तेज बर्फबारी हुई है और इससे स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है। श्रीनगर, पहलगाम, बारामूला, रियासी, गुलमर्ग और पूंछ में सुबह से ही लगातार बर्फबारी हो रही है। पर्यटकों को बर्फबारी का मजा लेते हुए भी देखा गया।

- श्रीनगर में फ्लाइट ऑपरेशंस बुरी तरह प्रभावित
- भारत-तिब्बत रोड का एक बड़ा हिस्सा बाधित


जम्मू में घरों पर जमी बर्फ

### श्रीनगर में हवाई सेवाएं बाधित

*खराब मौसम के चलते श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फ्लाइट ऑपरेशंस बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। खराब दृश्यता और रनवे पर जमी बर्फ के कारण न तो उड़ानों की लैंडिंग हो सकी और न ही टेकऑफ। एयरलाइंस ने यात्रियों को उड़ानों में देरी और रद्द होने की चेतावनी दी है और यात्रियों से अपनी-अपनी एयरलाइंस से संपर्क में रहने की अपील की गई है।*

### सैलानियों से गुलजार हुए हिल स्टेशन


शिमला में बर्फबारी से यातायात प्रभावित

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और मनाली में शुक्रवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई। इससे सड़कें और पहाड़ पूरी तरह से सफेद हो गए। बर्फ से ढके नजारों का मजा लेने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक भी पहुंचे हैं। लाहौल-स्पीति, चंबा, कुल्लू, किन्नौर, सिरमौर, मंडी और शिमला जिलों के ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हो रही है। शिमला के पास कुफरी और नारकंडा जैसी जगहों पर भी बर्फबारी हो रही है। कांगड़ा घाटी की शानदार धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं पर बर्फ की ताजी चादर बिछ गई है। शिमला से 10 किमी दूर ढल्ली से आगे ट्रैफिक रोक दिया गया, क्योंकि भारत-तिब्बत रोड का एक बड़ा हिस्सा बर्फ की मोटी चादर से ढका हुआ था। भारी बर्फबारी के कारण पूरा किन्नौर जिला और शिमला जिले के नारकंडा, जुब्बल, कोटखाई, कुमारसैन, खड़ापत्थर, रोहड़ू और चौपाल जैसे शहर कट गए हैं।


मसूरी के घर और पेड़ बर्फ में लिपटे

### मसूरी से लेकर ऊंचे इलाकों तक बर्फ की सौगात

उत्तराखंड के मसूरी समेत कई ऊंचाई वाले इलाकों में सीजन की पहली बर्फबारी देखने को मिली। हल्की बारिश के बाद जैसे ही तापमान गिरा, मसूरी की पहाड़ियां, सड़कें और देवदार के पेड़ बर्फ की सफेद चादर में लिपट गए। मसूरी, धनोल्टी, चकराता, औली, गंगोत्री टिहरी और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी होती रही।

## खबर संक्षेप

### अमेजन ने पेश किया हेल्थ एआई असिस्टेंट



**नई दिल्ली।** अमेजन ने अपने 'वन मेडिकल' सदस्यों के लिए एक क्रांतिकारी हेल्थ एआई असिस्टेंट पेश किया है। यह टूल न केवल आपके मेडिकल रिकॉर्ड के आधार पर सलाह देगा, बल्कि अपॉइंटमेंट बुक करने और दवाएं मैनेज करने में भी मदद करेगा। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में यह एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। यह कोई साधारण चैटबॉट नहीं है। अमेजन की बेडरॉक सर्विस की एडवांस तकनीक का इस्तेमाल करता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह आपकी पिछली बीमारियों,

### मस्क बोले - मनुष्यों से बुद्धिमान हो जाएगा एआई



**दावोस।** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में एलन मस्क ने एआई के भविष्य को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ती कंप्यूटिंग पावर के कारण आने वाले 5 वर्षों में एआई इंसानों की सामूहिक बुद्धिमत्ता यानी पूरी मानव जाति के ज्ञान से भी आगे निकल सकती है। मस्क के मुताबिक, इस साल के अंत या अगले साल तक ऐसा एआई आ सकता है जो किसी एक इंसान से ज्यादा समझदार हो। सुपर-ह्यूमन इंटेलिजेंस की दिशा में बदलाव इसी दशक में बहुत तेज रफ्तार से होगा। कंप्यूटिंग ताकत बहुत तेजी से बढ़ रही है और एआई आधारित सिस्टम धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था में शामिल हो रहे हैं।

### थाइलैंड जा रहे प्लेन की चीन में इमरजेंसी लैंडिंग



**बीजिंग।** शुक्रवार को को अजुर एयरलाइंस की फ्लाइट जेडएफ-2998 थाईलैंड के फुकेट से रूस के बरनौल जा रही थी। तभी पायलट को हवा में तकनीकी खराबी का सिग्नल मिला, जिसके बाद चीन के लांझोऊ एयरपोर्ट पर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट में 238 यात्री सवार हैं। एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया कि फ्लाइट की लैंडिंग सुरक्षित तरीके से हो गई। प्लेन में सवाल 238 सभी सवार यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित है। प्लेन में तकनीकी खराबी की जांच की जा रही है।

### एक साल के नोटिस के बाद फैसला

# अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ छोड़ा, 2380 करोड़ का बकाया देने से किया मना


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्की

अमेरिका ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से हटने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। संघीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक स्वास्थ्य निकाय के प्रति वाशिंगटन की 78 साल पूरी प्रतिबद्धता खत्म किए जाने का नोटिस देने के लगभग एक साल बाद सामने आया है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका आज आधिकारिक तौर पर डब्ल्यूएचओ से बाहर हो गया। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि हमारी डब्ल्यूएचओ में दोबारा शामिल होने की कोई योजना नहीं है। अमेरिका अब देशों के साथ सीधे संपर्क करके रोग निगरानी और दूसरे प्राथमिकताओं पर काम करेगा। वहीं, डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, अमेरिका ने 2024 और 2025 के लिए अपने किसी भी बकाया का भुगतान नहीं किया है, जिसके परिणामस्वरूप 13.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 2380 करोड़) से अधिक का बकाया रह गया है।

### 66 संगठनों से बाहर निकलेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को आधिकारिक रूप से बाहर निकालने की घोषणा की है। इसमें 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं शामिल हैं। व्हाइट हाउस और स्टेट डिपार्टमेंट के अनुसार ये संगठन अमेरिकी हितों के खिलाफ हैं। इनमें पैसों की बर्बादी होती है। इसके अलावा ये गैरजरूरी या खराब तरीके से चलाए जा रहे हैं। इस कदम को ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का हिस्सा बताया जा रहा है, जो वैश्विक संस्थाओं से दूरी बनाने पर जोर देती है। अमेरिका भारत की पहल से बने संगठन इंटरनेशनल सोलर अलायंस (आईएसए) को भी छोड़ रहा है।

### बीमारी से जूझ रहे ट्रंप




राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के हाथों पर चोट के निशान महीनों से चर्चा का विषय बने हुए हैं। 22 जनवरी को अपने नए 'बोर्ड ऑफ पीस' के साइनिंग सेरेमनी में राष्ट्रपति की बाईं हथेली पर एक बड़ा चोट का निशान दिखा। ये निशान चर्चा की विषय इसलिए बना क्योंकि पहले यह चोट उनके दाहिने हाथ पर देखी गई थी। व्हाइट हाउस प्रवक्ता लेविट ने कहा कि दावोस में बोर्ड ऑफ पीस इवेंट में, प्रेसिडेंट ट्रंप का हाथ साइनिंग टेबल के कोने से टकरा गया।

### ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने यूरोपीय संसद को दी जानकारी

# यूरोपीय यूनियन ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते को दी मंजूरी, अगले हफ्ते दिल्ली में होगी बड़ी डील


ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास

*कलास ने कहा कि यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी। इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), सैन्य और सुरक्षा समझौता, साइबर सुरक्षा, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है*

- एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी
- ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे

एजेंसी ⏭ ब्रुसेल्स

यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते (सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट) को मंजूरी दे दी है। अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में इस पर हस्ताक्षर होंगे। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने यूरोपीय संसद में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी।

इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), डिफेंस एंड सिक्योरिटी डील, साइबर सिक्योरिटी, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है। बता दें, यूरोपियन परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भारत आ रहे हैं। वे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

### समुद्री सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी में सहयोग बढ़ेगा

कलास ने बताया कि भारत और ईयू के बीच सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा। कलास ने कहा कि यूरोप भारत के साथ एक नए और मजबूत एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत, यूरोप की आर्थिक मजबूती के लिए बहुत जरूरी होता जा रहा है। भारत आ रहे ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे। इनमें काजा कलास, ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविक और कई निदेशक रहेंगे।

### भारत-ईयू में व्यापार समझौता भी संभव

भारत और ईयू के बीच 27 जनवरी को एफटीए पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। इसके लिए दोनों देश कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे। पहले यूरोपीय संसद को हां करनी होगी। यूरोपीय परिषद की मंजूरी के बाद ट्रेड कमिश्नर सेफकोविक इसे भारत के सामने हस्ताक्षर के लिए पेश करेंगे। समिट के दौरान भारत और ईयू 2030 तक के लिए एक राजनीतिक एजेंडा भी पेश करेंगे।

### ईयू-भारत का साथ आना फायदेमंद

कलास ने कहा कि अस्थिर दुनिया में मिलकर काम करना दोनों के लिए फायदेमंद होगा। एफटीए से बाजार खुलेगा, जिससे देशों के सामान पर टैक्स और रुकावटें कम होंगी। इसकी वजह से ज्यादा कंपनियां और व्यापारी एक-दूसरे के देश में सामान बेच और खरीद सकते हैं। जिससे निर्यात भी बढ़ेगा। इसके अलावा तकनीक, दवा और सेमीकंडक्टर के सहयोग में भी मदद होगी। नौकरी और पेशेवरों की आवाजाही इस नए एजेंडे का तीसरा हिस्सा है।

### ईयू, भारत का बड़ा बिजनेस पार्टनर

*ईयू विदेश नीति प्रमुख ने कहा कि ईयू भारत का बड़ा बिजनेस पार्टनर है। 2023–24 में भारत और यूरोप के बीच व्यापार 135 बिलियन डॉलर का रहा था। अगर एफटीए पर सहमति बनती है, तो दोनों देशों के व्यापार को बढ़ेगा। दोनों पक्ष बातचीत पूरी होने की घोषणा करने वाले हैं। इसे भारत का अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता माना जा रहा है। ईयू के लिए भारत इसलिए भी जरुरी है, क्योंकि वह चीन पर निर्भरता कम करना चाहता है। भारत जैसे भरोसेमंद देशों से मजबूत रिश्ते बनाना चाहता है। भारत के लिए ईयू तक नजदीकी पहुंच से निर्यात बढ़ाने और निर्माण क्षेत्र को बढ़ाने में मदद मिलेगी।*

### कामगारों को भी मिलेगा फायदा

कलास ने कहा कि दोनों देश सीजनल वर्कर्स, छात्रों, शोधकर्ताओं और कुशल कामगार की आवाजाही आसान करने के लिए भी समझौता करेंगे। इससे तकनीक और अनुसंधान में सहयोग बढ़ेगा। दोनों देश अभी कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म जैसे विवादित मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए बात कर रहे हैं। इसके लिए बैठक में समाधान निकाला जाएगा।

### एडमिरल त्रिपाठी बोले- भारत का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से, हमारा काम उन्हें सुरक्षित रखना

एजेंसी ⏭ रांची

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने 'विकसित भारत 2047' की तुलना एक समुद्री यात्रा से करते हुए शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत समेत दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं व्यापार और विकास के लिए महासागरों पर काफी हद तक निर्भर हैं। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि दुनिया का 90 प्रतिशत निर्यात-आयात व्यापार समुद्र के रास्ते होता है और भारत का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से होता है जिससे विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक प्राप्त करने के लिए महासागर प्राथमिक माध्यम बन जाते हैं। उन्होंने 'सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड' (सीसीएल) के दरभंगा हाउस सम्मेलन कक्ष में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम भौगोलिक रूप से भाग्यशाली हैं कि हमारा देश तीन तरफ से महासागरों से घिरा है और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन्हें हर प्रकार की बाधा से मुक्त रखें। समुद्री मार्गों में छोटा-सा व्यवधान भी बड़ा असर डाल सकता है।भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली शक्ति है और आज दुनिया इसे इसी रूप में पहचान रही है। नीली अर्थव्यवस्था का हमारी अर्थव्यवस्था में योगदान अभी सिर्फ 4% है जो बहुत कम है और विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप इसे दहाई अंकों तक बढ़ाया जाना चाहिए। हमारी ऊर्जा जरूरतों का 88% समुद्र के रास्ते आता है और यदि कच्चे तेल की कीमत प्रति मीट्रिक टन एक अमेरिकी डॉलर बढ़ती है तो भारत को अतिरिक्त 10000 करोड़ देना होता है।




## 10 बलिदानी जवानों को नम आंखों से दी विदाई



*डोडो। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को भद्रवाह-चंबा मार्ग पर सेना का वाहन गहरी खाई में गिरने से 10 जवान बलिदान हो गए और 11 घायल हो गए। उनके सम्मान में सेना और प्रशासन ने टेक्निकल एयरपोर्ट पर शुक्रवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। व्हाइट नाइट कॉर्प्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पीके मिश्रा सहित थल सेना, वायु सेना, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, पुलिस और नागरिक प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की ओर से भी बलिदान जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टुटी और जम्मू के सीआरपीएफ के आईजी आर. गोपाल कृष्ण राव ने तिरंगे में लिपटे जवानों के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की।*

### सीरियाई सेना की बड़ी कार्रवाई

## आईएसआईएस आतंकियों को रखे जाने वाली जेल पर किया 'कब्जा'

एजेंसी ⏭ रक्का (सीरिया)


सीरियाई सेना

सीरिया की सेना ने शुक्रवार को देश के उत्तरी हिस्से में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के सदस्यों को रखने वाली एक जेल पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। सीरियाई सेना ने इस हिस्से पर अपने कब्जे का ऐलान तब किया, जब कुर्द लड़ाके इस इलाके को छोड़कर चले गए। सीरिया के आंतरिक मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अब सरकार की जेल प्राधिकरण अल-अक्तान जेल (रक्का शहर के उत्तर में स्थित) की जिम्मेदारी संभाल रही है, और बंदियों के फाइलों की समीक्षा की जा रही है। अल-अक्तान जेल दूसरी जेल है जिस पर सरकार का नियंत्रण आया है। इससे पहले सोमवार को इराक सीमा के पास शद्दादेह जेल में सैनिकों के प्रवेश के दौरान अराजकता में 120 आईएस बंदी भाग निकले थे। उनमें से अधिकांश को दोबारा पकड़ लिया गया है। अल-अक्तान जेल में प्रवेश दो दिन बाद हुआ है।

### गोवा नाइटक्लब अग्निकांड

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, लूथरा बंधुओं के 9 ठिकानों पर छापे, तलाशी जारी

एजेंसी ⏭ गोवा



गोवा में बर्च बाय नाइटक्लब

प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को गोवा, दिल्ली और हरियाणा में छापेमारी की। यह कार्रवाई गोवा के एक नाइटक्लब के मालिकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करने के बाद की गई है। ईडी ने करीब आठ से नौ ठिकानों पर तलाशी ली है। इनमें भाई सौरभ और गौरव लूथरा और सह-मालिक अजय गुप्ता के दिल्ली के किंग्सवे कैंप स्थित दफ्तरों और रिहाइशी जगहों के साथ-साथ गुरुग्राम (हरियाणा) के तत्वम विला भी शामिल हैं। इसके अलावा गोवा में सरपंच रोशन रेडकर और पंचायत सचिव रघुवीर बागकर के ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। ईडी अधिकारियों के अनुसार, रेडकर और बागकर पर क्लब के लिए अवैध व्यापार लाइसेंस और एनओसी जारी करने में मदद करने का आरोप है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109